3 राजधानी
अवैध शराब से भरा ट्रक बरामद

6 प्रादेशिकी
हादसों में सात की जान गई

10 विदेश
पोप फ्रांसिस ने 21 नए कार्डिनल बनाए

11 राष्ट्रीय
तारा शाहदेव धर्मांतरण मामले में तीन दोषी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 323
नई दिल्ली, रविवार, 1 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



यह मेरा अंतिम विश्व कप हो सकता है
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# स्कॉटलैंड में भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारा जाने से रोका

- खालिस्तान समर्थक उपद्रवियों उन्हें वापस भेजा, भारत ने घटना को लेकर ब्रिटेन से नाराजगी जताई
- हाई कमिश्नर विक्रम दोरईस्वामी दो दिवसीय यात्रा पर गए थे, घटना यात्रा के अंतिम दिन हुई

**एजेंसी।** लंदन/नई दिल्ली



खालिस्तान समर्थक उपद्रवियों ने भारतीय उच्चायुक्त को ग्लासगो में गुरुद्वारे में प्रवेश नहीं करने दिया।

**ब्रिटेन** में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया। दोरईस्वामी इस सप्ताह स्कॉटलैंड के दौरे पर थे। वहीं भारत ने ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय से इस घटना को लेकर नाराजगी जताई है।

अल्बर्ट ड्राइव स्थित ग्लासगो गुरुद्वारा गुरु ग्रंथ साहिब की एक योजनाबद्ध यात्रा के दौरान, सिख यूथ यूके के सदस्यों ने उच्चायुक्त की कार के पास आकर उन्हें वहां से जाने को कहा। सदस्यों ने गुरुद्वारे के अधिकारियों के साथ विवाद से संबंधित वीडियो पोस्ट किए। स्थानीय पुलिस ने कहा कि उसे गड़बड़ी के उपरांत बुलाया गया था और मामले में पूछताछ जारी है। स्कॉटलैंड पुलिस प्रवक्ता ने कहा, हमें शुक्रवार, 29 सितंबर को अपराह्न लगभग 1.05 बजे ग्लासगो के अल्बर्ट ड्राइव क्षेत्र में हुई गड़बड़ी की रिपोर्ट पर बुलाया गया था। किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है और पूरी स्थिति स्थापित करने के लिए पूछताछ जारी है। ग्लासगो में उत्पन्न विवाद के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एक सिख व्यक्ति को यह कहते हुए सुना जा सकता है, हमें किसी भी भारतीय राजदूत, आधिकारिक क्षमता में आए भारत सरकार के किसी भी व्यक्ति का स्वागत इसी तरह करना चाहिए।

यह घटना उच्चायुक्त की स्कॉटलैंड की दो-दिवसीय यात्रा के अंत में हुई। स्कॉटलैंड की यात्रा के दौरान स्थानीय नेताओं, प्रवासी प्रतिनिधियों, व्यापार प्रमुखों और विश्वविद्यालय समूहों के साथ बैठकों और चर्चाओं की एक शृंखला शामिल थी। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के मुताबिक, यह बैठक गुरुद्वारा समिति के आग्रह पर आयोजित की गई थी। समिति ने दूतावास और अन्य मामलों से संबंधित चिंताओं के निपटारे के लिए बैठक बुलाई थी। सूत्रों ने बताया कि कुछ बाहरी लोगों और कट्टरपंथी तत्वों के अनावश्यक विवाद ने शहर के अधिकांश शांतिप्रिय सिखों की बातचीत और सामुदायिक सहभागिता की योजना बाधित कर दी। स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री हमजा यूसुफ के साथ उनकी मुलाकात के दौरान भारत में आतंकवाद के आरोप में हिरासत में ब्रिटिश सिख जगतार सिंह जोहल का मुद्दा भी उठाया गया। भारतीय उच्चायोग ने बैठक के संदर्भ में ट्वीट किया, एफएम (प्रथम मंत्री हमजा) यूसुफ द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दों का जवाब देते हुए, उच्चायुक्त ने जोर देकर कहा कि आठ गंभीर आरोपों का सामना कर रहे जोहल के मामले में कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किया गया है। एफएम ने उच्चायुक्त के इस स्पष्ट संदेश की भी सराहना की कि भारत के बहुलवादी और स्वतंत्र लोकतंत्र में सभी समुदायों के अधिकारों की ( शेष पेज 9 )

## राजनयिकों को धमकी देना स्वीकार्य नहीं: जयशंकर

- कहा-भारत-कनाडा सरकार को एक-दूसरे से बात करनी होगी और देखना होगा कि मतभेदों को कैसे हल किया जाए

**एजेंसी।** वाशिंगटन



वाशिंगटन में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन।

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा की सरकार को एक-दूसरे से बात करनी होगी और यह देखना होगा कि वे खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की मौत हो लेकर अपने मतभेदों को कैसे हल करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद, चरमपंथ और चुनावी हस्तक्षेप को अनुमति देने के सबसे बड़े मसले को हल करना होगा। जयशंकर ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर राजनयिकों को धमकी देना स्वीकार्य नहीं है। वाशिंगटन में शुक्रवार को भारतीय पत्रकारों के साथ बातचीत में जयशंकर ने कहा कि भारत ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों के संबंध में सूचना पर विचार करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, मामला यह है कि कनाडा ने कुछ आरोप लगाए हैं। हमने उन्हें बताया है कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है, लेकिन अगर वे कोई विशिष्ट सूचना तथा कुछ भी प्रासंगिक जानकारी हमारे साथ साझा करने के लिए तैयार हैं, तो हम भी उस पर विचार करने के लिए तैयार हैं।

इसलिए पूरा मामला यह है। जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भारत के कनाडा और उसकी सरकार के साथ कुछ मतभेद चल रहे हैं और समस्या आतंकवाद, चरमपंथ तथा चुनावों में हस्तक्षेप के संबंध में अनुमति देने के इर्दगिर्द केंद्रित है। उन्होंने कहा कि यह अनुमति इस बात से भी पता चलती है कि प्रत्यर्पण के कुछ महत्वपूर्ण अनुरोधों पर उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया, जबकि कुछ ऐसे लोग तथा संगठन हैं, जो भारत में साफ तौर पर हिंसा और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हैं और उन्होंने खुद भी यह बात मानी है। मेरा मतलब है कि यह कोई छिपी बात नहीं है और वे कनाडा में अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि एक समस्या यह भी है कि कोई घटना अलग नहीं होती। उन्होंने कहा, वहां कई समस्याएं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि किसी एक घटना के मामले में संबंधित सरकारों को एक-दूसरे से बात करनी होगी और यह देखना होगा कि वे इसे किस प्रकार हल करते हैं। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने भारत और कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक विवाद के बारे में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से चर्चा की। उन्होंने कहा, सबसे जरूरी बात यह है कि कनाडा में हमारे राजनयिक मिशन और ( शेष पेज 9 )

# स्क्वाश में पाक को पीट आठ साल बाद भारत ने जीता टीम गोल्ड

## एशियाई खेलों में सफलता: बोपन्ना और भोसले ने टेनिस में मिश्रत युगल में स्वर्ण पदक जीता

- कार्तिक कुमार और गुलवीर सिंह ने 10,000 मी. की रेस में रजत और कांस्य हासिल किया
- 10 मी. एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत, दिव्या ने रजत पदक जीता
- अयहिका और दिव्या ने विश्व चैंपियन चीन को चौंका कर टेटे के महिला युगल के फाइनल में प्रवेश किया

**भाषा।** हांगझोउ





स्वर्ण पदक के साथ टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले तथा पाकिस्तान को हराने वाली भारतीय स्क्वाश टीम के सदस्य अभय सिंह, सौरव घोषाल, महेश मंगावंकर और हरेंद्र पाल सिंह संधू

**भारत** ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों दम दिखाते हुए पदकों की संख्या 38 कर लिया। अब भारत के खाते में 10 स्वर्ण जबकि 14 रजत व 14 कांस्य पदक हो गए। एशियाई खेलों में शनिवार को भारत ने दो स्वर्ण, 2 रजत व एक कांसा जीता। रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने टेनिस मिश्रित युगल में स्वर्ण, अभय सिंह, सौरव घोषाल, महेश मंगावंकर और हरेंद्र पाल सिंह संधू स्क्वाश पुरुष की टीम ने स्वर्ण जबकि सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने रजत जीता। वहीं कार्तिक कुमार 10,000 मीटर रेस स्पर्धा में रजत जबकि गुलवीर सिंह 10,000 मीटर रेस स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारत टेनिस व स्क्वाश में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 10-2 रौंदा। अभय सिंह ने उतार चढ़ाव भरे मैच में गजब का संयम दिखाते हुए नूर जमां को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी फतह हासिल की जिससे शीर्ष वरीय भारत ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष टीम स्क्वाश स्पर्धा में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। टूर्नामेंट शुरु होने से पहले भारतीय पुरुष टीम के आठ साल बाद शीर्ष स्थान पर रहने की उम्मीद थी जिसमें उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती मलेशिया और पाकिस्तान की थी।

सौरव घोषाल की अगुआई वाली टीम इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से निपटकर सोना हासिल करने में सफल रही। पाकिस्तान के खिलाफ भारत को लीग चरण में इस चिर प्रतिद्वंद्वी से हार मिली थी। जमां (113 रैंकिंग) ने लीग चरण के मैच में दुनिया के 69वें नंबर के खिलाड़ी अभय को हराया था और शनिवार को भी मैच में ज्यादातर हिस्से में यह पाकिस्तानी खिलाड़ी मुकाबले में भारी दिख रहा था। वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और रूतुजा भोसले ने पहला सेट हारने ( शेष पेज 9 )

### हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की

**हांगझोउ।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चार गोल किए जिससे भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के पूल ए के एकतरफा मैच में शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 10-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। पाकिस्तान के खिलाफ गोल अंतर के हिसाब से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। हरमनप्रीत ने 11वें, 17वें, 33वें और 34वें मिनट में गोल किए जबकि वरुण कुमार (41वें और 54वें) ने दो गोल किए। मनदीप सिंह (आठवें), सुमित (30वें), शमशेर सिंह (46वें) और अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे ललित कुमार उपाध्याय (49वें)गोल करने वाले अन्य खिलाड़ी रहे। ( विस्तृत पेज 12 )

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने 25 करोड़ की जिंदगी बदली: मोदी




नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के लिए सप्ताह भर चलने वाले संकल्प शपथ की शुरुआत करने के दौरान विचार व्यक्त करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कहा-आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की सफलता की समीक्षा करने के लिए अगले साल वापस आऊंगा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 112 जिलों में बदलाव लाने वाला आकांक्षी जिला कार्यक्रम आकांक्षी ब्लॉक के उत्थान के कार्यक्रम का आधार बनेगा और वह इसकी सफलता की समीक्षा करने के लिए अगले साल वापस आएंगे। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के क्रियान्वयन से जुड़े संकल्प सप्ताह की शुरुआत के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों की जिंदगी बदल दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आकांक्षी जिले अब प्रेरणादायक जिले बन गए हैं। मोदी ने कहा, इसी तरह अगले एक साल में 500 आकांक्षी ब्लॉक में से कम से कम 100 प्रेरणादायक ब्लॉक बन जाएंगे। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों से 100 ब्लॉक का चयन करने और विभिन्न मानकों पर उन्हें राष्ट्रीय औसत से ऊपर लाने का अनुरोध किया। मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा, मुझे विश्वास है कि 2024 में हम अक्टूबर-नवंबर में दोबारा मिलेंगे... और कार्यक्रम की सफलता का मूल्यांकन करेंगे। मैं अगले साल अक्टूबर-नवंबर में आपसे फिर बात करूंगा। इस कार्यक्रम में देश के हर हिस्से से करीब 3,000 पंचायत और प्रखंड (ब्लॉक) के जन प्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के अलावा सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। ऐसा बताया गया है कि ब्लॉक और पंचायत स्तर के पदाधिकारियों, किसानों और स्थानीय लोगों समेत करीब दो लाख लोग इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वतंत्र भारत के शीर्ष 10 कार्यक्रमों की किसी भी सूची में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोदी ने कहा कि एक महीने पहले विश्व नेताओं की मेजबानी करने वाला और वैश्विक मामलों पर चर्चा का गवाह बनने वाला यह आयोजन स्थल अब देश के दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी से जमीनी स्तर के मुद्दों पर चर्चा के वास्ते आयोजित कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।

प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र ने 9-10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। मोदी ने जमीनी स्तर पर विकास के लिए संसाधनों के अधिकतम उपयोग और जन भागीदारी की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, बहुत कम लोगों को इतने लंबे वक्त तक सरकार चलाने का मौका मिलता है, जैसा कि मुझे मिला है। और मैं अनुभव से यह कहता हूं कि केवल बजट से बदलाव नहीं आता, ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकवादी ढेर किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह जानकारी पुलिस ने दी। घुसपैठ की कोशिश उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर के कुमकाडी इलाके में हुई। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि कुपवाड़ा पुलिस को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास कुमकाडी इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त टीम की नजर आतंकियों की गतिविधियों पर पड़ी। संयुक्त टीम ने सावधानीपूर्वक रणनीति अपनाते हुए आतंकवादियों को रोक दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादियों ने संयुक्त टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसके कारण सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए भारी हथियारों से लैस दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनसे संबद्ध संगठन का पता लगाया जा रहा है।

# 14 मिनट में सफाई और वंदे भारत अगले सफर के लिए तैयार

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

- प्रीमियम ट्रेनों को अगले यात्रा के लिए तैयार करने से पहले साफ सफाई में न्यूनतम 45 मिनट से लेकर अधिकतम चार घंटे तक का समय लगता है। आज से शुरू होगी सफाई की नई व्यवस्था



**सेमी** हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को अब 14 मिनट में साफ किया जाएगा। इस दुर्लभ उपलब्धि को '14 मिनट में चमत्कारी सफाई' के रूप में टैग किया जा रहा है। नए युग की रेलगाड़ियां अब देश भर के कई महत्वपूर्ण शहरों से होकर गुजरती हैं, जिन्होंने हाल के महीनों में अपनी सुंदरता के कारण देश का ध्यान आकर्षित किया है।

इन्हें प्रत्येक दौर की यात्रा के बाद अधिकतम 14 मिनट में साफ किया जाएगा, जैसा कि हर उड़ान के बाद यात्री विमानों को साफ करने की परंपरा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पायनियर को बताया कि यह वास्तव में रेल माहौल को सुखद बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम होगा और यात्रियों के साथ-साथ रेल संपत्ति को हमेशा साफ रखने और यात्रा योग्य बनाने की सार्वजनिक आकांक्षा को भी बढ़ाएगा। अब तक वंदे भारत और अन्य सभी ट्रेनों जैसे शताब्दी, राजधानी, हमसफ़र और मेल ट्रेनों को आगे की यात्रा के लिए ट्रेन को तैयार करने में न्यूनतम 45 मिनट से लेकर अधिकतम चार घंटे तक का समय लगता था। रेल मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि सफाई की यह प्रेरणा जापानी बुलेट ट्रेनों से लिया गया है, जहां कर्मचारियों के पास यात्रियों के अगले दौर में चढ़ने से पहले सात कोच की गाड़ियों को साफ करने के लिए ठीक सात मिनट का समय होता है। प्रत्येक 100 सीटों वाली गाड़ी को एक कर्मचारी द्वारा कवर किया जाता है, जो भोजन ट्रे को साफ करता है, सीटों को साफ करता है और फर्श को साफ करता है। निकट भविष्य में भारत में ट्रेनों के लिए भी यही अपनाया जाएगा।

वैष्णव ने कहा कि मैं वंदे भारत के साथ होने वाली अद्भुत सफाई सेवाओं को शुरू करने के लिए व्यक्तिगत रूप से वंदे भारत में सवार होऊंगा और समय के साथ इसे भविष्य में सभी ट्रेनों में शुरू किया जाएगा। रेल मंत्री रविवार को श्रमदान दिवस के अवसर पर दिल्ली छावनी रेलवे स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से इस पहल की शुरुआत करेंगे। 1 अक्टूबर को 32 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें एक साथ पूरे देश में इस प्रणाली को लॉन्च किया जाएगा और रूटीन तथा रोस्टर के अनुसार समान सफाई प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। इस योजना को आनंद विहार टर्मिनल, चेन्नई, पुणे और शिरडी में भी यात्रियों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। वंदे भारत ट्रेन को साफ करने में फिलहाल 45 मिनट का समय लगता है। इसका मतलब है कि सात कोचों की वर्तमान ट्रेन क्षमता के लिए, एक कोच को साफ करने में दो मिनट लगेंगे और इस तरह ट्रेन में अतिरिक्त कोच के साथ दो मिनट का समय लगेगा। रेलवे अधिकारियों ने 14 मिनट की जादुई सफाई की संचालन प्रणाली के बारे में पूछे जाने पर बताया कि वंदे भारत ट्रेन के प्रत्येक कोच के लिए कुल 4 सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

सफाई मैन्युअल रूप से की जाएगी और इसके लिए सफाई कर्मचारियों ने एक महीने से अधिक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है और कई मॉक ड्रिल आयोजित किए गए हैं। भारतीय रेलवे अपने रोलिंग स्टॉक के अधिकतम उपयोग के लिए भारत की प्रीमियम ट्रेनों की सफाई की प्रक्रिया को बदलने के लिए कुछ समय से काम कर ( शेष पेज 9 )

# जमीन विवाद में फंसी गोल्फ कोर्स व हेलीपोर्ट योजना

## 23 हजार वर्गमीटर जमीन किसानों के पास, 100 करोड़ का है प्रोजेक्ट, अब तक खर्च हो चुके 26.8 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की एक इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स परियोजना का काम बंद हो सकता है। वहीं इस जमीन पर प्रस्तावित हेलीपोर्ट भी फंस सकता है। इसकी बड़ी वजह लैंड से जुड़े मसले है जिनका निपटारा करने में लगातार देरी हो रही है।

योजना की करीब 23 हजार वर्गमीटर से ज्यादा की जमीन अब भी विवाद के घेरे में है। इस जमीन को किसान छोड़ने को तैयार नहीं है। इसमें गांव काम्बख्शपुर के खसरा नंबर-74, 295, 99,101, 96, 98, 90, 106, 107, 91, 68 और झट्टा गांव की 464, 456 शामिल हैं।

नोटिंग में साफ है कि यदि खसरों की भूमि का बैनामा नोएडा के पक्ष में नहीं होता है निर्माणाधीन इंटरनेशनल गोल्फकोर्स व हेलीपोर्ट व हेलीपोर्ट पहुंच मार्ग का कार्य पूरा किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में ये दोनों योजनाएं भी प्रभावित होंगी। प्राधिकरण ओएसडी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जमीन विवाद के निपटारे की प्रक्रिया चल रही है।


गोल्फ कोर्स का मॉडल चित्र।

सेक्टर-151ए में गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इसी जमीन पर हेलीपोर्ट योजना का निर्माण होना है। लेकिन इसकी फाइल शासन के पास है। ऐसे में गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इसका वर्तमान में 43 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इन दोनों योजना को पूरा करने में करीब 100 करोड़ रुपये लगेंगे। अब तक 26.8 करोड़ रुपए खर्च हो चुके है। गोल्फ कोर्स की सदस्यता से आने वाले पैसे का उपयोग निर्माण में किया जा रहा है। अब तक 1000 लोगों ने सदस्यता ली है। जिसमें से 68 लोगों ने रिफंड लिया। 169 लोगों से ज्यादा ने 100 प्रतिशत यानी 10 लाख रुपए जमा कर दिए है। जनरल श्रेणी के 459, स्टेट के 170 और सेंट्रल के 370 लोगों ने सदस्यता ली है। दरअसल, गोल्फ कोर्स निर्माण के दौरान यह योजना बनाई गई कि इसकी सदस्यता से करीब 150 करोड़ रुपए प्राधिकरण जुटाएगा। इसमें से 100 करोड़ रुपए प्राधिकरण निर्माण कार्य में खर्च करेगा। वहीं, 50 करोड़ रुपए अतिरिक्त बचत होगी। प्राधिकरण ने सेक्टर.-51ए के सदस्यता के लिए एक मुश्त 100 प्रतिशत राशि देने वाले को सेक्टर-38 के गोल्फ कोर्स में खेलने का ऑफर दिया है। झट्टा खसरा नंबर 456 ये जमीन हेलीपोर्ट पहुंच मार्ग किए 18 मीटर चौड़ाई में पुस्ते से लगी हुई क्रय किया जाना आवश्यक है। किसान का हना है खसरा नंबर 464 की कार्यपाही पूरी होने के बाद ही साइन करुंगा।

नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसकी फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए फाइल शासन के पास है।इसका डिजाइन बेल 412/12 सीटर के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी।

इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपातकाल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा। यही से चार धाम की यात्रा भी की जा सकेगी। यहां पहले फेज में 3 हेलीकाप्टर उड़ाए जाएंगे। कामबख्शपुर खसरा नंबर 74,295 करीब 7300 वर्गमीटर ये खसरा हेलीपोर्ट और गोल्फ कोर्स दोनों में आ रहा है। किसान बार.बार आश्वासन देते है लेकिन अब तक जमीन प्राधिकरण को नहीं मिल पाई है। कामबख्शपुर खसरा नंबर 99,101 करीब 2158 वर्गमीटर ये खसरा क्लब बिल्डिंग से समीप ड्राइविंग रेंज में आ रहा है। किसान का कहना है भूमि के बदले दूसरे स्थान परी जमीन दी जाए।

कामबख्शपुर खसरा नंबर 96,98 करीब 9300 वर्गमीटर ये खसरा हेलीपोर्ट पहुंच मार्ग है। गोल्फ बाउंड्री वाल और ग्रीन्स में आ रहे है। किसान का कहना है मेरी जमीन के बदले दूसरे स्थान पर जमीन दी जाए। कामबख्शपुर खसरा नं. 68 जमीन 2250 वर्गमीटर ये जमीन हेलीपोर्ट की पहुंच मार्ग, गोल्फ कोर्स बाउंड्री और गोल्फग्रीन्स में आ रहा हे। इसी खसरे की 2667 वर्गमीटर जमीन आपसी समझौते के तहत खरीदी जा चुकी है।

# सांड से टकराकर गिरा बुलेट सवार, ट्रक ने रौंदा

● सड़क हादसे का वीडियो सामने आया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा से सड़क हादसे का वीडियो सामने आया है। जिसमें, बुलेट सवार युवक सांड से टकराकर बीच सड़क पर गिरते दिख रहा है। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। दिल्ली के मुस्तफ ाबाद निवासी नसरुद्दीन बुलंदशहर में अपनी ससुराल आया हुआ था।

शुक्रवार को वह बुलंदशहर से वापस दिल्ली लौट रहा था। जब वह बादलपुर थाना क्षेत्र में पहुंचे, तभी एनएच 91 पर एक आवारा पशु आ गया। जिससे टकराने के बाद उसकी बुलेट अनियंत्रित हो गई और नसरुद्दीन सड़क पर गिर गया। उसके गिरते ही पीछे से आ रहा ट्रक उसे कुचलता हुआ निकल गया। यह



हादसा एक दुकान के बाहर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मृतक नसरुद्दीन के भाई फजरूद्दीन ने बताया कि बुलंदशहर में उनकी सास का देहांत हो गया था। हमारा पूरा परिवार वहीं पर गया था। हम सभी लोग शाम को ही वापस आ गए, लेकिन भाई ने कहा कि मैं अगले दिन यानी शुक्रवार सुबह वापस आऊंगा।

नसरुद्दीन अपनी मोटरसाइकिल से शुक्रवार सुबह घर आ रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। नसरुद्दीन राज मिस्त्री थे। उनके तीन बच्चे हैं। बादलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे के मामले में आरोपी ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है। कैंटर को भी कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 12 महीने में पूरी होगी एलिगेंट विले परियोजना

● रेरा ने किया अधिग्रहीत, 761 खरीदारों को मिलेगा फ्लैट, 90 करोड़ होंगे खर्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यूपी रेरा ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रुकी हुई एलिगेंट विले आवासीय परियोजना को पूरा करने की अनुमति दे दी है। खरीदारों की सहमति के बाद मौजूदा बिल्डर को ही परियोजना पूरी करने के लिए अधिकृत किया गया। परियोजना के शेष काम 12 महीने में पूरे करने होंगे। इसके पूरा




होने से 761 खरीदारों को उनका फ्लैट मिल सकेगा। इस काम में 90 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सेक्टर टेकजोन.4 के जीएच.06बी में एलिगेंट विले आवासीय परियोजना है। परियोजना के प्रमोटर मेसर्स एलिगेंट इंफ्राकॉन प्रालि ने परियोजना के तीनों फेज को 2017 में उप्र रेरा में पंजीकृत कराया था। पंजीकरण अवधि तक परियोजना का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका। फेज-1 का पंजीकरण अगस्त 2018ए फेज-3 का पंजीकरण फरवरी 2019 और फेज-4 का पंजीकरण जुलाई 2019 को खत्म हो गया था।

फेज-1 में टावर सी व डी, फेज-3 में टावर बी व ई और फेज-4 में टावर ए व एफ टावर हैं। इसमें 761 इकाइयों का निर्माण शेष है। मामला रेरा में पहुंचा तो उन्होंने परियोजना पूरा करने के लिए बिल्डर को आवंटियों की सहमति के साथ योजना प्रस्तुत करने के लिए कहा था। एलिगेंट विले परियोजना के स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फेज-1 में 75.78 प्रतिशत, फेज-3 में 74.76 प्रतिशत और फेज-4 में 60 प्रतिशत तक निर्माण हुआ है। एलिगेंट विले में की कुल 761 इकाइयों में से 686 इकाइयों की बिक्री हो चुकी है, जबकि 75 इकाइयों का विक्रय होना है। एक अनुमान के अनुसार परियोजना के पूर्ण होने से कुल 120.01 करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। जिसमें मौजूदा आवंटियों से रुपए 65.93 करोड़ व शेष इकाइयों का विक्रय करके रुपए 47.58 करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। परियोजना को पूरा करने व अन्य सभी प्रकार के व्यय की अनुमानित लागत लगभग रुपए 90.5 करोड़ रुपए है। इस प्रकार परियोजना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है और इसे पूरा किया जा सकता है।

## शिक्षिका ने स्कूल के मालिक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के बीटा-2 थाना क्षेत्र में एक स्कूल की शिक्षिका ने उसके मालिक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया है कि स्कूल के मालिक ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया और सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसके साथ कई दिनों से बलात्कार कर रहा है।

अधिकारी के मुताबिक, पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। बीटा-2 थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस को दी गई शिकायत में शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि स्कूल मालिक ने उसे 20 फरवरी को विद्यालय परिसर के दफ्तर में बुलाया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बलात्कार किया तथा घटना का वीडियो बना लिया। साथ ही स्कूल मालिक ने पुलिस से शिकायत करने पर उसके साथ सामूहिक बलात्कार करने और उसके बेटे व पति की हत्या करने की धमकी दी।

# गाजियाबाद में चार लोगों का धर्मांतरण

● हिन्दू रक्षा दल ने कहा- ये घर वापसी है, मंदिर में हवन-यज्ञ कर बदलवाए नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में चार महिला-पुरुषों ने स्वेच्छा से धर्मांतरण कर लिया। वे मुस्लिम धर्म छोड़कर हिन्दू धर्म में आ गए। साहिबाबाद क्षेत्र के एक मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हवन.यज्ञ के बाद पूजा-अर्चना हुई और उन्हें सनातन धर्म ग्रहण कराकर नाम परिवर्तन किए गए।

हिन्दू रक्षा दल ने इसे घर वापसी नाम दिया है। तनवीर को तुषार झा, बेटे हुसैन को युवराज और इरशाद को गिरीश भारद्वाज व मीना को सूरजमुखी नाम दिया गया है। धर्मांतरण का ये कार्यक्रम शुक्रवार को भोपुरा के मंदिर में हिन्दू रक्षा दल की तरफसे हुआ था। इस कार्यक्रम में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया भी मौजूद रहे। पिंकी भैया ने कहा, जो लोग इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म में आना चाहते हैं, उनका स्वागत है। ये कार्य हर सनातनी को अपने जीवन में करना चाहिए। जो सनातन में आएंगे, हम उनकी सुरक्षा करेंगे और भविष्य में उनका हर तरह से साथ भी देंगे। इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार


अपनी फिल्म की प्रमोशन के दौरान छात्रों को गेंदबाजी के गुर सिखते मुरलीधरन।

### अपनी फिल्म का प्रमोशन करने ग्रेनो पहुंचे मुरलीधरन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रसिद्ध क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन पहुंचे। मुरली धरन के जीवन पर आधारित फिल्म 800 बनाया गया है। उल्लेखनीय है की मुथैया मुरलीधरन ने अपने क्रिकेट के करियर में 800 विकेट लिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों में मुथैया मुरलीधरन का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। मुथैया मुरलीधरन ने छात्रों से बातचीत के दौरान बताया कि हमारा संघर्ष फिल्म 800 में दिखेगा। आपको मेरा जीवन क्रिकेट के मैदान में कैसा रहा है और क्रिकेट के मैदान के बाहर मेरा जीवन कैसा रहा है, इसका वास्तविक स्वरूप फिल्म में आपको दिखेगा। फिल्म 800 में मुरलीधरन का किरदार निभा रहे मधुर मित्तल भी लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे। जहां मधुर मित्तल ने छात्रों से बात करते हुए बताया की फिल्म में मुरलीधरन के किरदार को बेहतर तरीके से निभाने का प्रयास किया गया है।

### पुलिस ने दबोचा 25 हजारी बदमाश

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाने के एसएचओ अजय कुमार सिंह की टीम ने हिंडन कट के पास चेकिंग करते हुए 25 हजार के ईनामी बदमाश अफजाल निवासी करोली दौराला मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस ने जिस बदमाश को गिरफ्तार किया है वह गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहा था। उसके ऊपर विभिन्न जनपदों में अनेक मुकदमे दर्ज हैं।

### नगर आयुक्त ने किया टेंडर निरस्त

**गाजियाबाद।** मेयर सुनीता दयाल ने जैम पॉर्टल के माध्यम से फर्म मैसर्स नवीन सिक्युरिटी फोर्स पर कई सवाल उठाए थे। आरोप लगाया था कि उनके द्वारा नगर निगम में पेश किए गए हैसियत, अनुभव, चरित्र, श्रम विभाग के प्रमाण पत्र, सोल्वेंसी और अनुभव प्रमाण पत्र में से कई प्रमाण पत्र फर्जी है। पाया गया कि फर्म ने आठ लाख 50 हजार रुपये की हैसियत के प्रमाण पत्र में छेड़छाड़ कर उसे 51 लाख रुपये बनाकर उसे निगम में पेश किया था। इस मामले में नगर आयुक्त ने फर्म का टेंडर कैंसल कर दिया। जल्दी ही अब दूसरी फर्म का चयन किया जाएगा।

### बदमाशों ने लूटा मिनी ट्रक व नकदी

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ईस्टर्न पेरीफेरल रोड पर हुई संगीन वारदात के दौरान तीन बदमाशों ने कानपुर निवासी शिव कुमार को गन प्वाइंट पर लेकर माल से लधी महिंद्रा पिकअप वैन और उसके पास रखे दस हजार से अधिक रुपये के अलावा कीमती सामान लूट लिया। इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने लूट के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पुलिस के मुताबिक यह वारदात उस समय हुई कि जब ट्रक चालक/मालिक अपनी गाड़ी खड़ी करके आराम कर रहा था।

### चोरों के हौंसले बुलंद, दो मकानों से की लाखों की चोरी

**नोएडा।** थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के कुलेसरा में चोरों ने दो मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपये के जेवरात, एक लाख रुपये नकद, लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कुलेसरा की बालाजीपुरा कॉलोनी निवासी सुमन कुमार झा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 28 सितंबर की रात चोरों ने उनके तथा पड़ोसी नवनीत कुमार के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय परिजन घर में सोए हुए थे। सुमन कुमार झा के मुताबिक चोर उनके घर से दो मोबाइल फोन 10,8000 रुपये नकद, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, घड़ी, स्मार्ट वॉच को चोरी कर ले गए। चोरों ने घर के बाहर खड़ी उनकी कार को भी चोरी करने का प्रयास किया लेकिन स्टार्ट न होने के कारण चोर उसे नहीं ले जा सके। सुमन कुमार झा के मुताबिक चोरों ने उनके पड़ोस में रहने वाले नवनीत कुमार के घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

**ROSHANARA CLUB LTD.**

This is to inform all the members of the Company that 102nd Annual General Meeting which was scheduled to be held on 29th September, 2023 at 2:00 pm pursuant to the notice of AGM dated 5th September, 2023, could not be held as the Estate officer, Central Zone, New Delhi, of Delhi Development Authority has issued the Orders bearing no. TN2(04)2023/LM/CZ/396 dated 27.09.2023 for eviction for the premises of the company and took possession of the registered office during morning of 29/09/2023 in the presence of heavy police personnel without any prior notice or intimation.

In view of the unexpected, unusual, unavoidable and extraordinary circumstances, and due to absence of requisite quorum, this AGM stands adjourned. The company is taking necessary steps to hold the required AGM and proper notice of the same shall be given to members in due time.

Date: 30.09.2023

For Roshanara Club Limited
RAJAN MANCHANDA
Director & Hon. Gen. Secretary
(DIN-00457119)
37/38 UB, Jawahar Nagar, Delhi -110007

# पार्सल में ड्रग्स बताकर रिटायर्ड अधिकारी से ठगे 2.88 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर महागुन मॉडर्न सोसाइटी में रहने वाले रिटायर्ड अधिकारी से 2.88 करोड़ की ठगी हुई। सेक्टर.113 थाने में दी शिकायत में प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते दिनों उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई।

कॉलर ने खुद को फेडेक्स कोरियर का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि आपके नाम से मुंबई से ताइवान एक पार्सल गया है, जिसमें आपका आधार कार्ड इस्तेमाल हुआ है। पार्सल में 2 किलो कपड़े, दो लैपटॉप, तीन पासपोर्ट और मादक पदार्थ एमडीएमई गया है। आपके खिलाफ मुंबई पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उसने मुंबई पुलिस के कथित अधिकारी से बात करवाई। उसके बाद मुंबई पुलिस के कथित अधिकारी ने नारकोटिक्स विभाग को कॉल ट्रांसफ र किया, तथा स्काईप कॉल से बात की। उन्हें बताया गया कि यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग से भी संबंधित है। इसके बाद एक के बाद एक अधिकारी बनकर कई लोगों से बात कराई गई।

# दो सुपारी किलर पुलिस से मुठभेड़ में जख्मी

● 50-50 हजार का था इनाम, दोनों के पैर में लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के दादरी में शनिवार को हापुड़ के दो सुपारी किलर और नोएडा के थाना दादरी पुलिस की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ मेंदोनों बदमाश के पैर में गोली लगी।

दोनों शार्प शूटरों ने पांच दिन पहले दादरी में एक महिला की गोली मारकर हत्या की थी। डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया बीते दिनों सरस्वती विहार में बाइक सवार दो बदमाशों में राजकुमारी नामक महिला को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। जांच के दौरान महिला के पड़ोसी कपिल का नाम प्रकाश में आया था। शनिवार को सूचना मिली कि हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले शूटर सुपारी के बकाया पैसे लेने के लिए दादरी क्षेत्र में आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कोट नहर के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम अरविंद व अनिकेत जनपद हापुड़ बताए।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निकाते ग्लोबल ट्रेड एलएलपी/ भावना वैद/ हेमंत कुमार वैद/ रमेश कुमार/ 629605017944 | फ्लैट नंबर 47ए, ग्राउंड फ्लोर, पॉकेट बी एसएफएस फ्लैट्स, बोडेला, विकासपुरी एक्सटेंशन, नई दिल्ली/ सितंबर 26, 2023 | मई 20, 2023 रु. 81,32,138.00/- | नई दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 30, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कनेक्शन इंडिया डॉटकॉम प्राइवेट लिमिटेड/नितिन कंबोज/अमन साहनी/002105014346/ 002160000714/ 002160000752 | यूनिट नंबर 524, 5वीं मंज़िल, सिल्वरटन टॉवर, सेक्टर 50, गाँव बादशाहपुर, गुड़गाँव/ सितंबर 26, 2023 | जून 22, 2021/ रु. 75,75,211.94/- | गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 30, 2023**
**स्थान : गुड़गाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## दो युवकों पर चाकू से हमला, एक अन्य को छत से फेंका

**नोएडा।** नोएडा के थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के हल्दौनी मोड़ पर दो युवकों ने होटल पर खाना खा रहे दो भाइयों पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में एक दबंग युवक ने मामूली विवाद में दूसरे युवक को छत से नीचे फेंक दिया।

ग्राम कुंडली सोनीपत हरियाणा निवासी विशाल ने पुलिस की शिकायत में बताया कि विगत 20 सितंबर को वह और उसका भाई अनुज खाना खाने के लिए हल्दौनी मोड़ आए थे। होटल में खाना खाकर जब वह वापस लौट रहे थे तो उन्हें अंशुल व उसके साथी ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर अंशुल व उसके साथी ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों भाइयों के सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आई। दोनों भाइयों को लहूलुहान करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# गाजियाबाद में एक साल में बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

## हादसे कैसे कम हों, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के 4 महकमे 18 ब्लैक स्पॉट करेंगे समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक साल के भीतर सड़क दुर्घटनाएं 14.95 फीसदी बढ़ी हैं, लेकिन मृत्यु दर में 4.55 फीसदी की कमी आई है। ट्रैफिक पुलिस ने रोड एक्सीडेंट के डेटा का रिव्यू करने के बाद ये रिपोर्ट जारी की है। सड़क दुर्घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं, इसका कारण जानने के लिए चार विभाग के अधिकारियों की एक कमेटी जल्द ही जनपद के 18 ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करेगी। गाजियाबाद में कुल 18 ब्लैक स्पॉट हैं। इसमें 6, स्टेट हाईवे के 5 और जिले की प्रमुख सड़कों के 7 ब्लैक स्पॉट हैं।

परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई और पीडब्लूडी के अधिकारी संयुक्त रूप से इन ब्लैक स्पॉट का रिव्यू करेंगे। पता लगाएंगे कि हादसे बढ़ने के कारण क्या हैं और इन ब्लैक स्पॉट को खत्म कैसे



किया जा सकता है। मोहननगर ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने के लिए वहां सड़क के बीचोंबीच डिवाइडर पर बनी रैलिंग को और ऊंचा करने का फैसला लिया गया है, जिससे लोग उसे कूदकर सड़क पार न कर सकें। नया बस अड्डा, गोविंदपुरम बस अड्डा और एएलटी सेंटर पर बसों के खड़े करने के लिए कोई जगह नहीं है। सड़क पर बसें खड़े होने से यहां भी हादसे होते हैं।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारी इन तीनों पॉइंट पर बसों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करवाने के लिए कोई उपाय सुझाएंगे। विजयनगर चौराहा, लालकुआं चौराहा, दिल्ली-मेरठ रोड पर घूकना मोड़, दुहाई, मुरादनगर में आईटीएस कॉलेज चौराहा, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर का चौराहा, रावली रोड पर हनुमान मंदिर के पास, मुरादनगर गंगनहर पर सेथली मोड़, जलालपुर चौराहा, मोहननगर चौराहा, अर्थला चौराहा, राजेंद्रनगर, सीमापुरी बॉर्डर, करन गेट, मोहननगर सहित कुल 18 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां पर सबसे ज्यादा हादसे होते हैं।

**5 साल में हादसों की स्थिति**

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मृतक |
|---|---|---|
| 2019 | 890 | 385 |
| 2020 | 708 | 327 |
| 2021 | 824 | 392 |
| 2022 | 854 | 353 |
| 2023 | 661 | 253 |

**नोट: साल-2023 का डेटा 31 अगस्त तक का है।**

# भलस्वा से मई तक हटेगा 45 लाख टन कूड़ाः केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने लैंडफिल साइट का किया दौरा, किया दावा- कूड़ा हटने से खाली हो जाएगी 35 एकड़ जमीन

● तय लक्ष्य से अधिक गति से कूड़ा हटाने का काम कर रही एजेंसी और एमसीडी के इंजीनियर बधाई के पात्र : मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को भलस्वा लैंडफिल साइट (कचरा फेंकने का स्थल) पहुंचे और कहा कि अगले साल मई तक यहां से लगभग 45 लाख टन कचरा संसाधित व कम होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्लीवालों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति मिलेगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए, केजरीवाल ने कहा कि 45 लाख टन कचरा कम होने पर 35 एकड़ भूमि खाली हो जाएगा जिसका कई तरीकों से दोबारा उपयोग किया जा सकता है। दिल्ली में तीन लैंडफिल साइट हैं जिनमें ओखला, भलस्वा और गाजीपुर शामिल हैं। केजरीवाल ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर 60-65 लाख टन कचरा है, जो लगभग 72 एकड़ क्षेत्र में फैला है। उन्होंने कहा कि पुराने कचरे के अलावा, प्रतिदिन 2,000 टन नया कचरा जमा हो रहा है। उन्होंने कहा, आज तक का लक्ष्य (इसमें से) 14 लाख टन कचरा कम करना था, लेकिन तेजी से काम करते हुए लक्ष्य पार कर लिया गया है और 18 लाख टन कचरा कम हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर कचरा प्रसंस्करण का काम कर रही एजेंसी का लक्ष्य 15 मई 2024 तक 30 लाख टन कचरा कम करना है। उन्होंने कहा, लेकिन काम की गति को देखते हुए अगले साल 15 मई तक लगभग 45 लाख टन कचरा कम होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कूड़े को हटाने के लिए एक और एजेंसी के संबंध में प्रक्रिया चल रही है, ताकि दोनों एजेंसी मिल कर भलस्वा लैंडफिल साइट से सारा कूड़ा साफ कर सकें।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को अधिकारियों के साथ भलस्वा लैंडफिल साइट पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि तय लक्ष्य से अधिक गति से कूड़ा हटाने का काम रही एजेंसी और एमसीडी के इंजीनियर बधाई के पात्र हैं। केजरीवाल ने कहा कि वे दूसरे लैंडफिल साइट पर अगले सप्ताह दौरा करेंगे। इस अवसर पर एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल समेत एमसीडी के वरिष्ठ अफसर मौजूद रहे।

## कूड़ा निस्तारण के लिए कोई ठोस योजना नहींः भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम के पास राजधानी में कूड़ा निस्तारण के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। शनिवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि निगम चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी सरकार ने तमाम दावे किए लेकिन आठ महीने की सत्ता के बाद कूड़ा निस्तारण कार्य संतोषजनक नहीं है। गाजीपुर में प्रतिदिन 800 से 1000 मैट्रिक टन कूड़े का निस्तारण हो रहा है, जबकि 2500 मैट्रिक टन गीला कूड़ा डला रहा है, जिस कारण से यहां कूड़े का नया पहाड़ खड़ा हो रहा है।

सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता मुख्यमंत्री 2021-22 में अनेक बार गाजीपुर लैंडफिल साइट आए। उन्होंने उस वक्त एमसीडी की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठाए और दावे किए कि निगम में हमारी सरकार बनने के बाद प्राथमिकता के साथ कूड़ा निस्तारण किया जाएगा। खुद मुख्यमंत्री ने जनवरी 2024 की समय सीमा भी निर्धारित की थी लेकिन अब निगम में उनकी सरकार है और आठ महीने से निगम के कामकाज को देख रहे हैं लेकिन इस कूड़े के पहाड़ को खत्म करने की कोई ठोस योजना निगम के पास नहीं है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2019 के अंत में एक रिपोर्ट आई, जिसके मुताबिक 140 लाख मैट्रिक टन कूड़े का पहाड़ गाजीपुर लैंडफिल साइट पर बन चुका था। इस पर तत्कालीन भाजपा शासित एमसीडी ने उसकी सफाई का कार्य शुरू कराया लेकिन आप ने उसे राजनीतिक मुद्दा बनाया। मार्च 2022 तक तत्कालीन भाजपा शासित नगर निगम ने कूड़ा निस्तारण के लिए नए सिरे से टेंडर किए।

# प्रदूषण रोकथाम के लिए आज से 'ग्रेप' लागू

## एक्यूआई 200 से अधिक होने पर पुराने वाहनों पर लगेगा प्रतिबंध | प्रदूषण बढ़ने पर होटल में कोयला एवं लकड़ी के इस्तेमाल पर लगेगी रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सर्दियों के दौरान प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तैयार श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) रविवार से प्रभावी हो जाएगी।

दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जिम्मेदार स्वायत्त निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने जीआरएपी में पिछले साल और इस साल जुलाई में कुछ अहम बदलाव किए हैं।

नए बदलावों के तहत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 के पार जाते ही पुराने वाहनों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाएगा और होटल-रेस्त्रां में कोयला एवं लकड़ी के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग जाएगा। 201 से 300



होने पर डीजल जनरेटर सेट्स के रेगुलर पावर सप्लाई की पाबंदी है। हालांकि, 31 दिसंबर तक आपातकालीन सेवाओं की नौ महत्वपूर्ण श्रेणियों में डीजल जनरेटर सेट के इस्तेमाल के लिए तीन महीने की राहत दी गई है। चरण दो के तहत एक्यूआई 301 से 400 होने पर डीजल जनरेटर सेट्स पर बैन का नियम है। इसी प्रकार एक्यूआई 400 के पार जाते ही दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और गौतमबुद्ध नगर में बीएस-3 मानक के पेट्रोल और बीएस-4 मानक के डीजल वाहनों पर रोक लग जाएगी।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) कानूनी निकाय है। जिसकी स्थापना 2021 के अधिनियम के तहत की गई थी। आयोग ने तीन दिन पहले के पूर्वानुमान के आधार पर सक्रिय रूप से प्रदूषण रोधी उपायों को सक्रियता से लागू करने के लिए पिछले साल जुलाई में जीआरएपी में कई बदलाव किए थे।

दिल्ली में 13 हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं। इन हॉट स्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इसी तरह निर्माण स्थल पर निगरानी रखने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। 500 वर्गमीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट को डस्ट कंट्रोल करने के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकृत करना है।

### छह साल में वायु गुणवत्ता दूसरी बार सबसे अच्छी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस वर्ष एक जनवरी से 30 सितंबर के बीच औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 167 रहा, जो छह वर्ष में इस अवधि में दूसरा सबसे अच्छा एक्यूआई है। केन्द्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में इस वर्ष एक दिन एक्यूआई अच्छा की श्रेणी में रहा। राजधानी में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन 10 सितंबर को एक्यूआई 45 था। सितंबर 2022 (165 मिमी) की तुलना में सितंबर 2023 में कम वर्षा (82.7 मिमी) हुई इस वर्ष इस महीने का औसत एक्यूआई (108) रहा जो पिछले वर्ष (104) था।


भारत मंडपम में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टॉलों पर मौजूद चीजों को देखा और इन्हें तैयार करने वाले लोगों के साथ चर्चा की।


## संक्षिप्त समाचार

### जंतर-मंतर पर 360 गांव के लोग लड़ेंगे हक की लड़ाई




नई दिल्ली। पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने शनिवार को बताया कि गांव के लोग अपने हक की लड़ाई 1 अक्तूबर को जंतर-मंतर पर लड़ेंगे। सोलंकी ने कहा कि 16 सितंबर को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के आवास के बाहर दिल्ली के 360 गांवों के लोगों की महापंचायत हुई जिसमें गाँव वालों ने अपनी मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को 30 सितंबर तक का समय दिया गया। लेकिन इसका आजतक समाधान नहीं होने के बाद पंचायत में संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों की हालत बद से बदतर होती जा रही है, गांवों को स्लम बनाकर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने ठान लिया है कि जब तक उनकी इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में बवाना 52 के प्रधान चौधरी धारा सिंह, लाडो सराय के प्रधान चौधरी नरेश, सुरहेड़ा 18 के प्रधान राव त्रिभुवन सिंह, नांगलोई 9 के प्रधान सुरेश शौकीन आदि उपस्थित थे ।

### हिंदी पखवाड़ा वितरण एवं समापन समारोह



नई दिल्ली। मुनिरका स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रोफेसर धीरज शाह ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय प्रभाग के निदेशक प्रोफेसर जितेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे। समारोह में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. गणेश शंकर श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के समक्ष हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की। संकाय प्रभारी डॉ. अंकुर यादव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आजादपुर मंडी में लगी आग की जांच का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के विकास मंत्री गोपाल राय ने एशिया की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी आजादपुर मंडी में लगी आग की जांच के शनिवार को आदेश दिए।सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घटना की जांच और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। दिल्ली की आजादपुर मंडी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई थी। आग की सूचना शुक्रवार शाम पांच बजकर 20 मिनट पर प्राप्त हुई थी और दमकल विभाग की 11 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची थीं। शाम साढ़े छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। दिल्ली दमकल सेवा ने बताया था कि आजादपुर की टमाटर मंडी में आग लगी, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

### मयूर विहार में 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

नई दिल्ली। दिल्ली के मयूर विहार इलाके में 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी और बताया कि आरोपी को उत्तर प्रदेश के खोड़ा से पकड़ा गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मयूर विहार पुलिस थाने को बुधवार को एलबीएस अस्पताल से नाबालिग के साथ दुष्कर्म के संबंध में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि बच्ची के पिता ने अस्पताल में कहा कि उनके ही गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है।

## क्लीनिक में घुसकर डॉक्टर पर चाकू से हमला

● टैगोर गार्डन एक्सटेंशन में हमलावर वारदात के बाद हुआ फरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के टैगोर गार्डन एक्सटेंशन स्थित एक क्लीनिक में शनिवार को एक व्यक्ति द्वारा महिला डॉक्टर पर चाकू से कथित हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस



उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि दोपहर को व्यक्ति डॉ. सांगय भूटिया की क्लीनिक पर आया और इमारत की सीढ़ियों पर उनपर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि डॉ. भूटिया इमारत के भूतल पर क्लीनिक चलाती हैं जबकि ऊपरी मंजिल पर रहती हैं। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। पीड़िता को चाकू से कई स्थानों पर चोटें आई हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीम बनाई गई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि प्रथम दृष्टया लूटपाट का कोण सामने नहीं आया है और प्रतीत होता है कि हमलावर जानकार था। उन्होंने कहा, हालांकि अभी इसकी पुष्टि की जानी बाकी है।

## यूपीआई साउंडबॉक्स का किराया माफ कराने का देते थे झांसा, गिरफ्तार

नई दिल्ली। पेटीएम साउंड बॉक्स के किराए का शुल्क माफ कराने का झांसा देकर देकर ठगी करनेवाले एक जालसाज को उत्तर पूर्वी दिल्ली के साइबर थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 39 हजार जब्त किया है। आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी नईम(31) के तौर पर हुई है। डीसीपी डॉ जॉय टिर्की ने बताया कि पेटीएम साउंड बॉक्स के किराये का शुल्क माफ करने के नाम पर पीड़ितों के साथ धोखाधड़ी के संबंध में साइबर थाने में तीन शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। मुकदमा दर्ज किया गया और मामले की जांच शुरू की



गई। सभी घटनाओं में कथित तौर पर चीटिंग करने का तरीका समान था। कथित व्यक्ति ने मुख्य रूप से उन दुकानदारों को निशाना बनाया जो मुख्य रूप से यूपी आई मोड का उपयोग करके पैसे का लेन देन करते हैं और अपनी दुकानों मेंपेटीएम साउंड बॉक्स रखतेहैं।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने धोखाधड़ी की कई घटनाओं में शामिल होनेकी बात स्वीकार की। वह 3 साल पहले एक बैंक में काम करता था और उसे दुकानों / निजी विक्रेताओं के यहां यूपीआई भुगतान के लिए क्यूआर कोड स्टाल करनेका अनुभव है. उसने यह भी खुलासा किया कि वह पिछले 6-7 महीनों से धोखाधड़ी में शामिल था।

## कुपोषण खत्म करने के लिए मोटा अनाज अपनायेंः आतिशी

● लोगों में खान-पान संबंधित जागरूकता की कमी

पायनियर समाचरा सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार की महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्मल छाया काम्प्लेक्स, जेल रोड में शनिवार को धूमधाम से पोषण माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। मंत्री आतिशी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कुपोषण के खिलाफ जंग में केजरीवाल सरकार अपनी आंगनवाड़ियों को सशक्त बना रही है। इस दिशा में पोषण माह के अन्तर्गत पिछले एक महीने में केजरीवाल सरकार की आंगनवाड़ी वर्कर्स ने



दिल्ली में लाखों परिवारों को खान-पान संबंधित अच्छी आदतों को विकसित करने को लेकर जागरूक किया है और लोगों को अपने भोजन में मोटे पौष्टिक अनाजों को शामिल करने को भी प्रेरित किया है।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा लोगों को ये बताया है कि कैसे अपने भोजन में छोटे बदलावों के साथ वो अपने परिवारों को बेहतर पोषण दे सकते हैं। साथ ही कैसे स्वस्थ जीवनशैली के लिए ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाजों को खान-पान की आदतों में शामिल किया जा सकता है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि, वर्तमान में देश में एक बड़ा तबका कुपोषण का शिकार है, जबकि भारत खाद्यान्न उत्पादन करने वाले शीर्ष देशों में शामिल है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब हम खाद्यान्न उत्पादन में शीर्ष देशों में शामिल हैं उसके बावजूद भी देश में बहुत से लोग कुपोषित क्यों हैं? उन्होंने कहा कि, गरीबी और असमानता तो इसका कारण है ही, लेकिन एक बड़ा कारण है लोगों में खान-पान संबंधित जागरूकता की कमी।

उन्होंने कहा कि, जागरूकता की कमी के कारण ही आज बड़ी आबादी वो खाना खाती है, जिसमें पौष्टिक तत्वों की कमी होती है. हम विज्ञापन देखकर उससे प्रभावित होकर बहुत सी खाने-पीने की चीजों को अपने भोजन में शामिल करते हैं, लेकिन उससे हमें सही पोषण नहीं मिल पाता है. ऐसे में बेहद जरूरी है कि हम इसके प्रति जागरूक हो और जरूरी पोषण प्राप्त करने के लिए अपने खानपान की आदतों को बदलें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग और आंगनवाड़ियों ने काम किया है।


## दक्षिण-पश्चिम मानसून की दिल्ली से विदाई

● सफदरजंग वेधशाला के अनुसार जून से सितंबर के दौरान सामान्य 653.6 मिलीमीटर (मिमी) के मुकाबले 660.8 मिमी बारिश हुई

पायनियर समाचा सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम मानसून की दिल्ली से वापसी हो गई है। शहर में इस मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में मानसून मौसम (जून से सितंबर) के दौरान सामान्य 653.6 मिलीमीटर (मिमी) के मुकाबले 660.8 मिमी बारिश हुई। राजधानी में आमतौर पर मानसून 27 जून तक आता है और 25 सितंबर तक समाप्त हो जाता है।



इस साल दिल्ली में 25 जून को मानसून ने दस्तक दी थी।

मौसम विभाग ने कहा, दक्षिण पश्चिम मानसून की जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों से वापसी हो गई है। पूरे पंजाब और हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्लीअ पश्चिम उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्से और पश्चिम राजस्थान के कुछ और हिस्सों में आज इसकी वापसी हो गई है। मौसम कार्यालय ने कहा कि जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्से, राजस्थान के शेष हिस्सों और गुजरात के कुछ हिस्सों में अगलेतीन दिन में मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम - मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है :-

I) खुली ई-निविदा सीओ/एनआईटी/एफपी-एफएफयू/2023/07 - फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। जमा करने की अंतिम तिथि 18.10.2023 को 15.00 बजे तक। ई-मेल: fp.ffu@irctc.com

II) भारतीय रेल के अधीन विभिन्न प्रकार की ट्रेनों में ऑनबोर्ड केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए इम्पैनलमेंट हेतु ईओआई, वैध दिसम्बर 2024 तक। ईओआई प्रत्येक माह खोली जाएगी। जमा करने की तिथि एवं समय ईओआई दस्तावेज में वर्णित होगी। ई-मेल: mobilecatg.tend@irctc.com

III) ई-निविदा 2023/आईआरसीटीसी/रेल नीर/बिजनैस कंसल्टेंट - भारतीय रेल के अधीन पैकेज्ड पेयजल की मांग और भारतीय रेल में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नये प्लांटों की स्थापना/वर्तमान प्लांटों के अप-ग्रेडेशन की व्यवहार्यता के अध्ययन के लिए बिजनैस कंसल्टेंट। ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 16.10.2023 को 15.00 बजे तक। ई-मेल: ggmrailneer@irctc.com

IV) ई-निविदा आमंत्रण सूचना जीईएम/2023/बी/3985913 दिनांक 20.09.2023 - रेल नीर प्लांट नांगलोई (नई दिल्ली) में 02 वर्षों की अवधि के लिए 3,65,000 किग्रा एलडीपीई श्रिंक फिल्म रोल्स की आपूर्ति। जमा करने की अंतिम तिथि: 16.10.2023 को 15.00 बजे तक। ई-मेल: rkumar2472@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए क्र. सं. I-IV के लिए www.irctc.com, क्र. सं. I-III के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC और क्र. सं. IV के लिए www.eprocure.gov.in एवं www.gem.gov.in देखें। निविदा डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल क्र. सं. I-III के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र. सं. IV के लिए www.gem.gov.in पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल क्र. सं. I-IV के लिए www.irctc.com पर, क्र. सं. I-III के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र. सं. IV के लिए www.eprocure.gov.in एवं www.gem.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन: 011-23311263-64, फैक्स: 011-23311259

# सॉफ्ट टेनिस में कांस्य पदक जीतकर लौटे अमित सैनी को विधायक सुधीर सिंगला ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### विधायक ने आशीर्वाद देकर की उज्ज्वल भविष्य की कामना

### अहमदाबाद में 27 से 29 सितंबर तक हुई थी चैंपियनशिप

**अहमदाबाद** में 27 से 29 सितंबर तक सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप चौथे फेडरेशन कप में गुरुग्राम के खिलाड़ी अमित सैनी पुत्र जसवंत सैनी ने कांस्य पदक जीता है। शनिवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने अमित सैनी को सम्मानित किया। उन्हें आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। अमित सैनी स्वास्तिक फाउंडेशन में स्वच्छता सैनिक हैं, जो कि खेल में रुचि के साथ पर्यावरण रक्षा एवं रक्त दान करने व कराने में सदैव अग्रणी रहते हैं। इस दौरान रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल, स्वास्तिक फाउंडेशन के अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल भी मौजूद रहे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के बच्चे, युवा खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। खेलों में सरकार के स्तर पर बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में जहां हॉकी मैदान में नया एस्ट्रॉटर्फ बिछाया जा रहा है, वहीं खिलाड़ियों व अधिकारियों के लिए स्टेडियम में भव्य भवन भी बना दिया गया है।



सॉफ्ट टेनिस में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी अमित सैनी को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक ने कहा कि खेलों में खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करें। सरकार सुविधाएं देने और पुरस्कार देने में सदा खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर नाम रोशन किया है।

### 13 साल से सॉफ्ट टेनिस खेल रहे हैं अमित सैनी

**पिछले** 13 साल से सॉफ्ट टेनिस खेल रहे अमित सैनी खेलों में भी अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अब उनका पूरा ध्यान अपने खेल पर ही है। अब तक जिला से लेकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने अपने खेल में प्रतिभा दिखाई है। उन्होंने 36वें नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीता था।

चार बार इंटरनेशनल खेलों में से 2 बार कोरिया में, 1 बार जापान में और 1 बार चाइना में हुए खेलों में भाग लिया है। अमित सैनी के मुताबिक वह कोच विरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सेक्टर-21 टेनिस कोर्ट में अभ्यास करते हैं। फिलहाल वह वर्ष 2024 में होने वाली एशियन चैंपियनशिप व वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में है।

# मशीनी, डिजिटल युग में हो रहा है मानव मूल्यों का ह्रास: सत्यनारायण



शिक्षाविदों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करते अतिथि।



गुरुग्राम में शिक्षाविदों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के शुभारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### शिक्षाविदों के लिए हुआ तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

**ब्रह्माकुमारीज** के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में शिक्षाविदों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शनिवार को शुभारंभ हुआ। संस्था के शिक्षा प्रभाग के द्वारा आयोजित एजुकेटर्स क्रिएटिंग लीडर्स फॉर फ्यूचर विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस सेमिनार में जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण ने कहा कि आज के मशीनी और डिजिटल युग में मानव मूल्यों का ह्रास हुआ है। आज पूरे विश्व में अच्छे लीडर की खोज है। ऐसे में आवश्यकता है शिक्षा को मानवता का मूल केंद्र बनाने की। नासिक मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव सोनवणे ने कहा कि शांति हमारा स्वाभाविक गुण है, लेकिन आज हमें शांति के लिए प्रयास करने पड़ रहे हैं। जिसका कारण मानव निर्मित समस्याएं हैं। आज बुराइयों ने मानव को नहीं बल्कि ने मानव ने बुराइयों को पकड़ रखा है।

उन्होंने कहा कि उनका विश्वविद्यालय ब्रह्माकुमारीज के साथ मिलकर मूल्य आधारित शिक्षा पर कार्य करता रहेगा। झारखण्ड, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी लाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज ने योग की साधना को बहुत सरल करके लोगों के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि आज वो समय आ गया है, जब भारत समूचे विश्व का मार्गदर्शन कर सकता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था 137 देशों में भारत की संस्कृति और राजयोग का डंका बजा रही है।

संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन ने कहा कि आज शिक्षा तो है, लेकिन उसका मूल नहीं है। ऐसे में ब्रह्माकुम द्वारा शिक्षा का वो मर्म बताया जा रहा है, जिससे हम सशक्त हो सकें। आज विज्ञान की शिक्षा ने विश्व को विनाश के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। सबसे पहले जरूरत है, स्वयं का लीडर स्वयं बनने की। जिसका स्वयं पर संयम अथवा नियंत्रण है, वही दूसरों का लीडर बन सकता है।

### परिवर्तन के लिए उच्चारण से ज्यादा आचरण जरूरी

**ओआरसी** की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि आज अच्छे लीडर्स तैयार करने की जरूरत है। एक अच्छा लीडर वो है, जो दूसरों के दिल पर राज करता है। शिक्षाविद् बच्चों को चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। लेकिन उसके लिए शिक्षा के साथ-साथ शक्ति की आवश्यकता है, जो कि स्वयं के सशक्तिकरण से ही संभव है।

# गुरुग्राम में फिर से गौ तस्करों का आतंक, 4 किमी तक होती रही भिड़ंत

### तस्करों ने चलती गाड़ी से गौवंश को बीच सड़क फेंका

### अंधेरे का फायदा उठाकर गौ तस्कर हो गये फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में एक बार फिर से गौ तस्करों का आतंक दिखाई दिया। तस्करी के लिए ले जायी जा रहे गोवंश को बचाने के लिए जब गौ रक्षक बजरंग दल के सदस्य तस्करों के पीछे लगे तो उन्होंने गौ रक्षकों पर हमला कर दिया। जब कुछ नहीं हो सका तो वे गाड़ी से गोवंश को सड़क पर फेंकने लगे। इस दौरान कई गौवंश घायल हो गये। तस्कर भी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार जिला के गांव गढ़ी मुरली व अभयपुर के बीच गौ तस्कर गाड़ी में गोवंश को भरकर ले जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही गौ रक्षक उन्हें बचाने के लिए पहुंचे। गौ तस्करों की गाड़ी का गौ रक्षकों ने पीछा किया। जब वे



गुरुग्राम में गौ तस्करों से मुक्त कराए गए गोवंश का उपचार कराते गौ रक्षक।

नजदीक पहुंचे तो तस्करों ने उन पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिये। करीब 4 किलोमीटर तक यह हिंसा चलती रही। गौ तस्करों ने रास्ता रोकने के लिए गोवंश को भी गाड़ी से बीच सड़क पर गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान कई गोवंश घायल हो गये। जब गौ तस्करों को अंदेशा हुआ कि अब वे फंस गए हैं तो उन्होंने अपनी गाड़ी को छोड़ दिया और खेतों के रास्ते अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये।

गौ तस्करी की सूचना गौ रक्षकों ने पुलिस कंट्रोल में भी दी। पुलिस मौके पर पहुंची जरूर, पर त्वरित कोई कार्रवाई नहीं की। करीब दो घंटे तक भोंडसी था व सोहना सदर थाना पुलिस में सीमा विवाद पर बात होती रही। इस विवाद में दो घंटे गौ रक्षक भी पुलिस कार्रवाई का इंतजार करते रहे। करीब दो घंटे बाद सोहना सदर थाना पुलिस ने इसमें कार्रवाई शुरू की।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीआरओ कार्यालय से तकनीकी सहायक त्रिलोक चंद हुए सेवानिवृत्त



डीपीआरओ कार्यालय से सेवानिवृत कर्मचारी को सम्मानित करते संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान व डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार।

**गुरुग्राम।** सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के प्रमुख अंग कहे जाने वाले साउंड विभाग के तकनीकी सहायक त्रिलोक चंद जांगड़ा विभाग में अपनी 17 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। गुरुग्राम कार्यालय में सहकर्मियों ने दी। भावुक विदाई कार्यक्रम में त्रिलोक चंद जांगड़ा ने अपने संबोधन में सहकर्मियों के साथ बिताए प्रमुख पलों को याद करते हुए अपने कार्यकाल में संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान व जिला सूचना एवं जनसपंर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार द्वारा मिले मार्गदर्शन व सहकर्मियों द्वारा मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद अर्पित किया। त्रिलोक चंद जांगड़ा का सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग में सेवाकाल वर्ष 2006 में शुरू हुआ था। इससे पूर्व वे 23 साल तक मारुति व एचएमटी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके थे। त्रिलोक चंद जांगड़ा के विदाई समारोह में आमंत्रित सेवानिवृत्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रणबीर सिंह दहिया ने कहा किसी भी व्यक्ति के नौकरी में आने के समय ही उसकी सेवानिवृत्त की तिथि निर्धारित हो जाती है। कार्यक्रम में त्रिलोक चंद जांगड़ा की धर्मपत्नी मूर्ति जांगड़ा, पुत्री ज्योति व डिम्पी, पुत्र राहुल, दामाद सुलभ जांगड़ा, समधि राजबीर जांगड़ा व उनकी धर्मपत्नी कमलेश जांगड़ा सहित अन्य परिजन व मित्र उपस्थित थे। संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान ने त्रिलोक चंद जांगड़ा को फूल माला पहनाकर व शॉल भेंट करके सम्मान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटे से लेकर बड़े आयोजन में साउंड सिस्टम उस कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र बिंदु होता है। ऐसे में विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी में त्रिलोक चंद जांगड़ा एक कर्मठ अधिकारी रहे हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने त्रिलोक चंद जांगड़ा को उज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपको जीवन में कभी भी मार्गदर्शन अथवा सहयोग की अपेक्षा हो तो वे बिना किसी संकोच के विभाग से संपर्क कर सकते है।

### मोबाइल लुटने के प्रयास में घायल हुए बाइक सवार

**सोहना।** अज्ञात दो युवक मोबाइल झपटने के दौरान सड़क पर बाइक फीसलने से घायल हो गए। लेकिन लोगों की भीड़ आता देख घायल झपटमार मौके पर अपनी बाइक को छोड़कर भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। शुक्रवार की शाम समय करीब साढ़े 7 बजे नगर परिषद के वार्ड-9 के गांव जखोपुर में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने सड़क पार कर रही महिला के हाथ में से मोबाइल फोन झपटना चाहा। लेकिन महिला द्वारा अपना मोबाइल हाथ में से झपटमारों को लूटने नहीं दिया। इस दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर कुछ फीसलती हुई गिर गई। बिहार मूल की महिला श्री कुमारी ने बताया कि जैसे ही उसने सड़क पर बाइक समेत पड़े मोबाइल झपट मारों को पकड़ने के लिए उसने शोर मचाया। तभी आस पास से लोग अपने घर व दुकानों से निकलकर आते। तब तक दोनों युवक बाइक को मौके पर छोड़ आबादी क्षेत्र में बनी तंग गलियों में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। महिला श्री कुमारी ने बताया कि वह सड़क किनारे बनी दुकान से सब्जी खरीदने के बाद अपने कमरे पर जा रही थी। सडक पार करने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उससे मोबाइल झपटना चाहा। मौके पर मौजूद राजेन्द्र होटला ने बताया कि महिला के साथ हुई वारदात की सूचना 112 नंबर पुलिस कंट्रोल पर शिकायत की गई। शिकायत के करीब 30 मिनट के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। महिला ने कानूनी पचड़े में फंसने से बचने के लिए पुलिस को शिकायत देने से मना कर दिया। जिसके कारण पुलिस अज्ञात मोबाइल झपटने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कर सकी है।

### टेलीग्राम ऐप पर यूट्यूब बेस्ड टॉस्क पूरा करने के नाम पर 42 लाख की ठगी में दो और अरेस्ट

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने टेलीग्राम ऐप पर यूट्यूब बेस्ट टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी के इस नए तरीके के अब काफी केस सामने आ रहे हैं। तीन दिन पूर्व 42 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस द्वारा ठगी का शिकार हुए व्यक्ति की शिकायत पर दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन दोनों ने अपना बैंक खाता ठगों को ठगी की रकम डलवाने के लिए दिया था। बता दें कि 9 अप्रैल 2023 को एक व्यक्ति ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक लिखित शिकायत 25/26 मार्च 2023 को टेलीग्राम पर यूट्यूब टास्क पूरा करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट कराकर 42 लाख रुपए की ठगी के बारे में दी थी। थाना साईबर अपराध पश्चिम ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू की। प्रबंधक थाना अपराध पश्चिम के निरीक्षक सवित कुमार ने तकनीकी सहायता से आरोपियों की तह तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। इस ठगी की वारदात में शामिल दो और आरोपियों को गुरुग्राम से ही काबू कर लिया गया। आरोपियों की पहचान किशन गोपाल तेली निवासी गांव देवलिया कला जिला केकड़ी राजस्थान व महेंद्र कुमार सेन के रूप में हुई।

# खेड़ला में मामूली सी बात को लेकर हवा की 12 से 15 राउंड फायरिंग

**सोहना।** खंड के गांव खेड़ला में मामूली सी कहा सुनी और मारपीट होने से अपराधिक प्रवृति के युवक ने दिन दहाड़े घर के बाहर 12 से 15 राउंड हवाई फायर किए। फायर करने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मौके से 10 से 12 खाली खोल बरामद किए है। लेकिन पुलिस अभी तक मामला दर्ज नहीं कर सकी है।

जानकारी के अनुसार खेडला निवासी संजय व कैलाश का स्थानीय गांव के ही निवासी के साथ खेत की मेंढ़ पर चलने के दौरान कुछ कहा सुनी हो गई थी। अपराधीक प्रवृति के नरेन्द्र उर्फ टपली ने इसी बात को लेकर संजय व कैलाश के साथ शुक्रवार की रात को तू तड़ाक हो गई थी। इस दौरान नरेन्द्र उर्फ टपली के साथ मारपीट कर दी गई थी। इस मारपीट में कैलाश के सिर में पत्थर से चोट भी लगी थी। जिसे परिजनों ने शुक्रवार की रात को ही नागरिक



अस्पताल सोहना में दाखिल कराया था। कैलाश अस्पताल से उपचार लेने के बाद अपने घर आ गया था। शुक्रवार की रात को हुआ झगड़ा को रंजिश मानते हुए नरेन्द्र उर्फ टपली अपने साथ शनिवार को सायं 4 बजे के करीब अपने एक दो और साथियों को बाइक पर लेकर संजय व कैलाश के पास पहुंचा। उनके घर के बाहर नरेन्द्र उर्फ टपली ने 12 से 15 राउंड फायरिंग की। फायरिंग मकान के बाहर के हिस्सा में लगे शीशों पर निशान पड़ें हुए है। उसके बाद नरेन्द्र साथियों के साथ फरार हो गया।

# स्वच्छता के लिए हम सबको समझनी होगी जिम्मेदारी

### सेक्टर-83 में गांव सिकंदरपुर बढ़ा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी के स्वच्छता के लिए किए गए मार्गदर्शन से व स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार को प्रिंसिपल शालू आहूजा के मार्गदर्शन में सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुंदर लाल यादव व करमवीर सिंह श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल सेक्टर-83 के छात्र और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति जागरुकता रैली निकाली।

सरपंच सुंदर लाल व करमवीर सिंह ने स्कूल द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि सभी नागरिक अपने परिवेश को साफ रखेंगे तो पूरा भारत स्वच्छ और सुंदर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि हम



गुरुग्राम के सिकंदरपुर बढ़ा गांव में स्वच्छता के प्रति जागरुक करते बच्चों के साथ सरपंच सुंदर लाल व स्कूल का स्टाफ।

सभी को एक व दो अक्टूबर को अपने-अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने हैं। स्वच्छता हम सबके अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। अपने आसपास गंदगी ना हो, इस पर हमें ध्यान देना चाहिए। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो शुरुआत की, उसके बड़े अच्छे परिणाम सामने आए हैं। हर व्यक्ति जागरुक हुआ है। यह जागरुकता हमारे अंदर खत्म नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई की शुरुआत हमें अपने घर व आसपास से करनी चाहिए। अगर हम सब ऐसा करेंगे तो पूरा क्षेत्र चमकता नजर आएगा। सब कुछ हमें सरकार के भरोसे ना छोड़कर स्वयं भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। जब हर व्यक्ति इस बात को समझेगा तो परिणाम अच्छे नजर आएंगे। प्रिंसिपल शालू आहूजा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार का सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। स्कूल ने इसे सफल बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। स्वच्छता अभियान के दौरान स्कूल के बच्चों ने दीवार पेंटिंग और स्वच्छता के नारों-हम सबका एक ही नारा-साफ स्वच्छ हो देश हमारा के माध्यम से जन जागरूकता पैदा की गई। स्कूल के छात्रों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया।

# अनंदिता नारायणन द्वारा मनमोहक भरतनाट्यम एकल प्रस्तुति-आरोहणम: स्टेप्स टु डिस्कवरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**नाट्य** वृक्ष द्वारा पद्मश्री नृत्यांगना गुरु गीता चंद्रन शिष्या अनंदिता नारायणन की एकल भरतनाट्यम प्रस्तुति - 'आरोहणम: स्टेप्स टु डिस्कवरी' का आयोजन किया गया। लोधी रोड स्थित चिन्मय मिशन सभागार में आयोजित इस नृत्य संध्या में अनंदिता ने मनमोहक भरतनाट्यम प्रस्तुत करते हुए उपस्थित मेहमानों एवम् अन्य को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में उनका साथ दिया उनकी गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), के वेंकटेश्वरम (वोकल), मनोहर बालातचंदिरेन (मृदंगम), वरुण राजशेखरन (घटम) और जी राघवेंद्र प्रसाद (वॉयलिन) ने।



अनंदिता ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत खंडम (5 बीट चक्र) अलारिप्पु के साथ की, जो भगवान, उनकी गुरु- गीता अक्का और दर्शकों को एक विनम्र भेंट थी। इसके बाद सुंदर पूर्वी कल्याणी राग में संकीर्णा (9 बीट चक्र) जातिश्वरम हुआ, यह एक विशुद्ध लयबद्ध टुकड़ा था, जिसने सभी को लुभाया। इसके बाद अनंदिता ने आरोहणम के आकर्षण, दिल छूते मनमोहक बिहाग राग में भावपूर्ण वनजक्ष वर्णम प्रस्तुत किया। इसमें भगवान कृष्ण की मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुंदरता का खूबसूरती से वर्णन किया गया, जिसके बोल प्रशंसा और समर्पण को जागृत करते हैं। इस मनोरम वर्णम की कोरियोग्राफी में सुंदर संस्कारों के साथ जटिल जटाएं शामिल थीं, जो वेणुगोपाल के विभिन्न पहलुओं को जीवंत करती हैं। यह भवसागरम के विशाल महासागर में उनके आशीर्वाद की प्रत्याशा, कालिया धामनम के विस्मयकारी क्षणों को चित्रित करता है, जहां कृष्ण ने आसानी से शक्तिशाली नाग कालिया को वश में कर लिया था, और कृष्ण की बांसुरी से निकलने वाले दिव्य संगीत की मंत्रमुग्ध शक्ति को दर्शाता है, जो मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। इसमें कृष्ण की अद्वितीय सुंदरता को भी दर्शाया गया है, जो करोड़ों कामदेव से भी अधिक है। मधुर वर्णम के बाद, उन्होंने 'बसो मोरे नैनन में' शीर्षक से एक मीरा भजन प्रस्तुत किया। इस भजन में, मीराबाई अपने प्रिय भगवान गोपाल के प्रति अपनी अटूट भक्ति व्यक्त करती हैं, जिनके बारे में उनका कहना है कि वे न केवल अपने भक्तों के लिए एक मित्र के रूप में कार्य करते हैं, बल्कि संतों को शाश्वत खुशी भी प्रदान करते हैं। आरोहणम का समापन अनंदिता ने नृत्य के दिव्य भगवान, भगवान शिव का आह्वान करते हुए रागम हिंडोलम में एक थिलाना प्रस्तुत करते हुए किया। अपनी प्रस्तुति के उपरान्त अनंदिता ने बताया, 'आरोहणम: स्टेप्स टू डिस्कवरी' ज्ञान का सफर है।

# सोहना में जगमग होने लगी स्ट्रीट लाइटें

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



**शहर** में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिससे मुख्य सड़क और तंग गलियों से लेकर आम रास्ते, सड़क, बाजार से अंधेरा छटने लगा। परिषद अधिकारी सभी वार्डों में खराब स्ट्रीट दीपावली से पहले शहर स्ट्रीट लाइट जगमग किया जाने का दावा कर रहे है। पिछले करीब तीन माह से स्ट्रीट लाइट ठीक करने वाली फॉरच्यूनर एजेंसी की बरती जा रही लापरवाही से आम लोगों से लेकर वार्ड पार्षदों ने सवालियां निशान लगाने शुरु कर दिए थे। इतना ही नहीं बार-बार मिलने वाल शिकायतों पर एजेंसी पर दो बार जुर्माना लगाया गया और एक बार ब्लॉक लिस्ट आउट करने की तैयारी भी परिषद कार्यालय ने कर दी थी। लेकिन उसके बाद से एजेंसी मालिक द्वारा खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने वाली टीम की संख्या एक से बढ़ाकर तीन कर दी।


> **शहर** और ग्रामीण क्षेत्र में 80 फीसदी स्ट्रीट लाइटें ठीक हो गई है। अब एक दिन में 3 से 4 स्ट्रीट लाइट को ठीक करने की शिकायत आती है। एक माह पहले तक एक दिन में 20 से 30 स्ट्रीट लाइट खराब की शिकायत आती थी।
>
> **( रविन्द्र डागर-निरीक्षक स्ट्रीट लाइट )**
>
> **दीपावली** से पहले शहर में स्ट्रीट लाइट से समूचे शहर और ग्रामीण क्षेत्र को जगमग किया जाएगा। एजेंसी को 15 दिन के अंदर 95 फीसदी स्ट्रीट लाइट ठीक करने को कहा गया है।
>
> **( विक्की सिंह-एक्सइएन नप )**

**80 फीसदी स्ट्रीट लाइटें ठीक :** शहर के अंदर व बाहर जाने वाले मार्गो पर रोजाना 10 कर्मचारी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने में जुटे है। 6 कर्मचारियों की तीन टीम स्ट्रीट लाइटों के कटे कनेक्शन, बल्ब बदलना और नई तार लगाने का कार्य करते है। एक टीम हाई ड्रा पर काम करती है। एक टीम वार्डों में छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने में लगी होती है।

# सिम्बायोसिस एमबीए में प्रवेश हेतु स्नैप 2023 में रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हुई: आधिकारिक घोषणा की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**भारत** में एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए जानी-मानी परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट (SNAP/ स्नैप) 2023 ने आगामी वर्ष के लिए अपनी महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा कर दी है। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन 23 अगस्त 2023 को शुरू हुए और 23 नवम्बर 2023 को बंद हो जाएंगे। स्नैप टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड निर्धारित तारीखों पर स्नैप की ऑफिशियल वेबसाईट www.snaptest.org के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। ये तारीखें हैं : स्नैप टेस्ट 01 के लिए 04 दिसम्बर 2023 (सोमवार), स्नैप टेस्ट 02 और 03 के लिए 09 दिसम्बर 2023 (शनिवार)। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की आखिरी तारीख 23 नवम्बर 2023 है। 2023 के लिए स्नैप कम्प्यूटर- बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन तीन निर्धारित तारीखों को होगा : 10 दिसम्बर 2023 (रविवार), 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) और 22 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार)। स्नैप 2023 परीक्षा के परिणामों की घोषणा 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को की जाएगी। स्नैप छात्रों को 16 प्रतिष्ठित बी-स्कूलों में



आवेदन का अवसर देता है, जिनमें 26 विभिन्न एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं। स्नैप के माध्यम से छात्रों को SIBM पुणे, SICSR, SIMC, SIIB, SCMHRD, SIMS, SIDTM, SCIT, SIOM, SIHS, SIBM बैंगलुरू, SSBF, SIBM हैदराबाद, SSSS, SIBM नागपुर और SIBM नोएडा में प्रवेश का अवसर मिलता है। वे उम्मीदवार जो स्नैप 2023 में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे इसके बारे में विस्तृत जानकारी, योग्यता के मानदंड, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में जानने के लिए पर विज़िट कर सकते हैं। इसके अलावा, यह याद रखना भी ज़रूरी है छात्रों को टेस्ट के शहर और टेस्ट की दिनांक का आवंटन पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। स्नैप के लिए क्वालिफाय होने के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान से बैचलर की डिग्री होनी चाहिए। अंडरग्रेजुएशन में उनके अंक कम से कम 50 फीसदी (एससी/ एसटी के लिए 45 फीसदी) होने चाहिए। वे उम्मीदवार जो अपने अंडरग्रेजुएट अध्ययन के फाइनल ईयर में हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन प्रवेश का फैसला उनकी फाइनल परीक्षा के न्यूनतम अंकों के आधार पर ही किया जाएगा। अगर एक उम्मीदवार के पास विदेशी युनिवर्सिटी से क्वालिफिकेशन है, उन्हें स्नैप के लिए योग्य होनेके लिए एसोसिएशन ऑफ इंडियन युनिवर्सिटीज़ (एआईयू) से इक्वीलेन्स सर्टिफिकेट हासिल करना होगा। स्नैप सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) से सम्बद्ध असंख्य प्रतिष्ठित मैनेजमेन्ट संस्थानों के लिए गेटवे की भूमिका निभाता है, इन संस्थानों में एमबीए प्रोग्रामों में प्रवेश का मौका देता है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने को प्रोत्साहित किया।

# ताज एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पलवल न होने से यात्री परेशान

पदम सिंह घुघेरा। पलवल

**पलवल** रेलवे स्टेशन पर ताज एक्सप्रेस का स्टॉपेज नहीं होने से इस रेलगाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों को दूसरे शहरों में जाकर गाड़ी पकड़नी पड़ती है। पलवल क्षेत्र के सैकड़ों रेल यात्री हर रोज मथुरा, आगरा, ग्वालियर, ललितपुर व अन्य स्टेशनों को आते-जाते हैं। परंतु यह रेलगाड़ी पलवल रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकती है। जिससे यात्रियों को फरीदाबाद, मथुरा स्टेशनों पर पहुंच इस गाड़ी को पकड़ना पड़ता है। जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। यात्री कई बार ताज एक्सप्रेस का पलवल में स्टॉपेज करने की मांग रेल प्रशासन से कर चुके हैं, परंतु

## दूसरे स्टेशनों से जाकर पकड़नी पकडती है रेलगाड़ी

आज तक यात्रियों की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे यात्रियों में रेलवे के खिलाफ नाराजगी है।

पलवल रेलवे स्टेशन दिल्ली-आगरा के बीच पड़ने वाले बड़े स्टेशनों में शुमार है। इस स्टेशन से हजारों यात्री हर रोज दूसरे स्टेशनों के लिए आते जाते है। इनमें से कुछ यात्रियों को व्यापार व दूसरे जरूरी कार्य के लिए आगरा, मुरैना, ग्वालियर, ललितपुर व झांसी स्टेशनों के लिए आना-जाना होता है। इन स्टेशनों को आने-जाने के लिए ताज एक्सप्रेस सबसे बेहतर रेलगाड़ी है।




इससे हर रोज जाकर वापस भी आया जा सकता है। इसलिए यात्री ताज एक्सप्रेस से जाने को प्राथमिकता देते हैं, परंतु ताज रेलगाड़ी का स्टॉपेज पलवल में नहीं है। दूसरे स्टेशनों से गाड़ी पकड़ने की वजह से उन्हें सुबह एक दो घंटे पहले घर से निकलना पड़ता है। वहीं दूसरे स्टेशनों पर जाने में भी यात्रियों के अतिरिक्त रुपये खर्च हो जाते हैं। इस प्रकार गाड़ी पकड़ने में यात्रियों का समय और धन दोनों बर्बाद होता है। यह गाड़ी सुबह जाती है और देर रात वापस लौट आती है। जिससे दैनिक यात्री अपने दूसरों शहरों के काम को कर वापस उसी दिन लौट आते हैं। दूसरे स्टेशनों से ताज एक्सप्रेस में जाने पर गाड़ी छूट जाती है। जिससे यात्रियों को बस व अपने निजी वाहनों से अन्य शहरों को जाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि पलवल रेलवे स्टेशन काफी बड़ा स्टेशन है। जो आसपास के मेवात, गुड़गांव, अलीगढ़ आदि शहरों से जुड़ा हुआ है।



"**पलवल** स्टेशन काफी पुराना रेलवे स्टेशन है, जिससे हजारों रेलयात्री प्रतिदिन दूसरे स्टेशनों के लिए आते-जाते हैं। दैनिक रेल यात्रियों ने कई बार ताज एक्सप्रेस का स्टॉपेज स्टेशन पर करने की मांग की है, जिससे उन्हें इस रेलगाड़ी को पकड़ने दूसरे स्टेशनों पर नहीं जाना पड़े।

**-श्याम सुंदर, दैनिक रेलयात्री**



"**पलवल** रेलवे स्टेशन पर ताज एक्सप्रेस का स्टॉपेज नहीं होने की वजह से यात्रियों को इस रेलगाड़ी को पकड़ने के लिए फरीदाबाद या मथुरा स्टेशनों पर जाना पड़ता है। जिससे यात्रियों को दो से तीन घंटे पहले घर से चलना पड़ता है। रेलवे को पलवल स्टेशन पर ताज एक्सप्रेस का स्टॉपेज बनाना चाहिए।

**-सौरव रावत, दैनिक रेलयात्री**

# शिक्षा ही स्वस्थ जीवन का आधार : बिपलब देव

## सहोदया स्कूल कांप्लेक्स फरीदाबाद एजुकेशनल चैप्टर ने शिक्षकों को किया पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सहोदया** स्कूल कांप्लेक्स फरीदाबाद एजुकेशनल चैप्टर द्वारा फरीदाबाद जिले के अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले शिक्षकों को सहोदया उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि बिपलब कुमार देव, संसद सदस्य राज्यसभा एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा द्वारा प्रदान किए गए। इस शानदार समारोह की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन डॉक्टर वीपी यादव ने की। डॉ. वीपी यादव ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों को बधाई दी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनरल सेक्रेटरी भाजपा हरियाणा संदीप जोशी थे। अपने संबोधन में बिपलब देव ने कहा कि शिक्षक ही भारत के भविष्य का निर्माण करते हैं, शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता कहे जाते हैं, शिक्षक ही बच्चों के जीवन का आधार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे शिक्षकों को सम्मान प्रदान करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। सहोदया के प्रत्येक स्कूल के एक शिक्षक को सहोदया उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सहोदया कांप्लेक्स फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष एवं ग्रांड कोलंबस स्कूल के चेयरमैन सुरेश चंदर, उपाध्यक्ष दीपिका शर्मा, जनरल सेक्रेटरी एवं वृन्दा इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी, कोषाध्यक्ष एवं डीएवी सेक्टर-14 स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता गौतम, जॉइंट सेक्रेटरी एवं रावल इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर सीवी सिंह, सदस्य एवं विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन दीपक यादव, सहोदया की सदस्य एवं डीपीएस सेक्टर 81 की प्रधानाचार्या सुरजीत खन्ना, सदस्य एवं मनस्कृति स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति भल्ला आदि थे। डीएवी स्कूल, सेक्टर-14 की प्रधानाचार्या अनिता गौतम ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया।

## पदक जीतकर घर लौटने पर श्रद्धा का हुआ स्वागत

**फरीदाबाद।** उज्बेकिस्तान के ताशकंद शहर में संपन्न ओपन अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में श्रद्धा रानगढ़ ने स्वर्ण पदक जीता। पदक के साथ घर लौटने पर श्रद्धा का स्वागत हुआ। आयसर चौक पर श्रद्धा का ढोल नगाड़ों के साथ फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, श्रद्धा बिटिया की जय के नारे लगाए। श्रद्धा अपने घर तक ढोल की थाप पर नाचते गाते पहुंची। वहीं, श्रद्धा के सम्मान में जवाहर कॉलोनी के लोगों ने माता की चौकी भी रखी। माता की चौकी खत्म होने के बाद उन्हें बधाई और प्रसाद दिया गया।

इस मौके पर एनआईटी विधायक नीरज शर्मा, जगजीत कौर पन्नू, विक्की सिंह सलूजा व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। इनके अलावा रोहताश खत्री, कैशव गौड़, अमर सिंह यादव, धर्मेंद्र पांचाल, ब्रिजेश पांचाल, रमेश खत्री, दिनेश यादव, दीपक त्यागी, दीपक गुप्ता, अनिल धीमान आदि मौजूद रहे। श्रद्धा कनिष्ठ आयुवर्ग में कई स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने चार बार सीबीएसई और तीन बार एसजीएफआई पदक जीता है।

# छात्रा को किडनैप कर होटल में सामूहिक दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**घर से** स्कूल जा रही छात्रा को कार सवारों ने किडनैप कर लिया। इसके बाद वे उसे होटल में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने छात्रा को घटना के बारे में किसी को बताने या पुलिस को शिकायत देने पर जान से मारने की धमकी दी। होडल थाना पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी घर से सुबह सात बजे स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन स्कूल में नहीं पहुंची तो स्कूल से करीब 12 बजे उनके पास फोन आया कि आपकी बेटी आज स्कूल क्यों नहीं आई है। जिसके बाद उन्होंने अपनी बेटी को तलाशना शुरू कर दिया। उसी दौरान उन्हें उनकी बेटी आती हुई नजर आई। जब उसने अपनी बेटी से कारण पूछा तो उसने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला रोहित नामक युवक अपने एक अन्य साथी के साथ उसे स्कूल जाते समय रास्ते से गाड़ी में बिठाकर होटल में ले गए।

होटल में ले जाकर आरोपियों ने उसके साथ रेप किया और किसी को बताने और पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह अपनी पत्नी और बेटी को लेकर होडल थाने पहुंचा और लिखित शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी रोहित व एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## गन प्वाइंट पर महिला से छेड़छाड़ की

**पलवल।** महिला को जंगल में अकेली देखकर गन प्वाइंट पर मारपीट कर छेड़छाड़ की गई। जब महिला ने विरोध किया तो उसके कपड़े फाड़ दिए। होडल थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी मनोज के अनुसार, होडल थाना अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि वह उजीना ड्रेन पर मौजूद थी। उसी समय भोला, दीपक, प्रताप व अन्य उनके साथी गाड़ी में सवार होकर मौके पर आ गए।

# एनजीएफ कॉलेज में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन




**पलवल।** एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें वर्तमान समय में देश भक्ति, तिरंगा, मां और हिंदी भाषा तथा विज्ञान के विषयों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वद्यार्थियों ने न केवल वर्तमान स्थिति के बारे में बताया, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने का बहुत ही अच्छा प्रयास किया। इस अवसर पर कॉलेज के सीईओ अश्विनी प्रभाकर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर राजेश मंगला तथा अध्यक्ष कपिल के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर निदेशक डॉ. शरद कौशिक, उप निदेशक डॉ. मनप्रीत कौर, डीन डॉ. कुलदीप, डॉक्टर विशाल और सभी अध्यापक मौजूद थे।

# पृथला क्षेत्र की कोई सड़क नहीं रहेगी टूटी : नयनपाल रावत

## विधायक ने किया एक करोड़ 10 लाख की सड़कों के कार्य का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछना शुरू हो गया है और क्षेत्र की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। जब सड़कें बेहतर होंगी तो क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी। यह बात पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने गांव फिरोजपुर रोड से फिरोजपुर तक, अगवानपुर एवं मीरापुर में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत एक करोड़ 10 लाख से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि इन सड़कों का 18 फीट तक चौड़ीकरण किया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों



ने विधायक नयनपाल रावत का सम्मान रूपी पगड़ी बांधकर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया। रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र का संपूर्ण विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है और वह जब-जब भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले हैं, तब-तब उन्होंने क्षेत्र के विकास की बात ही उठाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी सड़कों को नए सिरे से बनवाया जा रहा है, ताकि एक गांव से दूसरे गांव तक जाने के लिए लोगों को परेशानी न हो और जल्द ही सभी सड़कें नए स्तर पर बनकर तैयार हो जाएंगी। क्षेत्र की बेहतर कनेक्टिविटी होने से युवाओं को जहां रोजगार के अवसर मिलेंगे, वहीं क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री रावत ने कहा कि विकास का जो पहिया कोरोना महामारी के चलते थम गया था, अब तेजी से चल निकला है और इस एक साल में पृथला क्षेत्र का हरसंभव विकास करवाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं को लेकर विधायक को मांगपत्र भी सौंपा, जिसमें अंकित समस्याओं को विधायक ने जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सूरज राणा, रोतान पूर्व सरपंच, यादि नंबरदार, उदयपाल नंबरदार, बिजेंदर पूर्व सरपंच, बीरेंदर पूर्व सरपंच, जयराम सिंह, जगत सिंह, जयराम, कुमरपाल, खजान, लख्मी, चंदरपाल ब्लॉक अध्यक्ष, सहाबुद्दीन, सुंदर वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हृदय स्वास्थ्य में गिरावट के लिए मोटापा, तनाव और धूम्रपान प्रमुख योगदानकर्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**फरीदाबाद** के हृदय रोग विशेषज्ञों ने तनाव, धूम्रपान और अधिक खाने से वजन बढ़ने को हृदय संबंधी चुनौतियों के लिए जोखिम कारकों का कारण कहा है।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के वयस्क कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. विवेक चतुर्वेदी ने कहा, तनाव और धूम्रपान प्रबंधन हृदय स्वास्थ्य में मुख्य भूमिका निभाता है। इसलिए अत्यधिक तनाव और धूम्रपान से बचना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, खाने की आदतों पर नियंत्रण बनाए रखना महत्वपूर्ण है। अधिक खाने से बचना चाहिए और स्वस्थ आहार अपनाना चाहिए। पेट की चर्बी हृदय स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, जिसे नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधि के माध्यम से रोका जा सकता है। ऐसी गतिविधियां उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे सहित कई प्रकार की बीमारियों को रोकने में बहुत महत्व रखती हैं। वजन घटाने और रक्तचाप में कमी अक्सर दवा की आवश्यकता के बिना नियमित व्यायाम के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

आज के युवाओं में हृदय रोगों के प्रति बढ़ती चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल के डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने यह भी उल्लेख किया है कि स्कूली छात्रों को अपने जीवन में शुरू से ही स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए, जो उन्हें लंबे समय में प्रतिकूल हृदय रोगों से बचने में मदद करेगी।

स्वस्थ हृदय के लिए सकारात्मक दिनचर्या अपनाने और युवाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए, अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के वयस्क कार्डियोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहित भूटानी ने फरीदाबाद के मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल में एक स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को समान रूप से अपने हृदय-स्वास्थ्य के प्रति सचेत कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. भूटानी ने कहा, छात्रों को वसायुक्त खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन के प्रति सावधान करते हुए प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और नट्स के पर्याप्त सेवन के साथ संतुलित आहार लेने पर ध्यान देना चाहिए। शैक्षिक सेटिंग में, एक स्कूल, छात्रों के बीच हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संभावित मोटापे की चिंताओं को जल्द से जल्द पहचानने और संबोधित करने के लिए स्कूलों को छात्रों की एंथ्रोपोमेट्री की नियमित रूप से निगरानी करनी चाहिए। जिसमें ऊंचाई, वजन और बॉडी मास इंडेक्स जैसे माप शामिल हैं। योग और ध्यान को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से छात्रों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। छात्रों के लिए धूम्रपान, शराब का सेवन और मादक द्रव्यों के सेवन जैसी हानिकारक आदतों से बचना आवश्यक है। शिक्षकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपने जीवन में हृदय-स्वास्थ्य प्रथाओं को सक्रिय रूप से एकीकृत करके उदाहरण पेश करें। जिसमें नियमित व्यायाम, तंबाकू और शराब से परहेज और योग और ध्यान जैसी गतिविधियों के माध्यम से तनाव प्रबंधन शामिल है। अमृता अस्पताल फरीदाबाद का लक्ष्य बेहतर है।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में बैगलैस डे का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों को तनावमुक्त व क्रियात्मक शैली से शिक्षा देने की दिशा में बैगलैस डे के रूप में एक नया कदम उठाया गया। इसके अंतर्गत चौथी व सातवीं कक्षा के छात्रों के लिए बैगलैस डे का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने रोजाना की तरह पुस्तकीय पढ़ाई न करके विभिन्न क्रियाकलापों व गतिविधियों का आनंद उठाया। छात्रों के लिए विभिन्न टीम गेम जैसे चेन मूवर्स, टीम बॉल पासैऐथोन आदि आयोजित किए गए। जिनमें सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही कीडीस किचनैट एक्टिविटी के दौरान बच्चों ने कुकिंग विदाउट फायर का लुत्फ उठाया। नृत्य प्रशिक्षक मनीष ने बच्चों को जुंबा व एरोबिक्स सिखाए तथा संगीत प्रशिक्षक राजन मालिक ने सुरों का ज्ञान दिया। अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों को 3डी मॉडल बनाने सिखाए गए। साथ ही बच्चों का मनोरंजन करने के लिए विद्यालय के ऑडिटोरियम में उन्हें एक मनोरंजक फिल्म भी दिखाई गई। खेलों के माध्यम से बच्चों को टीमवर्क का महत्व समझाने की कोशिश की गई तथा प्रकृति के नजदीक ले जाकर



उन्हें प्रकृति का महत्व भी समझाया गया। स्कैवेंजर हंट गतिविधि द्वारा बच्चों को विभिन्न भाषाओं का भी ज्ञान करवाया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें अपनी दिनचर्या सुधारने व मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम के मेंबर्स को प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। समस्त क्रियाकलापों का आयोजन संयोजिका दीपशिखा के नेतृत्व में विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं मीनू, भावना, श्वेता, रितु, रजनी व हिमांशी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने समस्त कार्यक्रमों की सफलता पर सभी शिक्षकों की प्रशंसा की तथा बताया कि छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए विद्यालय इसी प्रकार के आयोजन निरंतर करता रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## कार्यक्रम में वैदिक गणित की उपयोगिता बताई



**पलवल।** जीजीडीएसडी कॉलेज में आइक्यूएसी के तत्वावधान से गणित विभाग द्वारा वक्तव्य का आयोजन किया गया। मुख्य प्रवक्ता के रूप में प्रिया अरोड़ा सहायक प्रोफेसर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभढ़ से रही। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा से की गई। प्रिया अरोड़ा का स्वागत कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रतिभा सिंगला, डॉ. अंजू ढल, डॉ. नरेश सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया। प्रिया अरोड़ा ने बच्चों को वैदिक गणित द्वारा भाग करने के तरीकों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम को बच्चों ने बहुत शांतिपूर्वक ध्यान से सुना और साथ में प्रश्न भी हल किए। गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अंजू ढल, डॉ. नरेश सिंह, डॉ. पूनम पाहुजा, डॉ. जितेंद्र कुमार ने प्रिया अरोड़ा को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग के अध्यापक भावना कौशिक, ज्योति श्योरान भी उपस्थित रहे।

## बाइक सवारों ने महिला की चेन छीनी

**फरीदाबद।** सेक्टर-9 में महिला से बाइक सवारों ने सोने की चेन छीन ली। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर-8 क्षेत्र के अंतर्गत दो दिन में झपटमारी के तीन मामले आ चुके हैं। सेक्टर-9 निवासी डॉ. आशीष गर्ग ने बताया कि 27 सितंबर की शाम को अपनी पत्नी डॉ. रेखा गर्ग के साथ घर से बेटे की दवा लेने के लिए गुरुद्वारा रोड से मार्किट जा रहे थे। जैसे ही मकान नंबर 2007 के सामने पहुंचे तो पीछे से दो बाइक सवार आए और पत्नी के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। आरोपियों ने हेलमेट पहना हुआ था। दंपति ने पकड़ने की कोशिश की लेकिन आरोपी बाइक पर सवार होकर सेक्टर-12 की तरफ भाग गए। बता दें कि इससे पहले सेक्टर 7ए निवासी हर्ष कथूरिया की बाइक सवार युवकों ने गले की चेन झपट ली थी। वहीं, सेक्टर 11 निवासी सविता गुप्ता से भी बाइक सवार दो युवकों ने सोने की चेन छीन ली थी।

## युवा वैज्ञानिक पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कर वापस लौटे

**फरीदाबाद।** राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाले 11वीं कक्षा के युवा वैज्ञानिक पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कर वापस औद्योगिक नगरी लौट आए। इस दौरान विद्यार्थियों ने साइंस सिटी कपूरथला, अटारी बार्डर, अमृतसर व कुरुक्षेत्र का भ्रमण किया। इसमें 50 छात्र व 50 छात्राएं शामिल थे। शिक्षा निदेशालय के आदेश पर इसका आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर की पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए। वहीं, जलियांवाला बाग में देश के अमर जवान शहीदों की कुर्बानियों के बारे जानकारी एकत्रित की। उसके बाद अटारी बाघा बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल की ओर से आयोजित बिटींग रिट्रीट सैरेमनी का हिस्सा बने। वहीं, पुष्पा गुजराल साइंस सिटी कपूरथला में विज्ञान के रहस्यों के विषय में जानकारी ली। इस दौरान जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, खेलकूद और अंतरिक्ष विज्ञान के विषय में जानकारी एकत्रित की। कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण संग्रहालय में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी रोचक चीजों को देखा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**पलवल।** अलीगढ़ रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के जीजा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, चांदहट गांव निवासी भवीचंद ने दी शिकायत में कहा है कि उसका साला जिला अलीगढ़ यूपी के खंडेडा गांव निवासी प्रेमचंद अपनी बाइक पर अपने गांव जा रहा था। जब उसकी बाइक पलवल-अलीगढ़ रोड पर चांदहट थाना क्षेत्र में पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घायल हुए प्रेमचंद को राहगीरों ने इलाज के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचा दिया। डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली स्थित ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। प्रेमचंद को वे इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर सरफदरजंग अस्पताल दिल्ली ले गए। वहां प्रेमचंद की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

## संस्कृत शिक्षकों ने शिक्षण शैली को सेमिनार के माध्यम से सीखा



**फरीदाबाद।** संस्कृत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला फरीदाबाद में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा, गुरुग्राम के निर्देश व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली के प्राचार्य व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद रामदिया भगत के मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिले के दोनों ब्लॉक बल्लभगढ़ के 48 व फरीदाबाद के 52 संस्कृत शिक्षकों का राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-5 में डाइट पाली द्वारा आयोजित प्रशिक्षण को पूर्ण किया। जिसमें कुल 100 प्रतिभागी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण को सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने का दायित्व मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बलबीर सिंह, डॉ. गीता आर्या, राकेश शर्मा, पुरुषोत्तम भारद्वाज व रघु वत्स ने बहुत ही शानदार तरिके से क्रियान्वयन किया। सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण में भाग लिया व संस्कृत शिक्षण को किस प्रकार कक्षा-कक्ष में रुचिकर व प्रभावशाली बनाया जा सके। साथ ही साथ प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण भी किया गया। अंतिम दिन विशेष अतिथि के रूप में संस्कृत के विद्वान सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल शर्मा ने प्रशिक्षण को अपने अनुभव द्वारा शिक्षा पद्धति, जीवन दर्शन, संस्कृत महत्व तथा शिक्षण महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को अपने वचनों से फलीभूत करते हुए संस्कृत शिक्षण को एक विशेष महत्व किस तरह दिया जाए पर बल दिया तथा इसे विद्यालय की विकास की धुरी की संज्ञा दी। अंत में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली फरीदाबाद की ओर से प्रशिक्षण संयोजक अनिल यादव प्रवक्ता, प्रवीण कुमार, आइएफआइसी इंचार्ज ने सभी प्रतिभागियों, मुख्य प्रशिक्षकों, स्कूल स्टाफ व अन्य प्रशिक्षण में सहयोगियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी को 14 साल की सजा

**फरीदाबाद।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी को अदालत ने 14 साल की सजा व 70 हजार का जुर्माना लगाया है। वर्ष 2021 में पीड़िता ने थाना खेड़ी पुल मे दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले में एडिशनल सेशन जज ज्योति लांबा की फास्ट्रेक कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपी दीपक कुमार (28) ने एक 22 वर्षीय लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की वारदात को वर्ष 2021 में अंजाम दिया गया था। आरोपी दीपक कुमार को पुलिस टीम सहायक उप निरीक्षक मुकेश सिपाही सुरेंद्र और मनीष ने 18 अक्टूबर 2021 को गिरफ्तार कर लिया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया था कि पीड़िता आरोपी को पिछले दो वर्ष से जानती है। पीड़िता फरीदाबाद के एक अस्पताल में काम करती थी। जहां पर आरोपी पीड़िता से मिलने के लिए आया करता था। पीड़िता के साथ आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की वारदात को बार-बार अंजाम दिया था। पीड़िता के द्वारा शादी की बात कहने पर आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। सरकारी वकील जगविंदर सिंह द्वारा पीड़िता लड़की की तरफ से मामले में पक्ष रखा गया। मामले में आरोपी को 14 साल की सजा और 70,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# हादसों में सात की जान गई

## गाजीपुर में बस की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

**गाजीपुर।** जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नंदगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि धरवां गांव के निकट दुर्घटना में बाइक सवार राहुल बिंद (21), गोविंद (23) तथा पारस बिंद (22) की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब तीनों ने एक पिकअप वैन से आगे निकलने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इसी दौरान बाइक विपरीत दिशा से आ रही एक बस से टकरा गई। एसएचओ ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप वैन और बस के चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकले। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रक में पीछे से कार घुसने से दो की मौत दो अन्य घायल

भदोही। जिले के औराई थाना इलाके में शनिवार को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो व्यक्तियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। औराई के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जयप्रकाश यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश के शहडोल से पिंडदान करने बिहार के गया जा रही एक तेज र्2398्तार कार सड़क पर खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। एसएचओ ने बताया कि यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर औराई थाना इलाके के घोसिया में शनिवार को करीब बारह बजे हुआ। यादव ने बताया कि शहडोल के जै़दपुर निवासी श्याम सुन्दर केवट (54), मोहन लाल (65), रूपा सिंह (63) और चालक विजेश्वरी प्रसाद तिवारी (62) बिहार के गया में पिंडदान करने जा रहे थे, तभी आज पूर्वाह्न यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि आस-पास के लोगों की मदद से सभी को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम सुन्दर और मोहन लाल को मृत घोषित कर दिया जबकि दो घायलों को गंभीर हालत में वाराणसी रेफर कर दिया। यादव ने बताया कि दोनों शवों कायादव ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार को कब्जे़ में ले लिया गया और आगे की विधिक कार्वाई की जा रही है।

## लखीमपुर में बाघ के हमले में एक युवक की हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले में दुधवा बफर जोन के मैलानी परिक्षेत्र के जंगल में बाघ के हमले में एक युवक की मौत हो गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। मैलानी थाना के अंतर्गत ग्रांट नंबर तीन गांव के निवासी राम मिलन (27) पर शुक्रवार को दुधवा बफर जोन के मैलानी रेंज के जंगल के पास एक बाघ ने हमला किया और उन्हे मार डाला। सूत्रो ने बताया कि बाघ गन्ने के खेत मे छिपा था और जब युवक खेत मे पहुंचा तो उसने उस पर हमला कर दिया। इसके बाद बाघ उसे गन्ने की फसल के काफी अंदर खीच ले गया। जब ग्रामीणों ने लाठी-डंडों के साथ बाघ का पीछा किया तो वह शव को छोड़कर भाग गया और गन्ने की फसल मे कही छिप गया। उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) सतीब खान, रेंज अधिकारी अमित कुमार और अन्य वन कर्मचारी पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने और प्रारंभिक पूछताछ करने के लिए मौके पर पहुंचे। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) के क्षेत्र निदेशक ललित वर्मा ने बाघ के हमले में युवक की मौत की पुष्टि की। बाघ के हमले में युवक की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्मा ने कहा कि शोकसंतप्त परिवार को नियमानुसार आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा क्योंकि घटना संरक्षित वन क्षेत्र के बाहर हुई है। वर्मा ने कहा कि क्षेत्र मे बाघो और अन्य जानवरो की गतिविधियो की सूचना मिली थी, जिसके बाद वन कर्मचारी नियमित रूप से वहां गश्त कर रहे है। उन्होने कहा कि ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे अपने खेतो पर जाते समय सतर्क रहें और इधर-उधर जाने से बचे। ग्रामीणों को समूह मे काम करने की सलाह दी गई है।

## शामली में दो युवकों की यमुना में डूबने से मौत

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र में यमुना नदी में स्नान करने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र में यमुना पुल के पास स्नान के दौरान आसिफ (18) और साजेब (19) नदी में डूब गए। शुक्रवार को दोनों के शव बरामद किए गए। यमुना ब्रिज पुलिस चौकी के प्रभारी मनेंद्र सिंह ने बताया कि तीन युवक एक साथ यमुना नदी में नहाने गए थे, जिनमें से आसिफ और साजेब डूब गए और उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्वाई कर रही है।



## एक घंटे की बारिश से ही गाजीपुर शहर के कई इलाके जलमग्न


**गाजीपुर।** जनपद में शनिवार को पूरे जिले में तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई। एक घंटे की बारिश में शहर के बाजारों व मुख्य मार्गों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से काफी राहत भी मिली। शनिवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थेए लेकिन लोगों को गर्मी व उमस से राहत नहीं मिल पा रही थी। दोपहर में आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। शहर में नगर पालिका के नाले व नालियों की सफाई के दावों की पोल भी खुलकर सामने आई। शहर के मिश्र बाजारए महुआबागए लालदरवाजाए कचहरीए विकासभवन चौराहा समेत अनेक स्थानों पर पानी भर गया। जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे बाद शहर से पानी उतरने पर लोगों का आवागमन शुरू हो सका। खबर लिखे जाने तक शहर के कई हिस्सों में अभी भी बारिश का पानी भरा हुआ है।

## ब्लॉक प्रमुख ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** ब्लड कमांडो फाउंडेशन के तत्वाधान में ब्लाक तालग्राम में आयोजित विशेष रक्तदान शिविर का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ठाकुर राजीव सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है किसी के द्वारा किया गया रक्तदान किसी ने किसी के जीवन को बचाता है।शनिवार को आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में कैंप का उद्घाटन करने के उपरांत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ने कहा कि रक्तदान का अर्थ है कि जीवनदान इसका तात्पर्य है की हर कोई जो भी रक्तदान करता है। वह किसी ने किसी के जीवन को बचाता है। इसलिए हम सभी को भी रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीब सिंह के साथ मनोज सिंह बघेल, बी डी ओ मनोज गुप्ता, एडीओ रबी प्रताप सिंह, विजय सिंह अनूप कुमार, राजेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।
फोटो परिचय30 जीयूआर 02- रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह

## चवन आश्रम में आयोजित भंडारे में उमड़ी लोगों की भीड़



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** चवन आश्रम में आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों एवं जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी कार्यक्रम में मौजूद भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं भाजपा नेता राजीव ठाकुर ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से मन को शांति मिलती है एवं लोगों के बीच धार्मिक आस्था का संचार होता है। शनिवार को गंगा नदी के तट पर स्थित पौराणिक ऋषि मुनि की तपोस्थली चवन आश्रम में समाजसेवी ठाकुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू द्वारा वार्षिक विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता राजीव ठाकुर, भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष बबलू तिवारी, प्रबंधक हरि बाबू अग्निहोत्री, राहुल गौतम सहित तमाम लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद आश्रम के महंत अयोध्या वासी महाराज ने उपस्थित लोगों के समक्ष चवन आश्रम की तपोभूमि एवं गंगा मैया की महत्ता के बारे में बताया।

# प्रतापगढ़ में किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़।** जिले की एक विशेष अदालत ने अनुसूचित जाति की एक नाबालिग किशोरी से हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) आलोक द्विवेदी की अदालत ने दलित किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी राम अवध मौर्य को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) देवेन्द्र त्रिपाठी ने घटना के संदर्भ में बताया कि पीड़ित ने थाना उदयपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 नवंबर 2017 को आरोपी राम अवध मौर्य ने पीड़िता को घर में अकेली देखकर उसे पकड़ लिया और मुंह दबाकर उससे दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की भी धमकी दी। त्रिपाठी ने बताया कि मौर्य रायबरेली जिले के कस्बे नसीराबाद का निवासी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी राम अवध के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और 506 (आपराधिक धमकी) के अलावा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की विवेचना की और फिर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया।

## किशोरी से छेड़छाड़ व धोखाधड़ी के आरोप में पत्रकार गिरफ्तार

बलिया। बलिया जिले के रसड़ा कस्बे के एक पत्रकार को पुलिस ने एक किशोरी के साथ छेड़खानी व धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। रसड़ा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद फहीम कुरैशी ने शनिवार को बताया कि रसड़ा कस्बे के पत्रकार रवि कुमार आर्य को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया तथा विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति की तहरीर पर गत आठ सितम्बर 2022 को रवि कुमार आर्य के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 354 क, 406 व 506 तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीओ ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में रवि कुमार आर्य पर आरोप है कि उसके द्वारा एक कोचिंग संस्था में अध्यापन कार्य करते हुए 17 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ व उसे तंग किया जाता था। उन्होंने बताया कि आरोप है कि किशोरी का अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उसका शारीरिक शोषण करने का प्रयास किया गया तथा उसे ब्लैकमेल करके बारह हजार रुपए नकद के साथ ही 58 ग्राम सोने व 750 ग्राम चांदी के गहने ले लिए गए।

## संचार का प्रभावशाली माध्यम है कठपुतली कलाः डॉ. वीपी सिंह



**संतकबीरनगर।** कठपुतलियां विज्ञान जैसे कठिन विषय को भी सरल एवं रोचक ढंग से आम लोगों तक पहुंचा सकती हैं। यह तथ्य राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, भारत सरकार तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज (आईएमएएस) के संयुक्त तत्वावधान में डायट में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन स्पष्ट दिखाई दिया। रद्दी कागज से बनी रंग बिरंगी कठपुतलियों में कोई डॉक्टर है तो कोई वैज्ञानिक, कोई शिक्षक है तो कोई आशा कार्यकर्ता। अनेक प्रकार के पात्रों के रूप में इस पारंपरिक माध्यम से 30 शिक्षक प्रतिभागियों ने ग्रामीण अंचलों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रचार प्रसार के लिए तैयारी पूर्ण कर ली है। उप शिक्षा निदेशक और डायट के प्राचार्य धीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं बहुत ही उपयोगी हैं और विज्ञान के प्रचार प्रसार में सहायक हैं। प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि कठपुतली कला संचार का पारंपरिक और प्रभावशाली माध्यम है। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को इस कला के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक करना चाहिए। कठपुतली कला विशेषज्ञ श्रीनारायण श्रीवास्तव, अमन मौर्य और संतोष त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को सरल एवं रोचक भाषा में प्रचारित करने के गुर सिखाए। अब यह शिक्षक चुनिंदा गांवों में जाकर कठपुतली नाटकों के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण, मृदा परीक्षण, योग आदि विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक धीरेंद्र त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

## सार्वजनिक स्थल पर नमाज अदा करने पर मामला दर्ज

बरेली (उप्र), 30 सितंबर (भाषा) बरेली जिले के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव दुआवत में सार्वजनिक स्थल पर जनाजे की नमाज अदा करने पर ग्राम प्रधान समेत सात नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हाफिजगंज थाने के प्रभारी चेतराम वर्मा ने शनिवार को बताया कि उप निरीक्षक गजेन्द्र सिंह की शिकायत के आधार पर कल्लुआ, नरबर खान, साबिर, जनादे अली, मोहम्मद उमर (ग्राम प्रधान), उरब्बे अली, मुमताज और 50 अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505(1) और 341 के तहत प्राथमीकि दर्ज की गई। वर्मा ने गजेन्द्र सिंह की शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि दुआवत गांव के नक्शू खां (65) की मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध मे ग्राम प्रधान मो0 उमर ने थाने को सूचना दी थी कि मृतक को दफन करने के लिए शुक्रवार सुबह 10 बजे कब्रिस्तान ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11.00 बजे जैसे ही जनाजा कब्रिस्तान के नजदीक पहुंचा ,लोगो ने सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा की। कब्रिस्तान के पास पुलिस बल मौजूद है, क्योंकि यह आबादी वाले इलाके और ब्रह्मदेव स्थल नामक धार्मिक स्थल के करीब है। स्थानीय लोगो ने सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा किए जाने का विरोध किया और वीडियो बनाकर इसे सार्वजनिक कर दिया जिसके बाद पुलिस ने यह कार्वाई की।

### अहम साझेदारी की घोषणा

लखनऊ। सन किंग ने सस्टेनेबल एनर्जी और फुटबॉल के क्षेत्र को एक साथ लाने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में बेंगलुरू एफसी के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। उक्त साझेदारी सिर्फसमुदाय ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति साझा प्रतिबद्धता के प्रतीक पर भी प्रकाश डालती है, जिसका लक्ष्य अधिकांश लोगों के जीवन में विशेष जगह बनाना है। सुरभि शर्मा, मार्केटिंग लीड. एशिया, सन किंग, ने कहा कि ष्बेंगलुरु एफसी के साथ जुड़ना आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण सफलता को दर्शाता है। यह साझेदारी न सिर्फ हमारे साझा मूल्योंए बल्कि उत्कृष्टता के लिए हमारे सार्थक कैंपेन को भी प्रतिबिंबित करती है। हम आगे की उज्ज्वल यात्रा के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### आईपीओ आने के बाद एलआईसी के सामने चुनौतियां बड़ी है: राजीव निगम

वाराणसी। वाराणसी डिवीजन इन्श्योरेंस इम्प्लाइज एसोशिएशन का 56 वां दो दिवसीय महाधिवेशन आज एलआईसी के मंडल कार्यालय में प्रारंभ हुआण् दो दिनों तक चलने वाले इस अधिवेशन का उद्घाटन नार्थ सेन्ट्रल जोन इनश्योरेंस इम्प्लाइज एसोशिएशन के अध्यक्ष साथी संजीव शर्मा और महामंत्री साथी राजीव निगम ने कियाण् उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महामंत्री राजीव निगम ने कहा कि आईपीओ आने के बाद एलआईसी के सामने चुनौतियां बढ़ी हैंण् सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का परिणाम है कि इतनी मजबूत संस्था का आईपीओ आज बाजार में संघर्ष कर रहा हैण् पूर्वांचल के 8 जिलों से आये प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए साथी निगम ने कहा कि श्रम कानूनों में संशोधन के बाद ट्रेड यूनियन के सामने चुनौतियां और अधिक बड़ी हो गयी हैण् अब हमें और अधिक संघर्ष की आवश्यकता है और यह संघर्ष एकजुटता से ही संभव हैण् एआईआईईए के नेतृत्व द्वारा इतिहास में किये गए संघर्ष और त्याग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा आनेवाला संघर्ष ही उनके संघर्षो को सार्थक करेगाण् युवा साथियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एलआईसी और संगठन दोनों की जिम्मेदारी आपके कंधे पर हैणउन्होंने मंच से आवाह्न किया पुरानी पेंशन के मुद्दे पर संघर्ष के लिए तैयार रहेंण् उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वीडीआईईए अध्यक्ष साथी नारायण चटर्जी ने की और सभा का संचालन महामंत्री बिनोद श्रीवास्तव ने कियाण् अगले दो दिनों में उपस्थित प्रतिनिधि एलआईसी के बेहतरी और कर्मचारी हितों से संबंधित मुद्दे पर गहन चर्चा करेंगे तथा पॉलिसीधारक के हितों की रक्षा के लिए और क्या उपाय किये जायें इसपर मंथन करेंगे।

### छात्रों को शिक्षित कर सशक्त बनाने की पहल

लखनऊ। एड.टेक प्लेटफार्म फिजिक्स वाला ने प्रतिस्पर्धी परीक्षा कोचिंग के परिदृश्य को बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाल ही में, कंपनी ने दिल्ली के साकेत में अपने पहले ऑफलाइन ईएसईए गेट और एसईएस ;ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग सेंटर की शुरुआत की है। सीईओ अभिषेक मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में पहला ईएसईए गेट और एसईएस सेंटर शुरू करना मिशन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम व्यापक अनुभवों के माध्यम से छात्रों को शिक्षित कर सशक्त बनाने बनाना चाहते हैं। यह सेंटर 12 शहरों में 50 हजार से अधिक छात्रों तक पहुंचने और उनके जीवन में बदलाव लाने की यात्रा की शुरुआत है। तमाम कस्बे के समाजसेवी, गणमान्य, संभ्रांत लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# गहरे गड्ढे में डूबने से दो किशोरियों की हुई मौत

**श्रावस्ती।** इकौना . थाना इकौना अंतर्गत बौद्ध परिपथ स्थित मोहनीपुर तिराहे पर झाड़ू बनाने के लिए घास काटने गयी दो किशोरियां पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूब गयी। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने गड्ढे से किशोरियों को बाहर निकाल कर सीएचसी इकौना पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनों किशोरियों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया । थाना इकौना क्षेत्र के बौद्ध परिपथ पर स्थित मोहनीपुर तिराहे के पास एक भूखंड में गांव की ही तीन लड़कियां झाड़ू बनाने के लिए घास काटने गयी थी। भूखंड में बने गहरे गड्ढे में पानी भरा होने के कारण किशोरियां चांदनी व मीनाक्षी भूखंड में बना गड्ढा नहीं देख सकीं और उस में डूबने लगी जिस पर उनके साथ गयी एक अन्य किशोरी ने दोनों को डूबता देख शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने गड्ढे से किशोरियों को बाहर निकाल कर सीएचसी इकौना पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनों किशोरियों को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही हैं।


**गोल्डेन कार्ड हेतु गांवो में लगाये जा रहे हैंविशेष कैम्प . डीएमः** श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित गोल्डन कार्ड विहीन परिवारों में गोल्डेन कार्ड ;आयुष्मान कार्डद्ध विशेष कैम्प लगाकर बनाये जा रहे है। जिसके तहत 27 सितम्बर 2023 से रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक ग्राम में ग्राम के उचित दर विक्रेताओं के वितरण स्थल पर किया जा रहा है।

उन्होने निर्देशित करते हुए बताया कि कैम्प के आयोजन का पर्यवेक्षण सचिव ग्राम पंचायत द्वारा किया जायेगा तथा कैम्प में पंचायत सहायक रोजगार सेवक कोटेदार एवं आशा बहू द्वारा विशेष सहयोग देते हुए लाभार्थियों को ग्रामों से बुलाकर कैम्प तक पहुचाया जायेगा। उक्त कैम्प में किसी भी प्रकार से कोई लापरवाही कदापि क्षम्य न होगी उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि गोल्डेन कार्ड बनाए जाने के लिए दिन की गतिविधियां यथावत् संचालित रहेंगी।

## हत्या व गंभीर अपराध वाले 7 शातिरों पर लगा गैंगस्टर

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव क्षेत्राधिकारी नगर अतुल चौबे के नेतृत्व में थाना को0 भिनगा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण बड़के वर्मा उर्फ सोहनलाल अरविन्द वर्मा उर्फपवन पुत्तिलाल वर्मा पुत्रगण सुरेन्द्र बहादुर वर्मा पंकज वर्मा पुत्र अनोखीलाल अनुप वर्मा पुत्र राधेश्याम रामऔतार पुत्र कामता प्रसाद निवासीगण ग्राम चकपिहानी थाना कोतवाली भिनगा पुतराम वर्मा उर्फ नानबाबू पुत्र मुन्नीलाल वर्मा निवासी बालानगर थाना को0 भिनगा के विरुद्ध मु0अ0सं0 492 ध्2023 धारा 3;1द्ध उ0प्र0 गिरोहबन्द एव समाज विरोधी क्रियाकलाप ;निवारणद्ध अधि0 1986 थाना कोतवाली भिनगासमाज विरोधी क्रियाकलाप ;निवारणद्ध अधि0 1986 थाना कोतवाली भिनगा उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका गैंग लीडर बड़के वर्मा उर्फ सोहनलाल है । अभियुक्तगणों द्वारा हत्या छेड़खानी गंभीर चोट आदि जैसी गम्भीर घटनाए कारित की जाती रही है।

## हिन्दी के माध्यम से कर सकते हैं नई चुनौतियों का सामना



**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीप कार्यालय, कानपुर के तत्वाधान में ।पोणित हिन्दी पखावाड़ा का समापन प्रादेशिक प्रबन्धक प्रा,सं.प्र./दावा) देव कुमार चौधरी द्वारा 29 शितम्बर को अपराह क्षेत्रीय कार्यालय भवन के क्लब में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुश्री कविता मनमोहन, प्रादेशिक प्रबन्धक (विपणन) सुरेश चन्द्र गौतम, प्रा, प्र. (गा.सं,वि.) शहित सभी अधिकारीएवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रादेशिक प्रबन्धक प्रा.संप्र//दावा) देवू कुमार चौधरी ने कहा कि व्यावसाधिक प्रतिस्पर्धा के परिवेश एवं बदलती परिस्थितियों में नई चुनौतियों का सामना राजभाषा हिन्दी के माध्यम से सरलता के साथ कर सकते हैक्योंकि हिन्दी आसानी से समझ में आने वाली भाषा होने के साथ ही सम्पूर्ण भारतवर्ष में अभिव्यक्ति का अत्यंत सहज एवं सबल माध्यम है। इस अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र के सभी कर्मठ अधिकारियों ,फर्मचारियों, विकास अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे वे अपना समस्त कामकाज हिन्दी में करें साध ही राजभाषा हिन्दी के प्रभाभी प्रयोग में भी सक्रिययोगदान प्रदान करें । सुश्री कविता मनमोहन, प्रादेशिक प्रबन्धक ने कहा कि हिन्दी हमारी माँ है इसलिए हिन्दी माँ के समान, सम्मान दें और हिन्दी के विकास में अधिक से अधिक कार्य करें। पंकज सकरेना, प्रादेशिकप्रब्धक(विषणन) ने कहा कि हमारा निगम व्यावसाधिक संस्थान है इसलिए हम सभी को अधिक सेअधिक कार्य हिन्दी में करना चाहिए और हम सभी हिन्दी की प्रगति का हिस्सा बने। प्रा.प्र. (मा.सं.वि.)/क्षेत्रीय राजभाषा संपर्क की चर सुरेश चन्द्र गौतम स्वागत उद्बोधन में कहा कि हिन्दी को हम सम्पर्क भाषा एवं संचार की प्रमुख भाषा के रूप में प्रयोग करें तभी हम राजभाषा- हिन्दी को सही मायने में सम्मानित कर सकेंगे।

## राज्यपाल ने दीपक सक्सेना को विद्या वाचस्पति की उपाधि से किया सम्मानित



**संवाददाता** घाटमपुर-नगर के मूसानगर रोड स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह जनता औधोगिक विद्यालय इंटर कालेज के शिक्षक दीपक कुमार सक्सेना को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजनीति विज्ञान बिषय पर मौलिक प्रबन्ध प्रस्तुत करने पर विद्या वाचस्पति की उपाधि से सम्मानित किया है, उन्हे ये उपाधि प्रदेश में महिलाओं के संन्दर्भ में सामाजिक सुरक्षा की नीतियों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन ( कानपुर नगर की घाटमपुर तहसील के बिशेष सन्दर्भ ) को लेकर गत दिनों क्षत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के 2023 के दीक्षान्त समारोहमे दिया गया है।

## शाश्वत सिंह यूपीसीए विकास समिति के सदस्य बनाये गए



गाजीपुर। जनपद के गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह को यूवपीवसीवएव विकास समिति का सदस्य चुना गया। शनिवार को कानपुर स्थित कमला क्लब में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की आम वर्षिक बैठक संपन्न हुयी। बैठक में निदेशक मंडल सहित अपैक्स कौंसिल के सदस्य तथा समस्त जिला क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक में राज्य क्रिकेट के चहुमुखी विकास में आगामी कार्यक्रमों में गहनता पूर्वक चर्चा कर कई समितियों का गठन किया गया। इसी क्रम में राज्य में क्रिकेट के विकास गठित विकास समिति में गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह को यू0पी0सी0ए0 विकास समिति का सदस्य चुना गया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने शाश्वत सिंह को जन्मदिवस के साथ.साथ समिति के सदस्य बनाये जाने पर शुभकामना दी। उनके विकास समिति सदस्य बनाये जाने पर मंडल के खिलाडियों में नए उत्साह का संचार हुआ है। इससे न केवल मंडल अपितु समस्त पूर्वांचल के क्रिकेट जगत से जुड़े समस्त खिलाडियों के विकास में मददगार साबित होंगी।


## बड़े साहब और सब्जबाग

एलडीए के बड़े साहब ने जनेश्वर मिश्र पार्क में जुरासिक पार्क बनाने का सब्जबाग दिखाया है। साहब भले ही अवैध इमारतें ध्वस्त करने में नाकाम रहे हैं, हो लेकिन अवैध सपने दिखाने लगे हैं। बड़े साहब ने अपने मातहतों के साथ बैठक कर प्रेजेंटेशन देखा। देखने वालों की प्रतिक्रिया ऐसी है कि प्रेजेंटेशन में रहे लोग करोड़ों वर्ष पूर्व की डायनासोर वाली दुनिया में पहुंच गए हैं, जिसमें आसमान की ऊंचाई वाले डायनासोर, मैमथ और किंगकांग भी दिखाई दे रहे हैं। यह सब देखकर बड़े साहब के कई मातहतों के वास्तविक दुनिया में आने के बाद भी उसकी यादें दिमाग से नहीं मिट पा रही हैं। हालांकि ये कोई नया सपना दिखाने वाले साहब नहीं हैं, इससे पहले भी लंदन आई, एफिल टॉवर, टॉय ट्रेन जैसी विश्व प्रसिद्ध कलाकृतियों को लगाने के वादे किए जा चुके हैं, लेकिन जमीन पर आज तक नहीं ला सके। कुछ भी हो, एलडीए के बड़े साहब हैं कमाल के क्योंकि करोड़ों की गैंडोला बोट और टॉयबोट आदि की व्यवस्था जनेश्वर मिश्र पार्क में की गयी थी, जो कि उद्घाटन के कुछ महीने बाद ही गायब हो गयी और जब मिली तो बदहाल हालत में। पास में ही अंबेडकर पार्क में भी हालात कोई खास बदले नहीं हैं, यहां बैठने वाली बेंचें टूटी पड़ी हैं, पत्थर दरक रहे हैं।

## काम की आस



बेचारे मंत्री जी, भगवा सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं फिर भी बेचारे हैं। कहने को तो मंत्री हैं मगर जिम्मेदारी कुछ खास नहीं। पहली भगवा सरकार में तो इनके पास जल की शक्ति थी और अब इस दूसरी भगवा सरकार में खेती बारी का काम मिला है। मंत्री जी की स्थिति देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें काम तो किसानी का दे दिया गया है लेकिन खेत हैं हीं नहीं। दूसरी बार मंत्री बने डेढ़ साल से ऊपर होने को है लेकिन रूटीन इतना ही है कि सुबह घर से कार्यालय आना और शाम को कार्यालय से घर वापस चले जाना। यही इनकी दिनचर्या बन गई है। इस बीच कभी कभार मौका देखकर विभाग के बड़े मंत्री के आवास पर ही हाजिरी लगा देते हैं कि शायद वहां से कुछ जिम्मेदारी या निर्देश दिए जाए। चुनावी मौसम के दौरान गाहे-बगाहे चुनावी कार्य से जनपदों में चले जाया करते हैं। बस ऐसे ही मंत्री जी का समय कट रहा है। वैसे वह करना तो बहुत कुछ चाहते हैं लेकिन काम है कि वह मिल ही नहीं रहा।




## सीट भरने का जुगाड़



तमाम दावों के बाद भी संस्थान की बीटेक की सीटें नहीं भर रही हैं। दो राउंड की काउंसलिंग हो गई है। इसके बाद अब जुगाड़ के तौर पर प्रशासन ने बीटेक में अपने शिक्षक और कर्मचारियों के लिए पांच फीसदी सीटे आरक्षित कर दिया है। सीटों को भरने के लिए मुखिया ने उन्हें प्रवेश परीक्षा से छूट तक प्रदान कर दी है। इससे पूर्व संस्थान ने अपनी बीटेक की सीटों को भरने के लिए एकेटीयू की काउंसलिंग की प्रतीक्षा नहीं करने का ऐलान किया। इसके बाद दो राउंड की काउंसलिंग के बाद भी उनकी बीटेक की सीटों पर दाखिले नहीं हुए। हालात ये हैं कि खोजने पर भी छात्र नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए संस्थान को अपने ही शिक्षक और कर्मचारियों की याद आई और बिना समय गवाएं शिक्षक और कर्मचारियों के बेटे व बेटियां के लिए पांच फीसदी सीटें आरक्षित कर दी है। इन सीटों पर शिक्षक और कर्मचारियों के जीवन साथी भी प्रवेश ले सकेंगे। शिक्षक व कर्मचारियों के बेटे, बेटियों और उनके जीवन साथी के दाखिले बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।

## भड़क गए मंत्री जी

वीवीआईपी कल्चर और प्रोटोकाल को खत्म करने के लिए भगवा सरकार ने भले ही कई अहम कदम उठाए मगर मंत्री हैं कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे। सत्ता की हनक उनके सिर चढ़कर बोलती है। भले ही अब उनकी कार लालबत्ती नहीं है, पहले की तरफ लंबी-चौड़ी सुरक्षा व्यवस्था नहीं है तो क्या हुआ निजी तामझाम ही इतना फैला रखा है कि जब चलते हैं तो दूर से ही पता चल जाता है कि मंत्री जी का काफिला आ रहा है। भगवा सरकार के एक राज्यमंत्री अपने लाव-लश्कर के साथ बीते दिनों बुंदेलों की धरती वाले एक जिले के सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने गए। दरअसल लौटते वक्त उनके एक परिचित ने अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती अपनी पत्नी के इलाज में मदद के लिए आग्रह किया तो मंत्री स्टाफ नर्स के कक्ष में पहुंचे गए। उन्होंने परिचय देकर नर्स से पूछा कि कौन डाक्टर ड्यूटी पर है? नर्स ने पूरी जानकारी तो दी लेकिन अपनी कुर्सी से खड़ी नहीं हुई। फिर क्या था, मंत्री जी का गुस्सा भड़क गया। सीएमओ व सीएमएस को बुलाकर नर्स की सेवा समाप्त करने को कहा। नर्स अपने को हृदय रोगी बताते हुए माफी मांगती रही लेकिन मंत्री जी नहीं पसीजे। वह अस्पताल में ही अड़े रहे और तब तक वापस नहीं गए जब तक सीएमएस ने संविदा पर तैनात इस नर्स की सेवाएं नहीं समाप्त कर दीं।

# निवेश के द्वार खोलने वाला होगा कृषि कुंभः मुख्यमंत्री

## दिसंबर में संभावित है आयोजन, ग्लोबल बनाने के लिए योगी ने की तैयारियों की समीक्षा

- नई दिल्ली में होगा कर्टेन रेजर इवेंट, लखनऊ में मुख्य समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**वर्ष** 2018 में कृषि कुंभ के आयोजन के लिए देश भर में सराहे गए उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ 2.0 को वैश्विक समारोह बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसकी समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि कुंभ 2.0 में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के साथ-साथ देश के हर राज्य की भागीदारी कराई जानी चाहिए। हर राज्य में कृषि क्षेत्र में हो रहे बेस्ट प्रैक्टिस को यहां प्रदर्शित किया जाए, इससे हमारे किसान तकनीकी दृष्टि से और संपन्न हो सकेंगे। यह आयोजन बीज से बाजार तक और दुनिया भर में कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीक से लेकर नवाचार तक की जानकारी देने वाला होगा। आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में संभावित है।

उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कुंभ के इस दूसरे संस्करण में 2 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता कराई जाए। भारत सरकार के मंत्रीगणों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, सभी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया जाए। सम्मेलन के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान, इजरायल, क्रोएशिया, पोलैंड, पेरू, जर्मनी, यूएसए, फिलीपींस, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया जैसे देशों में खेती-किसानी को लेकर अनेक अभिनव कार्य हो रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर संबंधित देशों में भारतीय दूतावासों/ उच्चायोग से संपर्क कर इन देशों को कृषि कुंभ में कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागी बनाने के प्रयास किए जाएं।

सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में होगा जबकि इससे पूर्व नई दिल्ली में कर्टेन रेजर इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। कृषि कुंभ के विभिन्न आयामों के संबंध में विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों-संस्थाओं द्वारा कृषि प्रदर्शनी, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, ड्रोन के उपयोग, औद्यानिक क्षेत्र की उपलब्धियों, गोवंश संरक्षण, रेशम उद्योग की प्रगति, एग्रो फॉरेस्ट्री, फूलों की खेती, कृषि उद्यमिता, कृषि विविधीकरण, एग्री स्टार्टअप, डिजिटल एग्रीकल्चर जैसे विषयों पर चर्चा-विमर्श, विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रदर्शनियां आदि आयोजित की जाएंगी। बाजार, ज्वार, मडुआ, सांवा, कोदो, काकुन, कुटकी, चेना, कुट्टू और रामदाना जैसे स्वाद और पोषण युक्त श्रीअन्न की विशिष्टताओं से परिचय कराने को अक्टूबर में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश श्रीअन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों/पकवानों का प्रदर्शन किया जाएगा। मिलेट्स पर कार्य करने वाले एफपीओ, उद्यमियों, कृषकों का सम्मानित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में प्रस्तावित मिलेट्स की इस खास कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ होटल एशोसिएशन/ शेफ, स्कूली बच्चों, एफपीओ आदि को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# सीएम ने क्राइम कंट्रोल वाले जिलों के पुलिस अफसरों की थपथपाई पीठ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- खराब प्रदर्शन वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को दिए सुधार लाने के निर्देश
- प्रदेश में हत्या में 9 व डकैती में 16 प्रतिशत कमी का दावा

**प्रदेश** की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के प्रयासों में जुटे सीएम योगी को इसमें लगातार कामयाबी मिल रही है। हाल ही में एनेक्सी में कानून व्यवस्था की हाई लेवल मीटिंग में तब इसकी पुष्टि हुईए जब यूपी पुलिस के उच्च अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष पिछले आठ माह की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रदेश में पिछले 6 वर्षों में जघन्य अपराध हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार के मामलों में काफी कमी दर्ज की गयी है। बैठक में इन मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने और लगाम लगाने वाले टॉप फाइव और बॉटम 5 जिलों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के अधिकारियों को सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले माह की बैठक में उनकी रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिली तो एक्शन लिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में पिछले आठ माह में हत्या के 1921 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिसमें से 1322 में आरोप पत्र एवं 90 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 509 विवेचनाधीन हैं। पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में हत्या में 9.02 प्रतिशत की कमी आयी है। उक्त अभियोगों में संलिप्त 4705 अभियुक्तों में से 4230 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही गयी तथा 475 अभियुक्त वांछित हैं, जिसके लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं महोबा, श्रावस्ती, सीतापुर, जालौन और कौशाम्बी में मामले बढ़े हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जिलों के अधिकारियों को इन पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं हत्या के मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने वालों में अमरोहा, झांसी, जालौन और हरदोई शामिल हैं जबकि चंदौली, औरैया, ललितपुर और बांदा का प्रदर्शन खराब रहा है। इस सीएम ने इन जिलों के अधिकारियों को सुधारने लाने के साथ सख्त चेतावनी दी है। इसी तरह प्रदेश में लूट के 789 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिसमें से 589 में आरोप पत्र एवं 20 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 180 विवेचनाधीन हैं। पिछले आठ माह में प्रदेश में लूट के 24.61 प्रतिशत की कमी आयी है। उक्त अभियोगों में संलिप्त 2222 अभियुक्तों में से 2118 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही गयी तथा 104 अभियुक्त वांछित हैं जिसके लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं महाराजगंज, ललितपुर, संतकबीरनगर, बलरामपुर और कासगंज में मामले बढ़े हैं। लूट के मामले में एकाएक कार्रवाई करने वाले जिलों में फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर और पीलीभीत शामिल हैं जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट, कौशांबी, देवरिया, अमेठी और महोबा का प्रदर्शन खराब रहा। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेशभर में डकैती के 30 अभियोग पंजीकृत किए गए जिसमें 18 में आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। वहीं 12 मामले विवेचनाधीन हैं। पिछले 6 वर्षों में प्रदेशभर में डकैती में 16.22 प्रतिशत की कमी आई। इन अभियोगों में संलिप्त कुल 224 अभियुक्तों में से 200 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही की गयी तथा 24 अभियुक्त वांछित हैं। वहीं कुछ जिलों में बढ़ोत्तरी हुई है, जिसमें वाराणसी कमिश्नरेट, झांसी, अमेठी, औरैया और कन्नौज शामिल हैं। वहीं फिरोजाबाद, बाराबंकी, सीतापुर, ललिपुर और कासगंज ने डकैती के मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि कन्नौज, हाथरस, बदायूं, औरैया और प्रयागराज कमिश्नरेट का प्रदर्शन खराब रहा। इसी तरह प्रदेश में रेप के 1869 अभियोग पंजीकृत किये गए, जिसमें 1359 में आरोप पत्र एवं 220 में अन्तिम रिपोर्ट प्रेषित की गयी। वहीं 290 विवेचनाधीन हैं। इन अभियोगों में संलिप्त कुल 2578 अभियुक्तों में से 2325 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवई की गयी तथा 253 अभियुक्त वांछित हैं।

## 2 अक्टूबर से 'हर घर सोलर अभियान' आयोजित करेगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रही योगी सरकार महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे माह लखनऊ एवं वाराणसी सोलर सिटी में 'हर घर सोलर अभियान' आयोजित करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य यूपीनेडा द्वारा सोलर एनर्जी पालिसी-2022 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 6000 मेगावाट सोलर रूफटॉप संयंत्र के (आवासीय/ व्यवसायिक) लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रयास करना है। यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 'हर घर सोलर अभियान' के अंतर्गत पहला बूट कैम्प लखनऊ के विकासभवन में तथा वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओ के हित में आयोजित इस कैम्प में आवासीय एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों के सम्बधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। कैम्प के दौरान सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के सम्बन्ध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना की प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी जानकारी दी जाएगी।

# आज से शुरू होगी धान, मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद

- ग्रेड 'ए' धान 2203 और कॉमन धान की 2183 रुपए प्रति कुंतल की निर्धारित दर से होगी खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के तहत रविवार एक अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं बुन्देलखण्ड में और एक नवम्बर 2023 से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में धान का समर्थन मूल्य ग्रेड 'ए' धान 2203 रूपये प्रति कुंतल और कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से खरीद शुरू कर रही है। प्रदेश में इस वर्ष धान खरीद के लिए 70 लाख मी. टन क्रय लक्ष्य व 4000 क्रय केन्द्र संचालित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें खाद्य विभाग के 1350 क्रय केन्द्र, पीसीएफ के 1600, पीसीयू के 550, यूपीएसएस के 200, मण्डी परिषद के 100 और भारतीय खाद्य निगम के 200 क्रय केन्द्र संचालित किये जाने हैं।

गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। ख़रीद वर्ष 2022-23 में 4431 केंद्र खुले थे जबकि इस वर्ष 2023-24 में अब तक 4440 केंद्र खोले गए हैं। यह जानकारी प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने दी। उन्होंने बताया कि खरीद के लिए ऑनलाइन किसानों का पंजीकरण एक जुलाई से प्रारम्भ किया गया और अब तक 163061 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि धान और मोटे अनाज की खरीद के लिए बोरे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खाद्य आयुक्त ने बताया कि मोटे अनाजों के अन्तर्गत प्रदेश में मक्का, बाजरा और ज्वार खरीद हेतु मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2090 रुपये प्रति कुन्तल, बाजरा का 2500 रुपये प्रति कुन्तल, ज्वार (हाईब्रिड) 3180 रुपये प्रति कुन्तलए ज्वार (मालदण्डी) 3225 रुपये प्रति कुन्तल तथा कोदो का समर्थन मूल्य 3846 रुपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से खरीद की जायेगी। मक्का, बाजरा एवं ज्वार की खरीद रविवार एक अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2023 तक होगी।

सौरभ बाबू ने बताया कि प्रदेश के मुख्य मक्का उत्पादक 29 जनपदों यथा बुलन्दशहर, हापुड, सहारनपुर, बदायूँ, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, गोण्डा, बहराइच, श्रावस्ती, बलिया, जौनपुर देवरिया, मिर्जापुर, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी, आजमगढ़ एवं ललितपुर में मक्का की खरीद किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्य बाजरा उत्पादक 40 जनपदों में बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूं, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, आगरा, मथुरा मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, बलिया, मिर्जापुर, सन्तरविदास नगर, जालौन, चित्रकूट, बाँदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में बाजरा की खरीद किया जाना प्रस्तावित है।

# 36.15 करोड़ पौधरोपण के बाद अब वानिकी नववर्ष मनाएगी सरकार

- राज्य स्तर के साथ ही सभी 75 जिलों में आज होगा वृहद आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार वनों के सृजन-संरक्षण पर और तेजी से कदम बढ़ा रही है। यूपी में सफलतापूर्वक वृहद रूप से 36.15 करोड़ पौधरोपण करने के बाद योगी सरकार अब वानिकी नववर्ष भी मनाएगी। सभी 75 जनपदों में समान रूप से पौधरोपण के पश्चात पहली अक्टूबर को राजधानी लखनऊ के साथ ही सूबे के सभी 75 जनपदों में इसका वृहद आयोजन किया जाएगा। विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का भी विमोचन होगा। साथ ही पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम भी अभी से घोषित होगी यानी कागजों से निकलकर योगीराज में यह नववर्ष अब जमीं पर भी दिखेगा। वृक्षारोपण अभियान-2023 को सफल बनाने वाली मिशन टीम की हौसलाअफजाई करने के बाद योगी सरकार अब उनका सम्मान भी करेगी। योगी सरकार के मार्गदर्शन में विभाग ने अगले वर्ष की तैयारी भी शुरू कर दी है। वानिकी नववर्ष के तहत 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम के गठन की घोषणा होगी। वृक्षारोपण वर्ष 2023-24 के लिए नवगठित मिशन टीम को बेटन हस्तांतरित किया जाएगा। वृक्षारोपण वर्ष 2024 के लिए आईटी सेल द्वारा पीएमएस व एनएमएस साइट की लांचिंग होगी। साथ ही कॉफी टेबल बुक व विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का विमोचन भी होगा।

वानिकी नववर्ष के तहत 2023-24 के लिए तैयार की गई मुख्य लाटों को उप्र वन निगम को हस्तांतरण करने की कार्यवाही शुरू होगी। विभिन्न प्रभागों में अग्रिम मृदा कार्य व नर्सरियों में थैली भरान कार्य का शुभारंभ, विभिन्न प्रभागों के मुख्य पातन की लाटों के बाउंड्री रजिस्टर पर वन निगम के प्रतिनिधि द्वारा हस्तांतरण की कार्यवाही, प्रत्येक प्रभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किए गए सिल्वीकल्चरल प्लान ऑफ ऑपरेशन का क्रियान्वयन पहली अक्टूबर 2024 से किया जाएगा।

## ग्राम चौपालों के निखर कर आ रहे सार्थक परिणामः केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणों की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं और काफी हद तक लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता हैए वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# देश में सबसे अधिक भाजपा के हैं अनुसूचित वर्ग के सांसद, विधायकः भूपेंद्र चौधरी

- बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में हुई अनुसूचित मोर्चा की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा अनुसूचित वर्ग के लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में अपनी अनेक योजनाओं के द्वारा अनुसूचित वर्ग के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में अनुसूचित वर्ग के सबसे ज्यादा सांसद व विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भाजपा के है।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने यह बातें भाजपा मुख्यालय में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में कही। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष, केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिकाओं के अध्यक्षों सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से जुड़े पांच स्थान जन्म स्थान महू, दीक्षा स्थल नागपुर, चौत्यभूमि मुंबई, शिक्षा भूमि लंदन और महापरिनिर्वाण स्थल दिल्ली में स्मारकों के निर्माण कर पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे अभियानों व कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने श्बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत बस्तियों में लाभार्थियों से सम्पर्क सहित समाज के प्रबुद्ध वर्ग, सेवा निवृत्त अधिकारी, खिलाड़ी, लोककलाकारों व अन्य प्रमुख लोगों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करने को कहा। प्रदेश महामंत्री संगठन ने आगामी दिनों में अनुसूचित मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी 6 संगठनात्मक क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले सम्मेलनों की योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्तर पर होनें वाले इन सम्मेलनों में प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक बूथ से अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो इसके लिए हमें योजनापूर्वक कार्य करना होगा। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अनुसूचित समाज के कल्याण के लिए किए गए अनेकों कार्यों के बारे में भी लोगों को अवगत कराने के लिए व्यापक सम्पर्क संवाद करने के लिए कहा। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कन्नौजिया, केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा भोला सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री गुलाबों देवी, असीम अरूण, विजय लक्ष्मी गौतम, सुरेश राही, अनूप वाल्मीकि व मनोहर लाल मन्नू कोरी, सहित सांसद, विधायक, मोर्चो के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष व अन्य प्रमुख नेता सम्मिलित हुए।

## प्रदेश की सभी विधानसभाओं में भाजपा आयोजित करेगी 'नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं महिला जनप्रतिनिधियों की बैठक शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर संपन्न हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रही।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बनाकर महिलाओं का सम्मान बढाने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। बैठक में प्रदेश की सभी विधानसभाओं में 'नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन' आयोजित किये जाने का भी निर्णय लिया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को हमेशा प्रोत्साहन दिया है। भाजपा पहली और अकेली ऐसी पार्टी है जिसमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर संगठन के उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से महिलाओं को नेतृत्व करने का मौका मिलेगा तथा महिलाएं भी राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाहन कर सकेगी। उन्होंने कहा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम उठाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' इसी का परिणाम है।

# प्रकृति के साथ अपराध है पराली जलाना : जिलाधिकारी

- डीएम ने ग्राम अमीरनगर, रेहरिया में लगाई चौपाल, किया जागरूक, फसल अवशेष ना जलाने का दिलाया संकल्प
- फसल अवशेष ना जलाकर करे प्रशासन का सहयोग
- डीएम ने किसानों को बाटे डी कंपोजर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एडीएम संजय कुमार सिंह के संग क्रमश तहसील गोला व ब्लॉक कुंभी के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड लि. अमीरनगर व तहसील, ब्लॉक मोहम्मदी के ग्राम रेहरिया पहुंचे, जहां उन्होंने चौपाल लगाकर आसपास के ग्रामो के किसानों को पराली जलाने के नुकसान बताएं, पराली ना जलाए जाने में सहयोग मांगा।

फसल अवशेष प्रबंधन कृषक जागरूकता चौपाल की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि एनजीटी व मा. न्यायालय के निर्देश पर उच्चस्तर से पराली जलाने की घटनाओं को सेटेलाइट से मॉनिटर किया जा रहा। इसलिए कोई भी किसान फसल अवशेष कदापि ना जलाएं, अन्यथा प्रशासन को कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष न जलाने का संकल्प दिलाते हुए आसपास के ग्रामीणों व किसानों को इस संदेश व संकल्प को प्रसारित करने की बात कही। डीएम ने कहा कि किसानभाई फसल अवशेष को निकटवर्ती गो आश्रय स्थल भिजवाए। पराली की घटनाओं को पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग किया जाना जरूरी होगा। उक्त व्यवस्था बिना कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी मिली तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन स्वामी के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जायेगा।डीएम ने कहा कि लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को पराली के दुष्प्रभाव बताते हुए जागरूक करे। प्रयास करें कि किसी भी गांव में पराली जलाने की घटना ना हो इसे सुनिश्चित कराए।



एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि मा. न्यायालय एवं एनजीटी सख्ती से पराली जलाने की घटनाओं को मॉनिटर कर रहा। सभी संभ्रांत किसान समाज के अभिभावक हैं, यहां प्राप्त संदेश को गांव-गांव में प्रसारित करें। पराली जलाना अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहकर निगाहेबानी कर रहा है। लोगों को जागरूक करें ताकि लोग जाने अनजाने में भी पराली जलाने की घटनाओं को कारित ना करें। आपके सहयोग के बिना इन घटनाओं को रोकना संभव नहीं है।

दोनो ग्रामों की चौपाल के अंत में मौजूद किसानों ने डीएम के समक्ष प्रशासन को आश्वस्त किया कि वह फसल अवशेष/पराली को नहीं जलाएंगे, प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। प्रशासन के संदेश एवं अपील को जन-जन तक पहुंचाएंगे। डीएम ने किसानों को डीकंपोजर वितरित करते हुए पराली को डीकंपोजर के जरिए खाद बनाकर खेतों में उपयोग किया जाए। चौपाल में उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा, एसडीएम मोहम्मदी डॉ अवनीश कुमार, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, सहित आसपास के गांव के प्रधान एवं संभ्रांत किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# पराली न जलाने को लेकर हुई विशाल किसान गोष्ठी

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**अमीर** नगर और रेहरिया मे पराली न जलाए जाने के समबध मे किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी मे मुख्य अतिथि जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे,वही गोष्ठी के उपरांत जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने तहसील मोहम्मदी का औचक निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने एसडीएम, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार कोर्ट में 3 से लेकर 5 वर्ष तक लंबित मुकदमे निस्तारण न होने पर नाराजगी जताई तथा अधिकारियों को मुकदमे को निस्तारण के लिए तेजी लाने के निर्देश दिए तथा उन्होंने भविष्य में इसको सुधारने की नसीहत भी की, किसानों को संबोधित करते हुए जिला अधिकारी खीरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा किसी भी हाल में कोई भी किसान भाई परली नहीं जलाएगा एवं हार्वेस्टर मशीन जिसके पास है ,बगैर एसएमएस चलती हुई मशीन मिली तो कार्रवाई नहीं की जाएगी वहीं किसान भाई परली कतई न जलाएं ,इस बार परली जलाई गई लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की इस बार कोई गुंजाइश नहीं है उच्च उच्च न्यायालय के आदेश का पालना पूर्ण रूप से कराया जाएगा, इस बैठक और निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।



# झंडी राजमहल की चोरी का सामान बरामद न होने पर पुलिस महानिदेशक से मिले राजा राजेश्वर सिंह

- पुलिस महानिदेशक ने शीघ्र घटना का खुलासा कर सामान बरामदगी का दिया आश्वासन व संबन्धित अधिकारियों को किया निर्देशित

संवाददाता। निघासन खीरी

**झण्डी** राजा व भाजपा प्रदेश संयोजक राजा राजेश्वर सिंह ने उ.प्र के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार से उनके आवास पर भेंट कर शीघ्र झण्डी राजमहल में हुई चोरी का खुलासा कराने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि विगत 13 जुलाई को झण्डी राजमहल में बड़ी चोरी की घटना हुई थी जिसमें काफी मात्रा में पुश्तैनी चांदी के पूजा के बर्तन आदि सामान चोरी हो गया था जिसकी अभी तक बरामदगी नही हो सका है। पुलिस महानिदेशक ने राजा साहब को शीघ्र खुलासा करने व सामान बरामदगी हेतु आश्वस्त किया व तत्काल संबंधित अधिकारियों को इस घटना के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।



# मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा में शामिल हुए डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को तहसील व ब्लाक मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरिया में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एडीएम संजय कुमार सिंह ने अमृत कलश यात्रा में पहुंचकर यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान डीएम ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अमृत कलश में मिट्टी और चावल के संग्रहण कार्य का शुभारंभ किया।



डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश% कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धा, आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया जा रहा है। जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फिर से जागृत करने का काम कर रही है। इसके बाद डीएम ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ मिट्टी संग्रहण यात्रा निकाली गई। इस दौरान एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, ग्राम प्रधान, स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय सिंह, डीसी मनरेगा के साथ विकास खंड मोहम्मदी का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने साफ-सफाई, भवनों की स्थिति के साथ-साथ अभिलेखों, पत्रावलियों व कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुक का जायजा लिया। इस दौरान खंड विकास कार्यालय की सफाई व्यवस्था भी ठीक मिली।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान ब्लाक परिसर में जर्जर एवं निष्प्रयोज आवास के संबंध में बीडीओ को निर्देश दिए कि उनके धवस्तीकरण का प्रस्ताव तैयार कर कर भेजें। डीएम ने कहा कि मनरेगा के तहत कराये गये कार्यो की जॉच कराते हुए कर्मचारियों को यह निर्देशित किया कि वह सुनिश्चित कर लें कि मनरेगा से सम्बन्धित कोई भी गलत भुगतान न कदापि न हो, विभागीय एवं वित्तीय नियमों का पालन किया जाए तथा गलत भुगतान होने पर सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। मनरेगा ,आवास, राज्य वित्त के अभिलेखों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करें तथा नियमानुसार कार्य करा कर ही भुगतान करना सुनिश्चित करे।

### लूट का वांछित गिरफ्तार

**सिंगाही-खीरी।** पांच दिन पहले हुई लूट की घटना में वांछित मुख्य अभियुक्त को ने तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सिंगाही एस ओ जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया बीते 25 सितंबर को फरदहिया मोड़ पर हुई छत्तीस हजार की लूट की घटना को तीन लोगों ने अंजाम दिया गया था। जिसमें दो लुटेरों को बारह घंटे में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि तीसरा अभियुक्त हबीब निवासी छब्बा पुरवा थाना मझगईं फरार हो गया था।

## क्विक न्यूज

### पदम सिंह क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष और मुनीश सिंह परिहार महासचिव नियुक्त



शाहजहांपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का ब्रज प्रदेश का मथुरा के बी.बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुआ। महासम्मेलन में शाहजहाँपुर जनपद का पदम सिंह को जिलाध्यक्ष व महासचिव पद पर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट), बरेली मंडल बरेली के अध्यक्ष पद पर पवन कुमार सिंह, ब्रज प्रदेश के मीडिया प्रभारी पद के लिए सत्यवीर सिंह चौहान को अगले तीन वर्षो के लिए पुनः मनोनयन की घोषणा की गई। एवं मथुरा जनपद में विशाल महाराणा प्रताप क्षत्रिय भवन बनाए जाने का भी संकल्प किया गया। एवं शाहजहांपुर में 28 अक्टूबर दिन शनिवार को विशाल क्षत्रिय पंचायत/समागम के आयोजन किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष पदम सिंह ने कहा कि 28 अक्टूबर को शाहजहांपुर में होने वाले विशाल क्षत्रीय पंचायत/समागम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से दृढ़ संकल्प के साथ लग जाए और जनपद के प्रत्येक क्षत्रिय परिवार को उक्त कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित करें। इस मौके पर प्रमुख जिला महामंत्री मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर द्वारा चलाए जा रहा है महा सदस्यता अभियान में सभी पदाधिकारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर अधिक से अधिक सदस्य बनाएं और 28 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक यादगार बनाएं एवं जल्द से जल्द अपनी अपनी सदस्यता को जिला मुख्यालय पर जमा करे। इस मौके पर प्रमुख रूप से ओमकार सिंह (सिंधौली), विजय प्रताप सिंह, अजय सिंह पिंटू, प्रीतम सिंह पुजारी, रामकुमार सिंह चौहान, अमित प्रताप सिंह, उदित प्रताप सिंह, सुमित सिंह भदौरिया, भूपेंद्र सिंह प्रदीप सिंह, कौशलेंद्र सिंह, गौरव अनंत सिंह युवा जिला अध्यक्ष, अभय सिंह, नितिन सिंह, निलय सिंह, उमेश सिंह, अभय विक्रम सिंह, रामवीर सिंह सोमवंशी, योगेंद्र सिंह सोमवंशी, आशीष सिंह भदौरिया, अनुराग सिंह, लखपत सिंह, शिशुपाल सिंह, उदय प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन पर कार्यक्रम में आपदाओं से बचने के छात्र छात्राओं ने सीखे उपाय

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जी** एफ़ कॉलेज में आज एनडीआरएफ 8वीं बटालियन ग़ाज़ियाबाद द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की रोवर्स-रेंजर्स यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से बचने के उपाय सीखे। सब इंस्पेक्टर हेमंत मौर्य के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम ने भूकंप, फायर सेफ्टी, सड़क-दुघर्टना, बाढ़ आपदा एवं प्राथमिक उपचार के अंतर्गत फ्रैक्चर, सीपीआर,लिफ्टिंग एंड मूविंग ऑफ पेंशेंट तथा स्ट्रेचर बनाने आदि का प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की दस सदस्यीय टीम में हवलदार कृष्णकांत शर्मा, सिपाही विजयलक्ष्मी, सिपाही मनीश शर्मा आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक़ ने कहा कि आपदा प्रबंधन का उद्देश्य है संकट के समय में जीवन, संपत्ति, और पर्यावरण की सुरक्षा और बचाव करना। आपदा प्रबंधन मानवीय संसाधनों, तकनीकी उपकरणों, संगठनित योजनाओं एवं जागरूकता के माध्यम से आपदा के प्रभाव को कम करने और नुकसान को सीमित करने का कार्य करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे समाज की सुरक्षा और सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका महत्त्व सभी को समझना चाहिए और संगठित तरीके से आपदा के प्रभाव से निपटने के लिए कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में डॉ सैयद सुहेल अख़्तर नक़वी,डॉ स्वप्निल यादव,राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहम्मद शोएब तथा छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कौसर जमाल सहित एनएसएस,एनसीसी एवं रोवर-रेजर के छात्र-छात्राओं ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का संचालन रोवर इंचार्ज डॉ जमील अहमद खान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ फ़ैयाज़ अहमद ने किया।

**खेत में काम कर रहे ग्रामीण की सांप काटने से मौत:** बरेली ।खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण को जहरीले सांप ने काट लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीलीभीत के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव देवहा असाडे निवासी कल्लू पुत्र मुनेंद्र सिंह की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई उसे कल दोपहर बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था।

# शराबी पति ने शिक्षिका पर झोका फायर, माता-पिता को पीटा

बरेली। शराबी पति ने शिक्षिका के साथ जमकर मारपीट की विरोध पर उसने तमंचे से फायर कर दिया बीच बचाव कराने आए माता-पिता को तमंचे की बट से पीटा पुलिस के आने से पहले वह धमकी देता हुआ फरार हो गया पुलिस में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र की इंटरनेशनल सिटी कॉलोनी निवासी विजेयता ने बताया कि वह मूल रूप से बागपत की रहने वाली है और वर्तमान में बिथरी चौनपुर की इन्टरनेशनल सिटी कॉलोनी में अपने पति कपिल राणा के साथ रह रही थी वह प्राथमिक विद्यालय फीरोजपुर समरेर बदायूं में शिक्षक है उनका पति सास और ससुर के साथ गाली गलौच करता रहता है 28 सितंबर की रात नौ बजे कपिल राणा शराब पीकर घर आया और परेशान करने लगा विरोध करने पर उसने तंमचा निकाल लिया और उस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया विजेयता ने किसी तरह अपनी जान बचाई बीच बचाव कर रही महिला की सास शान्ति व ससुर बहापाल को आरोपी ने तमंचे के बट से पीटकर घायल कर दिया जिससे चीख पुकार मच गई उन्होंने डायल 112 पर कॉल की तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ घर से भाग गया विजेयता ने पति से जान का खतरा जताते हुए तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं मे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

# गर्रा घाट पर 154 घण्टे सफाई अभियान चला

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**शासन** के आदेश पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तगर्त 154 घण्टे सफाई अभियान के मद्देनजर नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के निर्देश में नगर के प्रत्येक वार्ड में विषेश सफाई अभियान संचालित किया गया। जिसमे नगर निगम टीम ने पार्षद वेद प्रकाश मौर्य के नेतृत्व में नगर वासियों की उपस्थिति में नगर के गर्रा घाट के किनारे एवं गर्रा पुल व वेंडिंग जोन के पास विशेष अभियान संचालित किया गया। जिसमें नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने स्वंय भी विशेष सफाई अभियान में प्रतिभाग किया। एवं अपनी देखरेख में सफाई के कार्य को कराया।



इसके साथ ही नगर आयुक्त ने स्वच्छता कर्मियों का उत्साहवधर्न कर प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में सफाई कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करायें।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता सिविल एस.के. अम्बेडकर, महा प्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निधार्रण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कमर्चारी उपस्थित रहें।

### डीएम ने कोषागार के डबल लाक का किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। शनिवार सुबह जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह के साथ जिला कोषागार पहुंचकर डबल लाक का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। डबल लाक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टाम्प पेपर का मिलान किया, जो सही पाया गया। कोषागार के निरीक्षण के दौरान स्टाम्प पेपर, अभिलेखों एवं पत्रावलियों के रख-रखाव तथा कोषागार की साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे एवम उनकी रिकॉर्डिंग आदि सुव्यवस्थित पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर एडीएम संजय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण मौजूद रहे।

### बच्चों में क्राफ्ट कला प्रदर्शनी में मॉडलों का प्रदर्शन किया

शाहजहांपुर । लीड कान्वेंट स्कूल में क्राफ्ट, कला प्रदर्शनी के साथ-साथ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस का नोडल लेबल आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि श्री मिजाजी लाल जेल अधीक्षक विशिष्ट अतिथि डॉक्टर इरफान ह्यूमन ने किया । स्कूल के विद्यार्थियों ने स्टाल लगाकर विज्ञान संबंधी विभिन्न प्रकार के माडल एवं आर्ट एंड क्राफ्ट के मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी मे प्री प्राइमरी, प्राइमरी कक्षा, छठवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुछ विद्यार्थियों ने वसुदेव कुटुंबकम जी ट्वेंटी पर आधारित मॉडर्न एवं कुछ छात्र-छात्राओं ने प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का सचित्र वर्णन करते हुए गुरुकुल शिक्षा, मध्यकालीन शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की यात्रा के मॉडल द्वारा ज्ञानवर्धक प्रदर्शन किया। कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, एयर पौल्यूशन, वाटर - सायकल, पीएसवीएलवी राकेट, ड्रिप इरिगेशन विषयों पर महत्वपूर्ण माडल बनाए। कक्षा 6 के कुछ विद्यार्थियों ने हाइड्रोलिक जेसीबी, टेलिस्कोप, एनर्जी कन्वर्जन, सोलर सिटी, हाइड्रालिक ब्रेक, जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बनाकर विज्ञान एवं तकनीक का प्रदर्शन किया। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने हाइड्रोलिक ब्रिज, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, हाइड्रोपावर प्लांट, एवं सोलर एनर्जी प्लांट, इलेक्ट्रोलिसिस एंड फ्यूल सेल, यूरिया केमिकल प्लांट, वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, बायोडीजल फ्राम किचन वेस्ट, वर्किंग आफ ह्यूमन मसल्स, वर्किंग माडल आफ डी.एन.ए. विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक माडल बनाकर तकनीक एवं विज्ञान की बारीकियों को समझाया।इसके अतिरिक्त अर्थक्वेक अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विड- मिल एवं स्ट्रीटलाइट के प्रोजक्ट भी आकर्षण के केंद्र रहे। कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों आसपास की बेकार चीजों का प्रयोग करके कुछ नहीं एवं आकर्षक चीजों को बनाकर रिसाइकल के महत्व को समझाया। बच्चों ने आर्कमिडिज के सिद्धांत पर आधारित सुई के डूबने एवं जहाज के तैरने का अद्भुत माडल प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने प्राइमरी सेक्टर, कामर्शियल बैंक, चैनल आफ डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, इंडस्ट्रियल सेक्टर, शुगर इंडस्ट्री आदि विषयों पर सुंदर प्रोजेक्ट बनाकर विषय की बारीकियों को समझाया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए लीड कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने 3 प्रोजेक्ट बनाएं जिसमें पहला प्रोजेक्ट कक्षा 6 आयत परवीन एवं नवा खान, दूसरा प्रोजेक्ट कक्षा 7 की दर्शिका सक्सेना एवं अमुक्ता सिंह, तीसरा प्रोजेक्ट कक्षा 7 की अग्रिमा श्रीवास्तव एवं नवा खान का था जिनके विषय वस्तु *अंडरस्टैंडिंग इको सिस्टम फॉर हेल्थ एंड वेल बीइंग* था।

# मैगलगंज पहुंचे सीएमओ, गली और मोहल्लों का किया भ्रमण, दिए निर्देश

### ग्रामीणों से किया संवाद, बताएं मच्छर जनित रोगों के रोकथाम के उपाय

लखीमपुर खीरी। तहसील मितौली के मैगलगंज क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और बुखार के प्रसार के दृष्टिगत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे और साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से वार्ता की ।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मैगलगंज क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया व बुखार तेजी से फैल रहा है। जिसे लेकर उन्होंने यह भ्रमण किया है। उन्होंने क्षेत्र के ग्राम प्रधान से क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए कहा। साथ ही नालियों व पानी निकासी की व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जाए। उन्होंने अधीक्षक पसगवां को क्षेत्र में फॉगिंग व एंटी लारवा का छिड़काव कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। यह स्वास्थ्य शिविर क्षेत्र में लगातार दो दिवसों से चलाया जा रहा है और लोगों को दवाओं के वितरण के साथ ही जांच की भी व्यवस्था की है। जहां निरीक्षण के समय तक करीब 175 मरीज देखे जा चुके थे। 35 लोगों की जांच की गई थी। जिसमें एक भी डेंगू का मरीज नहीं मिला है। इसमें दो केस मलेरिया के मिले है। सीएमओ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आस-पास पानी न जमा होने दें। घर के अंदर, छत पर किसी भी स्थान पर पानी को इकट्ठा न होने दें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। तभी संक्रमण को पूरी तरह से रोका जा सकता है।

**होजरी गोदाम मे हुई चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार तीन फरार**

बरेली ।होजरी के गोदाम में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस में एक चोर को आज गिरफ्तार कर लिया उसके तीन साथी अभी भी फरार है पुलिस में गिरफ्तार चोर के पास से नगदी भी बरामद की ।कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित प्रियंका होजरी की गोदाम में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला चाहवाई स्थित भगवान दास के मकान में किराए पर रहने वाले बिथरी चौनपुर थाने के गांव रजऊ परसपुर के मूल निवासी विश्वनाथ उर्फ विष्णु पुत्र रघुनंदन को आज मठकी चौकी स्थित मजदूरों के अड्डे के पास से गिरफ्तार करते हुए प्रियंका होजरी के गोदाम से चोरी किए गए 187000 बरामद किए जबकि उसके तीन साथी अभी भी फरार हैं।

# बनखंडी नाथ मंदिर में निर्माण कार्य का साधु ने किया विरोध

बरेली ।जोगी नवादा स्थित बनखंडी नाथ मंदिर को लेकर जूना अखाड़ा के बाबाओं ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाए और आज मंदिर कमेटी के लोग कई साधुओं के साथ एसएसपी से मिले उन्होंने एसएसपी को शिकायत करते हुए बताया कि वह जूना अखाड़े से जुड़े हुए हैं और श्री पंच दर्शनाम जूना अखाड़ा जिसका मुख्यालय बड़ा हनुमान घाट वाराणसी मे है साधुओं ने बताया कि नगर आयुक्त मनमाने तरीके से मंदिर के तालाब व चारागाह सम्पत्ति को अनाधिकृत तरीके से अपना बताकर निर्माण कार्य करा रही है साधुओं ने इसका का विरोध किया और कहा कि अगर नगर निगम ने अपनी मनमानी बंद नहीं की तो वह आंदोलन को मजबूर होइसका का विरोध किया और कहा कि अगर नगर निगम ने अपनी मनमानी बंद नहीं की तो वह आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी उन्होंने कहा कि मंदिर की जमीन पर नगर निगम की नजर है वह उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे ।

**जुलूस को लेकर इंस्टाग्राम पर दी धमकी**

बरेली ।पुरैना ढाल पर जुलूस को लेकर हुए विवाद के बाद एक समुदाय के युवक ने इंस्टाग्राम पर समस्त हिन्दुओं को समाप्त करने की धमकी दी तब हिंदू जागरण मंच ने एक्स ट्वीटर पर इसकी शिकायत कर दी और विश्व हिंदू परिषद की नेता साध्वी प्राची ने भी कार्रवाई की मांग की थाने में अज्ञात के के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।हिंदू जागरण मंच बरेली ब्रज प्रांत ने एक्स ट्वीटर पर शिकायत की जिसमें बताया गया कि इंस्टाग्राम पर भड़काऊ स्टेटस लगाने वाला युवक आंवला का अफ़्ज़ाल है आंवला प्रभारी निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है इस मामले में अंतर राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विमल गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई उन्होंने बताया कि पुरैना ढाल पर एक समुदाय के द्वारा अवैध तरीके से जुलूस निकाला गया ।इसका दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध किया इसको लेकर पोस्ट कर समस्त हिन्दुओं को समाप्त करने की धमकी दी गई और अपशब्द बोला गया संगठन के जिला महामंत्री अनुपम शंखधार, आरबीडी नगर प्रभारी बृजभान सतीश मौर्य, सर्वेश राजपूत, नगर महामंत्री हिमांशु, अजय राजेश मौर्य, अवधेश मौर्य आदि ने थाने में शिकायत करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की

# गांधी जयंती पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

● सरकारी भवनों पर फहराया जाएगा तिरंगा

● गांधी जी के चित्र पर किया जाएगा माल्यार्पण'

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित दिए हैं कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 154 वें गांधी जयन्ती समारोह को सम्मानपूर्वक मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रात: 9 बजे महात्मा गांधी जी के एक चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये। उसके बाद गांधी जी के जीवन-संघर्ष उनकी देश-सेवा, उनके जीवन-मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों को संक्षेप में परिचय दिया जाये ।

स्कूलों और कॉलेजों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों की वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं गोष्ठी आयोजित की जाये, जिसमें जातिगत भेद-भाव से ऊपर उठकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाये। मानवाधिकारों की सुरक्षा तथा निर्बलों के उत्पीडन को समाप्त करने और सामाजिक न्याय की अवधारणा एवं उसकी आवश्यकता



की पूर्ति हेतु शासन की प्रतिबद्धता से जन-साधारण को अवगत कराया जाये। महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गये मार्ग को अनूकरण करने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, दहेज प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने और सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से जन-सामान्य, विशेषकर महिलाओं को जागरूक करने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाये। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, महिला हेल्प लाइन, निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, महिला समूहों, बी0सी0 सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित कर आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाये।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की ग्राम स्वराज्य की अवधारणा के अनुसार गावों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ ही, ग्राम वासियों में नैतिकता, सादगी तथा स्वावलम्बन की भावना उत्पन्न की जाये। इस दिशा में शासन की पारदर्शी नीति और इस सम्बन्ध में किये गये अभिनव एवं सार्थक प्रयासों से भी जन साधारण को अवगत कराया जाये। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन, उत्तर प्रदेश में उसके व्यापक प्रभाव, उनके महान व्यक्तिव द्वारा किये गये रचनात्मक कार्यक्रमों, स्वदेशीआन्दोलन, नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह आदि पर प्रकाश डाला जाये। ष्सादा जीवन उच्च विचारष, मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म सम्भाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाये। उन्हें यह भी बताया जाये कि देश को कमजोर करने वाली शक्तियों से सावधान रहते हुए राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा करना उनका पुनीत कर्तव्य है, जिसका संकल्प आज के दिन दोहराया जाना चाहिए। पंचायती राज को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी लोकतंत्र की बुनियादी इकाई मानते थे।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि तय

**कानपुर देहात।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति संशोधित नियमावली-2023 एवं शासनादेश के द्वारा समय-सारिणी निर्गत करते हुए दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित पाठयक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी है। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा दिनांक 10 नवम्बर 2023 से 10 दिसम्बर, 2023 तक छात्रवृत्ति वेबसाइट पर दिये गये प्राविधानों के तहत आनलाईन आवेदन किये जा सकते हैं। बताया कि समस्त दशमोत्तर शैक्षणिक संस्थानों एवं उनमें अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन किया जाना है। वह दिनांक 10 नवम्बर, 2023 से दिनांक 10 दिसम्बर, 2023 तक छात्रवृत्ति वेबसाइट पर नियमानुसार आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# बीएसए ने विद्यालयों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

● गैरहाजिर शिक्षकों पर की कार्यवाही

संवाददाता। कानपुर देहात

**बेसिक** शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय ने शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों का ताबड़तोड़ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पायी गई खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। वहीं गैरहाजिर शिक्षकों पर विभागीय कार्यवाही भी की।



उन्होंने विकास खंड अकबरपुर के प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर, बंजारनडेरा भटौली, अचलीपुरवा और संविलियन विद्यालय गहोलिया का निरीक्षण किया। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता पर शिक्षकों से सवाल जवाब किए। विद्यालय में गंदगी पाए जाने पर चेतावनी भी दी। संविलियन विद्यालय गहोलिया में शिक्षिका कल्पना बगैर सूचना अनुपस्थित थीं। उनका एक दिवस का वेतन अवरुद्ध किया है।

# चोरी के जुर्म में चार अभियुक्त गिरफ्तार

**पुखरायां। कानपुर देहात।** थाना बरौर पुलिस चोरी के मामले में चार भयुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक भैंस, एक अपाचे मोटर साइकिल, एक लोडर एवं तीन नाजायज तमंचा व तीन कारतूस बरामद किया है।



मुखबिर की सूचना पर बरौर पुलिस ने ग्राम चकरपुर पानी की टंकी के पास थाना सचेंडी जनपद कानपुर नगर निवासी सुमित कश्यप पुत्र मैदूलाल, टमाटर पुत्र जयकरण, अमित उर्फ डोगू पुत्र किशोरी लाल एवं बरगवां, बरौर, कानपुर देहात निवासी आदित्य पुत्र बराती को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई एक भैंस, एक मोटरसाइकिल व एक लोडर (पिकअप) एवं दो नाजायज तमंचे 315 बोर व तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिफ्तार किया है। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# भव्य और दिव्य होगी चित्रकूट की ऐतिहासिक रामलीला: नरेंद्र गुप्ता

● नगर के गणमान्य नागरिकों की बैठक में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

● काशी के बाद प्रदेश की दूसरी सबसे पुरानी है चित्रकूट की रामलीला

संवाददाता। चित्रकूट

**रामलीला** भवन में शनिवार को नगर के व्यापारियों और रामलीला प्रेमियों के साथ नगर पालिकाअध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें इस वर्ष भव्य और दिव्य रामलीला आयोजित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इसके लिए सर्वप्रथम संचालन समिति गठित की गई।

जिसमें रामलीला आयोजन में सहयोग करने वाले पुराने साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। तय किया गया कि इस बार रामलीला 6 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। रामलीला में जन सहयोग के लिए लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग करने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला हमारी भारतीय संस्कृति की



पहचान रही है और इसकी आयोजन को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक की गई है। इस आयोजन के माध्यम से हमें राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि रामलीला पूर्णतया भक्ति भावना के साथ आयोजित की जाएगी कोई भी अव्यवस्था नहीं होगी।

रामलीला के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार शंकर यादव और रतन पटेल को सौंपी गई है। उन्होंने नगर पालिका की वरिष्ठ कर्मचारियों को व्यवस्था में सहयोग करने के लिए भी नामित किया है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा इस रामलीला को प्रांतीयकृत करने का प्रयास जारी है। इस वर्ष नगर वासियों के सहयोग से ही यह रामलीला कराई जाएगी। अगले आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रांतीयकृत मेले के रूप में भव्य और दिव्य आयोजन की शुरूआत होगी। उन्होने कहा कि रामलीला की सांस्कृतिक परंपरा को गौरवशाली व वैभवशाली बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद संकल्पबद्ध व प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में रामलीला के पहले पूरे शहर में विशाल राम दल गाजे बाजे के साथ निकाला जाएगा। जिसमें नगर वासियों से बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की गई है। रामलीला मंच की साज सज्जा और टेंट संबंधी व्यवस्था की जिम्मेदारी का निर्वाह श्याम ट्रेडर्स के मालिक राजेश भाई उठाएंगे।

बैठक में वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी विवेक अग्रवाल, बाला प्रसाद केसरवानी, राम सागर चतुर्वेदी, जय शंकर मिश्रा, योगेश जैन, किशन श्रीवास्तव, शिब्बू रिछारिया, रज्जू रिछारिया, महेंद्र अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव इदरीश, सुनील महाराज, सुंदर लाल मिश्रा, अशोक केशरवानी, विजय मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार रतन पटेल,शंकर यादव, नरेश केसरवानी, राकेश केसरवानी, सभासद शैलेंद्र सोनी, अनुज निगम,पवन कुमार बद्री, कन्हा केशरवानी, राजकमल वर्मा, शुभम केशरवानी, रामविशाल सोनी, अंकित केसरवानी, रामनरेश अग्रहरि उर्फबवाली भाई, हरे कृष्ण सोनी, देवेंद्र उर्फकल्लू केसरवानी, नीटू दादा, सुनील जायसवाल, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, अशरफखान, रवि ज्ञानेंद्र कौशल, ज्ञानचंद गुप्ता, जितेंद्र केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत करें श्रमदान: अजय कुमार



**कानपुर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत 154 घण्टे लगातार सफाई अभियान एवं एक घंटे का स्वच्छता के लिए श्रमदान करें कार्यक्रम के तहत शनिवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की आवश्यक बैठक बुलायी गई। जिसमें सभी सभासदों को कार्यक्रम की जानकारी दी गई और कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था में मुस्तैद रहने की चेतावनी दी गई। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने अनुरोध किया कि हमें श्रमदान को मात्र फोटो खिचवाने तक ही सीमित नहीं रखना चाहिये बल्कि हम लोगों को धरातल में उतरकर वास्तव में श्रमदान करना चाहिये। जिससे नागरिकों को सफाई के प्रति जनजागरूकता का संदेश प्रसारित हो। वह भी प्रतिदिन एक घंटा सफाई के प्रति श्रमदान करें। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि करूणाशंकर, सभासद पूनम देवी, सुनील सचान, नफीस अहमद, शकील अहमद, अंकित कुमार अग्निहोत्री, ध्रुव ओमर, प्रांशू कुमार, मनोज कुरील, कल्पना यादव ध्रुव ओमर एवं पालिका कर्मचारी अतुल पाण्डेय, जीतेन्द्र कुमार, हर्ष सचान, अरविन्द पटेल, दीनदयाल पाल, राकेश कुमार अग्रवाल, सीमा, तारावती, प्रमोद गुप्ता सहित समस्त स्टाफमौजूद रहा।

### झोला छाप डाक्टर के इलाज से वृद्ध की मृत्यु, पुलिस ने शुरु की जांच

**राठ(हमीरपुर)।** चिकासी थाने के टोला खंगारन गांव में शनिवार की सुबह एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। स्वजनों ने राठ कस्बे के एक झोलाछाप डॉक्टर के पर गलत इंजेक्शन लगाकर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है। मृतक के पुत्र ने चिकासी थाने में झोलाछाप चिकित्सक के विरूद्ध लिखित शिकायत की है। गांव के बाबूराम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता भानुप्रताप को तीन अगस्त को शरीर में खुजली होने पर इलाज के लिए राठ कस्बे के उरई रोड सब्जी मंडी के पास एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने व उसके पुत्र ने पिता का इलाज किया। इलाज के दौरान उसके पिता को इंजेक्शन लगा दिया। जिससे उसके पिता की हालत बिगड़ने लगी। 11 सितंबर को वह अपने पिता को झांसी अस्पताल में ले गया। जहां उनके पिता का ऑपरेशन हुआ। जब उसने डॉक्टर से बात तो वह गाली गलौज करने लगे। इस संबंध में चिकासी थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चार को जंतर-मंतर जायेंगी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**चित्रकूट।** आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष ऊषा द्विवेदी ने जिला स्तरीय बैठक में निर्णय लिया कि अखिल भारतीय आंगनबाडी कर्मचारी संघ चार अक्टूबर को जंतर-मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन में भारी तादाद में हिस्सा लेंगी। शनिवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष ऊषा द्विवेदी ने बताया कि बैठक में तय हुआ है कि चार अक्टूबर के जंतर-मंतर के धरना प्रदर्शन में भारी तादाद में आंगनबाडी एवं सहायिका हिस्सा लेने जायेंगी। ये धरना प्रदर्शन सिविल अपील संख्या 3153 सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुपालन भारत सरकार के न करने की बाबत दस सूत्रीय मांगों से संबंधित है। बैठक में महामंत्री सावित्री देवी, आरती पाण्डेय, दुर्गावती, केतकी देवी, अनीता सिंह, ममता देवी, गोमती आदि मौजूद रहीं।

### बुरी नियत से महिला का पकड़ा हाथ, सीओ ने दिये जांच के आदेश

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बा निवासी एक महिला ने कस्बे के ही एक युवक पर बुरी नियत से हांथ पकड़ने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी से शिकायत की है। नगर के मराठीपुरा मोहल्ला निवासी शमा परवीन पत्नी अब्दुल हक सलीम ने क्षेत्राधिकारी विवेक यादव को बताया कि जब वह सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां से अपने मुकदमे की तारीख सम्पन्न होने के बाद आ रही थी तभी वहां अचानक रागौल निवासी पूर्व प्रधान अबरार ने पहुंचकर बुरी नियत से उसका हांथ पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इतना ही नहीं महिला ने यह भी बताया कि अबरार प्रधान ने उससे कहा कि हातिम ने तुम्हें जान से मारने की मुझे पांच लाख रूपये की सुपारी दी है इसलिए मैं तुम्हे मार कर रहूंगा। क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने कोतवाली प्रभारी को मामले पर जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

### मीटर रीडर की वजह से अब किसी को नहीं होना पड़ेगा परेशान

**फतेहपुर।** एक अक्टूबर से विद्युत वितरण उपखंड प्रथम सदर फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के लिए मीटर रीडर रैंकिंग का मानक तैयार किया गया है। जिसमें गलत रीडिंग के चलते उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। मानक में प्रत्येक गलत बिलिंग पर एक अंक होगा, इस प्रकार दस गलत बिल बनाने पर मीटर रीडर को बाहर कर दिया जाएगा। जिस मीटर रीडर की बिलिंग गुणवत्ता सर्वश्रेष्ठ होगी, उसे सम्मानित किया जाएगा।

# परिवर्तन फाउंडेशन ने चार सौ बच्चों को नोटबुक और दो सौ महिलाओं को बांटी साड़ी

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** परिवर्तन फाउंडेशन महज एक संस्था का नाम भर नही है बल्कि अपने नाम के अनुरूप काम करने में विश्वास रखता है। परिवर्तन फाउंडेशन ने हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मालवा विकास खंड के श्री सदगुरू आश्रम विद्यालय दूधीकगार के प्रांगण में चार सौ बच्चों को नोटबुक और दो सौ महिलाओं को साड़ी मुफ्त में वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक आदित्य पांडेय उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करने के बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि परिवर्तन फाउंडेशन निरंतर शिक्षा, स्वस्थ सहित गरीब तबके के लोगों की सहायता के लिए प्रयासरत रहा है। गरीब व जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं को मुफ्त नोटबुक और साड़ी वितरण जैसे कार्यक्रम से लोगों को मदद मिलती है। पूर्व विधायक आदित्य पांडेय ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में आमूलचूल परिवर्तन लाया जा सकता है। परिवर्तन फाउंडेशन अपने स्तर



पर प्रयास कर समाज में परिवर्तन लाने का काम कर रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने अतिथियों, पत्रकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में कहा कि फाउंडेशन द्वारा प्रदेश के बारह जिलों मे सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीनरायण शुक्ला, प्रदेश सचिव शिवशंकर तिवारी ने सभी मान्यवरों का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य स्वयंम्बर सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक गौड़ द्वारा किया गया। बच्चों को नोटबुक वितरित करते हुए विक्रम सिंह पूर्व विधायक, उपजिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मलवा संजय सिंह, शिक्षक राजेंद्र सिंह ने आयोजकों का उत्साह बढाया।

# चोरों ने तीन दुकानों से सामान सहित 28 हजार की नकदी उड़ाई

**राठ( हमीरपुर )।** राठ कस्वा स्थित महेश्वरी माता मंदिर के पास चोरों ने पांच दुकानों को निशाना बनाया। चोर तीन दुकानों का ताला तोड़कर सामान सहित हजारों की नकदी चुराकर ले गए। जबकि चोर दो दुकानों से चोरी करने में असफल रहे। पीड़ित दुकानदारों ने कोतवाली में पहुंच तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। मोहाल के हसीम पुत्र शफीक ने पुलिस को बताया कि वह चरखारी रोड पर कबाड़ की दुकान किए हुए है। शुक्रवार की रात चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। बताया कि दुकान से 20 किलो तांबा, 20 किलो पीतल और डेढ़ कुंतल के बांट चोर चोरी करके ले गए। करीब 60 हजार का नुकसान हुआ है। वहीं कमल पुत्र चंद्रप्रकाश ने बताया कि वह किराना व सब्जी की दुकान किए हुए है। चोर उसकी दुकान की गोलक में रखे 13 हजार रुपए चोरी करके ले गए। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी बृजेंद्र पुत्र मानसिंह ने बताया कि वह चरखारी रोड पर सब्जी व हार्डवेयर की दुकान रखे है। चोर उसकी दुकान की गोलक से 15 हजार निकालकर ले गए। वहीं चोर क्षेत्र के पहाड़ी गांव निवासी बृजनंदन और नितिन अग्रवाल की कीटनाशक की दुकान में चोरी करने में असफल रहे।

# बालिकाओं को आत्म रक्षा के बताये गये गुर, प्रशिक्षण का समापन



संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**रानी** लक्ष्मी बाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नगर के जिला ग्राम विकास संस्थान में जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने जिले भरसे आए व्यायाम शिक्षकों को आत्मरक्षा के गुण सिखाया। कस्बे के ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर जिले के अनुदेशक एवं व्यायाम शिक्षक ने रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा शिविर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य बालक बालिकाओं को स्कूल शिक्षा के दौरान आत्मरक्षा करने की ट्रेनिंग देना है। जिससे अपनी रक्षा स्वयं कर सके है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी व्यायाम शिक्षको ने खुशी जाहिर करते हुए बताया की जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार, प्रशिक्षण प्रभारी विक्रम व आनंद दुबे ,रिशु सिंह मौजूदगी 5 दिन आत्मरक्षा के लिए सारे गुण सीखा कर आत्मरक्षा से हम लोगों को मजबूत कर दिया और हम सभी व्यायाम शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाएंगे।

# पेज एक का शेष

## स्कॉटलैंड में...

गारंटी है। भारतीय मिशन ने कहा कि स्कॉटिश नेताओं के साथ चर्चा में फिनटेक, टिकाऊ कृषि, पर्यटन और जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भारत-स्कॉटलैंड सहयोग शामिल था। बहरहाल उच्चायुक्त को रोकने की यह घटना इसी साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के बाद दूसरी बड़ी घटना है। मार्च में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय उच्चायोग पहुंचकर वहां तोड़फोड़ की थी। इसके बाद वहां लगा तिरंगा भी उतार दिया था। ये भारत में अमृतपाल सिंह पर चल रही कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। इसके बाद पहली बार एनआईए की टीम देश से बाहर जांच के लिए गई थी। इस बीच, ब्रिटेन में भारत की उच्चायुक्त रहीं रुचि घनश्याम ने इस मामले को लेकर कहा, मैं अपने उच्चायुक्त के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करना चाहती हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए था और उच्चायुक्त की गरिमा और सम्मान बनाए रखा जाना चाहिए था। मेरा मानना है कि स्कॉटलैंड के अधिकारियों को उनकी यात्रा के लिए उचित सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मैंने जो रिपोर्ट पढ़ी है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह कुछ गुमराह लोगों का एक समूह था। ऐसा लगता है कि गुरुद्वारा समिति ने उच्चायुक्त को आमंत्रित किया था... कुछ लोग वहां आए और कार्यक्रम को बाधित किया। मैं कहूंगी कि हमारे उच्चायुक्त को प्रयास जारी रखने चाहिए। ब्रिटेन के साथ मेरा अपना अनुभव यह है कि ब्रिटेन में सिख समुदाय का बड़ा हिस्सा कानून का पालन करने वाले, मेहनती लोगों से बना है। वे सभी के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं। सिर्फ कुछ लोग जो परेशानी पैदा करते हैं, उन्हें हमारे लिए हतोत्साहित होने का कारण नहीं बनना चाहिए।

## राजनयिकों को...

हमारे दूतावास कर्मियों को इस हद तक लगातार धमकाया गया है कि आज उनके लिए वहां काम करना सुरक्षित नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा, जाहिर है कि हमें अपनी वीजा सेवाएं अस्थाई रूप से निलंबित करनी पड़ीं, जो करना हमें पसंद नहीं है। उन्होंने हमारे लिए उन सेवाओं का संचालन करना बहुत मुश्किल बना दिया है। इससे पहले, ब्लिंकन ने पत्रकारों से कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि कनाडा और भारत इस मुद्दे को हल कर लेंगे। निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता संबंधी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था और ओटावा में इस मामले पर एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के जवाब में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। ब्लिंकन ने कहा, हम कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर बहुत चिंतित हैं। हम इसे लेकर कनाडा के बहुत करीबी संपर्क में हैं। साथ ही हमने भारत सरकार से बात की है और उनसे जांच में कनाडा का सहयोग करने का अनुरोध किया है। मुझे कल विदेश मंत्री जयशंकर के साथ हुई बैठक में फिर से ऐसा करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा, जो भी दोषी हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाए और हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा तथा भारत में हमारे मित्र इस मामले को हल करने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। यह पूछने पर कि क्या इस मुद्दे को हल करने के लिए भारत और कनाडा के बीच गतिरोध है, जयशंकर ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं गतिरोध शब्द का इस्तेमाल करूंगा या नहीं। उन्होंने कहा कि भारत का मुद्दा यह है कि आज हिंसा और धमकी का माहौल है। जयशंकर ने कहा, इसके बारे में सोचिए। हमारे दूतावास पर स्मोक बम फेंके गए। हमारे वाणिज्य दूतों के सामने हिंसा की गई। लोगों को निशाना बनाया गया और उन्हें धमकी दी गई। कुछ लोगों के बारे में पोस्टर लगाए गए। उन्होंने कहा, मुझे बताएं कि क्या आप इसे सामान्य मानते हैं? अगर यह किसी और देश में हुआ होता, तो वे इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते? मुझे लगता है कि यह सवाल पूछा जाना चाहिए। कनाडा में जो हुआ, उसे सामान्य न समझें। कनाडा में जो हो रहा है, क्या वह कहीं और भी हुआ है, आपको लगता है कि दुनिया इस पर संयम बरतेगी? जयशंकर ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर राजनयिकों को धमकी देना स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्री ने पूछा, हमें अभिव्यक्ति की आजादी के बारे में दूसरे लोगों से सीखने की जरूरत नहीं है। लेकिन हम लोगों को यह बता सकते हैं। हमें नहीं लगता कि अभिव्यक्ति की आजादी हिंसा भड़काने तक फैली हुई है। हमारे लिए यह आजादी का दुरुपयोग है। यह आजादी की रक्षा नहीं है। मैं हमेशा लोगों से एक सवाल पूछता हूं कि अगर आप मेरी जगह होते, तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होती? यदि यह आपके राजनयिक, आपके दूतावास, आपके लोग होते, तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होती? जयशंकर ने कहा कि अगर भारत को किसी चीज पर गौर करने की जरूरत है, तो वह उसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूरी बहस केवल एक मुद्दे पर केंद्रित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उस वृहद परिदृश्य पर भी चर्चा होनी चाहिए, जो कुछ वक्त से जारी है और बहुत गंभीर है। जयशंकर ने कहा, मैं सोच रहा था कि पिछली बार हमारा कोई मिशन कब इतना भयभीत था कि वह अपना सामान्य कामकाम जारी नहीं रख पाया था? मुझे वास्तव में गुजरे वक्त के बारे में सोचना होगा। और अगर कोई कहता है कि यह किसी जी-7 देश में हो सकता है, एक राष्ट्रमंडल देश में, तो इसके बारे में सोचने के लिए आपके पास बहुत कुछ है।

## स्क्वाश में...

के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपै के सुंग हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग को 2-6, 6 - 3, 10-4 से हराकर एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। अब भारतीय टेनिस दल कम से कम एक स्वर्ण पदक लेकर लौटेगा। इस बार एशियाई खेलों में टेनिस में भारत की झोली में दो ही पदक गिरे जिनमें पुरूष युगल का रजत शामिल है। पहले सेट में भोसले को अपनी सर्विस और रिटर्न में काफी दिक्कत हुई और चीनी ताइपै के खिलाड़ियों ने उसे ही निशाना बनाया। उसने हालांकि दूसरे सेट में अपने खेल में जबर्दस्त सुधार करके कुछ शानदार रिटर्न लगाए। बोपन्ना ने कहा , हमें एक दूसरे की कमजोरियों और ताकत को समझना था। हम आज पहला सेट हार गए तो मैने कहा कि साइड बदल लेते हैं। हमें कुछ तो बदलाव करना ही था। उन्होंने कहा , वे बहुत अच्छा खेल रहे थे। मुझे ऐसा लग रहा था मानो मेरा पहला या दूसरा एशियाई खेल है। इतने साल खेलने के बाद मैं खुद को जल्दी ढाल लेता हूं। इस तरह के मैचों में यह बहुत जरूरी भी है। अपना जन्मदिन मना रहे भारत के सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन की जोड़ी से हार गए और रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने इन खेलों में निशानेबाजी में छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य समेत 19 पदक जीत लिए हैं। भारतीय जोड़ी को चीन के विश्व चैम्पियन झांग बोवेन और जियांग रेंशिन की जोड़ी ने फाइनल 16 . 14 से हराया। भारत के लंबी रेस के एथलीट कार्तिक कुमार और गुलवीर सिंह ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष 10,000 मीटर रेस स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। कार्तिक ने 28:15.38 सेकेंड के समय से रजत और गुलवीर ने 28:17.21 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। दोनों भारतीय अंतिम 100 मीटर में पदक की दौड़ में शामिल हुए जब तीन साथी प्रतिस्पर्धी टकराकर एक दूसरे के ऊपर गिर गए। बहरीन के बिंहानू एमाताव ने 28:13.62 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता।

## आकांक्षी जिला...

अगर हम संसाधनों और अभिसारिता का अधिकतम उपयोग करें, तो ब्लॉक के लिए किसी नई निधि के बिना भी काम किया जा सकता है। उन्होंने संसाधनों के समान वितरण पर भी जोर दिया और लक्ष्य को पूरा करने में जन भागीदार बढ़ाने का आह्वान किया। मोदी ने तीन आकांक्षी जिलों-बहेड़ी (उत्तर प्रदेश), मनकोट (जम्मू-कश्मीर) और रेसुबेलपाड़ा (मेघालय) के प्रतिनिधियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने सात जनवरी को देशव्यापी आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर शासन और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉक में लागू किया जा रहा है। तीन से नौ अक्टूबर तक चलने वाले संकल्प सप्ताह का हर दिन एक विशिष्ट विकास थीम के लिए समर्पित है, जिस पर सभी आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहले छह दिन की थीम क्रमश: संपूर्ण स्वास्थ्य, सुपोषित परिवार, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा और समृद्धि दिवस है। इसके आखिरी दिन नौ अक्टूबर को संकल्प सप्ताह समावेश समारोह के रूप में पूरे सप्ताह किए गए काम का जश्न मनाया जाएगा। मोदी ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम पोर्टल भी शुरू किया और इस मौके पर एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

## 14 मिनट...

रहा है। अब तक 68 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं और वैष्णव ने बताया कि वातानुकूलित स्लीपर क्लास पर काम पूरे जोरों पर चल रहा है। प्रोटोटाइप को साल के अंत तक ट्रैक पर उतार दिया जाएगा। मंत्रालय को उम्मीद है कि फरवरी 2024 तक पहली ऐसी सेवाएं शुरू हो जाएंगी।

# बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए दुनिया को एक साथ लाने की आवश्यकता : जयशंकर

**भाषा।** वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और आर्थिक प्रगति जैसी बड़ी वैश्विक चुनौतियों से अलग रहकर प्रभावी रूप से नहीं निपटा जा सकता तथा विश्व को एक साथ लाना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। जयशंकर ने यहां विश्व संस्कृति महोत्सव में भाग ले रहे हजारों लोगों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस महोत्सव का चौथा संस्करण अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन के ऐतिहासिक नेशनल मॉल में आयोजित किया जा रहा है। अगले तीन दिन में 100 से अधिक देशों के 10 लाख से अधिक लोगों के इस विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने और 180 से ज्यादा देशों के 17,000 से अधिक कलाकारों की प्रस्तुति देखने की संभावना है। जयशंकर ने आर्ट ऑफ लिविंग को बधाई देते हुए कहा कि वह आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में हम सभी को एक साथ लेकर आई है। उन्होंने कहा कि जब मैं अपने आसपास देखता हूं तो यह वैश्विक विचार और अंतरराष्ट्रीय समझ स्पष्ट होती है। उन्होंने कहा कि मानवता सही मायने में एक विविध समूह है और इसे संस्कृति, परंपरा, विरासत और पहचान के जरिए व्यक्त किया जाता है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक प्रगति या सामाजिक कल्याण जैसी बड़ी चुनौतियों से अलग रहकर प्रभावी तरीके से नहीं निपटा जा सकता। जयशंकर ने कहा, दुनिया को एक साथ लाना और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इस रुख के साथ भारत ने जी20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाली और हमारी थीम : एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब और एक भविष्य आज सांस्कृतिक रूप से हमारे सामने बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत है। उन्होंने कहा कि दुनिया अधिक लोकतांत्रिक बन गई है ।



## जयशंकर ने अमेरिका के रक्षा मंत्री ऑस्टिन और वाणिज्य मंत्री रैमंडो से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की और रक्षा सामग्री के सह-उत्पादन समेत द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मजबूत करने सहित कई मुद्दों पर उनसे सार्थक चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी हुआ। जयशंकर ने अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रैमंडो से भी मुलाकात की। पेंटागन (अमेरिका के रक्षा विभाग का मुख्यालय) में शुक्रवार को ऑस्टिन से मुलाकात के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, हमारे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर सार्थक चर्चा की। वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। ऑस्टिन ने कहा, मुझे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत के बीच सहयोग पर चर्चा करने के लिए आज पेंटागन में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की मेजबानी करके खुशी हुई।

# ब्रिटेन: प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे सुनक



**भाषा।** लंदन

**करों में कटौती** के दबाव के बीच ऋषि सुनक इस सप्ताहांत ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार अपनी कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन का नेतृत्व करेंगे।ब्रिटेन में वर्ष 2024 में आम चुनाव प्रस्तावित हैं और सत्तारूढ़ दल इनकी तैयारियों में जुटा है। आम चुनाव के मद्देनजर पार्टी नेताओं द्वारा करों में कटौती की मांग की जा रही है। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री व कंजर्वेटिव पार्टी की नेता लिज ट्रस और पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल करों में कटौती न करने को लेकर असंतोष जा चुकी हैं। इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज (आईएफएस) थिंक टैंक ने इस सप्ताह एक पूर्वानुमान जताया था कि ब्रिटेन में कर का स्तर पिछले 70 साल में अपने उच्चतम स्तर पर है। ट्रस ने एक्स पर लिखा, "अभूतपूर्व रूप से उच्च करों जैसे कारणों की वजह से हमारी अर्थव्यवस्था स्थिर हो रही है और हमें ब्रिटेन को फिर से विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए करों में कटौती करने की आवश्यकता है"। उन्होंने कहा, हमें हमेशा कर का बोझ कम करने का प्रयास करना चाहिए, खासकर जब पारिवारिक बजट पर इतना दबाव हो। पटेल ने शुक्रवार को जीबी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा, "कर का बोझ अब 70 साल के उच्चतम स्तर पर है। यह सतत नहीं है। कर का भुगतान करने वालों पर बहुत दबाव है। कंजर्वेटिव पार्टी का सम्मेलन रविवार से शुरू होगा।

## ओशनगेट टाइटन त्रासदी के तीन महीने बाद टाइटैनिक सबमर्सिबल फिल्म पर काम शुरू

**लॉस एंजिलिस,।** फिल्म निर्माता ई. ब्रायन डोबिन्स और माइंडरॉयट एंटरटेनमेंट द्वारा ओशनगेट पनडुब्बी हादसे पर आधारित एक फीचर फिल्म ब्लैकनिंग का निर्माण किया जाएगा। मनोरंजन समाचार आउटलेट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म की पटकथा जस्टिन मैकग्रेगर और जोनाथन केसी द्वारा लिखी जाएगी तथा डोबिन्स इस फिल्म में सह-निर्माता के रूप में काम करेंगे। इस साल जून में अटलांटिक महासागर में टाइटैनिक के मलबे के पास गहरे समुद्र में यात्रा के दौरान टाइटन पनडुब्बी हादसे का शिकार हो गई थी और टाइटन पर सवार चालक दल के सभी पांच सदस्यों की मौत हो गई थी।

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली–110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

**[नियम 8(6) का परंतुक देखें]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सुनीता अग्रवाल (कर्ज़दार), शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल (सह–कर्ज़दार), गौरव अग्रवाल (सह–कर्ज़दार) खाता संख्या LBNOD00002082390 | फ्लैट नंबर 4182, टाइप–सी, फ्लोर–18, टॉवर–4, एटीएस टूर्मलाइन, गाँव बाबूपुर, सेक्टर 109 बी, गुड़गाँव, हरियाणा, क्षेत्रफल सुपर बिल्टअप एरिया: 2150 वर्ग फीट, बिल्टअप एरिया: 1797 वर्ग फीट। | रु. 1,97,95, 005/- (सितम्बर 16, 2023 तक) | रु. 1,51,10, 000/- / रु. 15,11,000/- | अक्टूबर 10, 2023 को सु. 11:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक | अक्टूबर 30, 2023 को सु. 11:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 27, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली– 110005** में **अक्टूबर 27, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **अक्टूबर 27, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 27, 2023**को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284, 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

**तिथि : सितम्बर 30, 2023** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर (गुड़गाँव)** — **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## अमेरिका के इलिनोइस में अमोनिया ले जा रहा ट्रक पलटा, कई लोगों की मौत

**ट्यूटोपोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के इलिनोइस में अमोनिया ले जा रहे ट्रक के पलटने के बाद गैस के लीक होने से कई लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद आनन-फानन में इलाके के निवासियों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजकर 25 मिनट पर ट्यूटोपोलिस के निकट यूएस हाइवे 40 पर हुई। पुलिस ने कहा कि अमोनिया रिसाव के कारण, दुर्घटना के लगभग एक मील के दायरे से लोगों को निकालने का आदेश दिया गया था।

## पोप फ्रांसिस ने 21 नए कार्डिनल बनाए जो उन्हें चर्च में सुधार में मदद करेंगे

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ने शनिवार को एक अनुष्ठान-पूर्ण समारोह में 21 नए कार्डिनल बनाए, जिनमें वेटिकन क्षेत्र के प्रमुख लोग शामिल है। ए कार्डिनल उनके सुधार कार्यों को लागू करने में मदद करेंगे और उनकी विरासत को भी मजबूत करेंगे। सेंट पीटर स्क्वायर में खिली धूप और जयकारों की गूंज के साथ फ्रांसिस ने कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स पर अपने प्रभाव का विस्तार किया। यही भविष्य में उनके उत्तराधिकारी को चुनेगा। सेवा की शुरुआत में नए कार्डिनल्स को दिए गए अपने निर्देशों में, फ्रांसिस ने कहा कि उनकी भिन्नता और भौगोलिक विविधता एक ऑर्केस्ट्रा के संगीतकारों की तरह चर्च की सेवा करेगी।

## जिम्बाब्वे में सोने की खदान ढहने से छह खनिकों की मौत, 15 लोग फंसे

**हरारे।** जिम्बाब्वे में सोने की खदान ढहने से छह खनिकों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य लोग अब भी जमीन के अंदर फंसे हुए हैं। सरकारी मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। सरकारी जिम्बाब्वे प्रसारण निगम ने खान विभाग के उप मंत्री पोलाइट कंबामुरा के हवाले से कहा कि शुक्रवार को हुए हादसे में 34 खनिक फंस गए थे, लेकिन 13 निकलने में सफल रहे। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि राजधानी हरारे से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में सोने से समृद्ध शहर चेगुटु की बेहोज खदान में बचाव अभियान जारी है।

# यूक्रेन के क्षेत्रों को रूस में शामिल करने की पुतिन ने मनाई सालगिरह, रात भर ड्रोन से किए गए हमले

**भाषा।** कीव



**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि एक साल पहले रूस में मिलाए गए यूक्रेन के चार क्षेत्रों ने स्वेच्छा से रूस को अपनी पितृभूमि स्वीकार किया है। यूक्रेन के चार क्षेत्रों का रूस में विलय करने की पहली सालगिरह पर देर रात जारी बयान में पुतिन ने जोर देकर कहा कि उनके देश ने इलाकों को शामिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों का पूरी तरह से पालन किया है। उन्होंने दावा कि दोनेत्स्क, लुहांस्क, जेपोरीजिया और खेरसॉन के लोगों ने एक बार फिर इस महीने के शुरू में हुए स्थानीय चुनाव में रूस का हिस्सा होने की इच्छा जताई है। रूस के केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बताया कि उक्त चार क्षेत्रों के चुनाव में देश में सत्तारूढ़ पार्टी ने अधिकतर सीट पर जीत दर्ज की है। हालांकि, पश्चिमी देशों ने पिछले साल हुए कथित जनमत संग्रह और इस साल हुए मतदान को अस्वीकार करते हुए उसे शर्मनाक करार दिया है। यूक्रेन के चार क्षेत्रों को रूस में शामिल होने की सालगिरह पर शुक्रवार को मॉस्को के मशहूर रेड स्क्वायर पर कंसर्ट का आयोजन किया गया लेकिन पुतिन ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। पुतिन का यह संबोधन तब आया जब रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह देश के अधिकांश क्षेत्रों में एक अक्टूबर से शुरू होने वाली अनिवार्य सैन्य सेवा के लिए।,30,000 लोगों की भर्ती करेगा।मंत्रालय ने घोषणा की कि वह पहली बार अपने द्विवार्षिक सैन्य भर्ती अभियान के हिस्से के रूप में देश में शामिल क्षेत्रों के लोगों को मौका देगा। रूस का कहना है कि सैनिकों को यूक्रेन में अपने विशेष सैन्य अभियान के रूप में या विलय किए गए क्षेत्रों में सेवा देने के लिए तैनात नहीं किया जाता है।हालांकि, उनकी सेवा के बाद, सिपाही स्वत: आरक्षित सैनिक बन जाते हैं। रूस ने यूक्रेन में पहले आरक्षित कर्मियों की तैनाती की है। यूक्रेन के आंशिक कब्जे वाले दक्षिणी जेपोरीजिया क्षेत्र के गवर्नर सूरी मलाश्को ने बताया कि शनिवार को क्षेत्रीय राजधानी के बाहरी इलाके में उत्तर पूर्वी स्थित मताविव्का गांव में दो मिसाइल हमले में पांच लोग घायल हो गए। यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने ओडेसा, मीकोलायिव और वीन्नित्स्या प्रांत को निशाना बनाने के लिए रूस द्वारा भेजे गए ईरान निर्मित 40 कामिकाजे ड्रोन में से 30 को मार गिराया। वीन्नित्स्या के क्षेत्रीय गवर्नर शेरही बोरजोव ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने उनके मध्य यूक्रेनी क्षेत्र में 20 ड्रोन को मार गिराया लेकिन कलीनिव्का शहर में एक अवंसरचना से ड्रोन के टकराने से भीषण आग लग गई है। रोमानिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पूरी रात हुई बमबारी के दौरान संभवत: उसके हवाई क्षेत्र का अतिक्रमण किया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी बेलगोरोड क्षेत्र को निशाना बनाकर यूक्रेन की ओर से दागे नौ रॉकेट को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन से लगते रूस के ब्रयान्स्क क्षेत्र के स्थानीय अधिकारी ने बताया कि पोगर शहर में अज्ञात हमले से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

# शटडाउन का खतरा: मैक्कार्थी ने डेमोक्रेट की मदद से 45 दिन के वित्तपोषण की योजना बनाई

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** सरकारी कामकाज पर शटडाउन के संकट की आशंका के बीच प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैककार्थी ने शनिवार को घोषणा की कि वह डेमोक्रेट की मदद से सदन के माध्यम से 45 दिन के वित्तपोषण के लिए विधेयक को आगे बढ़ाने पर कोशिश कर रहे हैं। इस कदम से सरकार को रास्ता मिल सकता है लेकिन मैककार्थी का पद खतरे में पड़ सकता है। सरकारी कामकाज के लिए धन की जरूरत संबंधी आधी रात की समयसीमा से कुछ घंटे पहले रिपब्लिकन सांसदों ने सुबह के वक्त गुप्त बैठक की। विधेयक पारित नहीं होने पर संघीय सरकार का कामकाज ठप पड़ सकता है। नए प्रयास के तहत यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता को पीछे छोड़ दिया जाएगा जिसका बड़ी संख्या में रिपब्लिकन विरोध कर रहे हैं। सदन में इस योजना पर शनिवार को त्वरित मतदान की तैयारी है। वरिष्ठ रिपब्लिकन मारिया डियाज–बालार्ट (फ्लोरिडा) ने बैठक से निकलते वक्त कहा, हर मिनट हमारे विकल्प समाप्त होते जा रहे हैं। सदन की आकस्मिक कार्वाई से सरकार को वर्तमान 2023 के स्तर पर 45 दिन के लिए सहायता मिलेगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री हिमांशु मित्तल ने मन्नत होम्स से दूसरी मंजिल का फ्लैट जिसका मकान नों डी–9, साकेत, दिल्ली–110017 है, खरीद रहे है, जिसके असली कागज जो की:
i) स्थायी पट्टा विलेख, दिनांक 02/05/1977, जो की श्री श्याम सुन्दर गंगोत्रा के नाम थी।
ii) बिक्री का समझोता, दिनांक 16.10.980, जो कीश्री अश्वनी शर्मा एवं श्री अरविन्द शर्मा के नाम थी।
iii) सामान्य शक्ति अधिकार, दिनांक 6.10.1980, जो की श्री अश्वनी शर्मा एवं श्री अरविन्द शर्मा के नाम थी।
iv) संप्रेषण विलेख, दिनांक 24.08.1988, जो की श्री अश्वनी शर्मा एवं श्री अरविन्द शर्मा के नाम थी।
v) उत्परिवर्तन पत्र, दिनांक 17.09.1999, जो की श्री अश्वनी शर्मा एवं श्री अरविन्द शर्मा के नाम थी।
vi) बिक्री का समझोता, दिनांक 29.01.2005, जो कीश्री सुभाष आरोरा के नाम थी।
vii) सामान्य शक्ति अधिकार, दिनांक 27.07.2005, जो कीश्री गौतम सभरवात्र के नाम थी।
viii) बिक्री का समझोता, दिनांक 17.06.2005, जो की सभरवाल डेवलपर्स एण्ड प्रमोटर लिमिटेड के नाम थी।
ix) उत्परिवर्तन पत्र, दिनांक 26.09.2005, जो की सभरवाल डेवलपर्स एण्ड प्रमोटर लिमिटेड के नाम थी।
जो की खो और गुम हो गए है. अगर किसी व्यक्ति का अधिकार है ईस पर तो कृपया विपुल अग्रवाल मोबइल न. 989960930 पर संपर्क करें, एक हफ्ते के अंदर।
(विपुल अग्रवाल) अधिवक्ता
8130120381

**Public Notice**

This is to inform General Public Notice that Mrs. Seema Chopra acquired Entire second floor without roof/terrace rights built on property bearing no. 72, area measuring 148.77 Sq. Yds., i.e., 124.375 Sq. Mtrs., situated in the layout plan of the Kalyan Co-Operative House Building Society Ltd. Presently known as Kalyan Vihar Delhi110009.vide Sale Deed dated 12.10.2019 registered as doc. No. 15457 executed by Mr. Pawan Kumar Gupta & Mr. Sunil Gupta.
Now Mrs. Seema Chopra intends to sell the Entire second floor without roof/terrace rights built on property bearing no. 72, area measuring 148.77 Sq. Yds., i.e., 124.375 Sq. Mtrs., situated in the layout plan of the Kalyan Co-Operative House Building Society Ltd. Presently known as Kalyan Vihar Delhi110009 to Mr. Umesh Kumar and further Mr. Umesh Kumar has agreed to create a mortgage in respect of the said Floors in favor of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Law Veritas North, Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301 or contact at +910120-3101683; 4562809.
Yours Faithfully
Adv. Sudhir Jain
Partner of Law Veritas North

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/ सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव जैन/अनीता जैन/ एलबीजीयूआर00002362115 | यूनिट नंबर टी151805, 17वां तल, टावर 15, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क II, स्थित सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 22–02–2020 रू. 63,64,045/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 2. | परमानंद/लक्ष्मी/ एलबीजीयूआर00001983343 | फ्लैट 1706, 17वां तल, टावर टी 16, ग्रीन पार्क II, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 25–03–2021 रू. 69,00784/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 3. | राज कुमार गुप्ता/ शालिनी गुप्ता/ एलबीडीईएल00002434835 | फ्लैट नंबर टी–16–2003, 19वां तल, टावर –16, सरे क्रीसेंट पार्क, ग्रीन पार्क II, सेक्टर–92, गुरूग्राम–122003/27–09–2023 | 30–01–2020 रू. 70,47,321/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 4. | संदीप अग्रवाल/ साक्षी अग्रवाल/ एलबीजीयूआर00003067817 | फ्लैट नंबर टी–160101, प्रथम तल, टावर 16, ग्रीन पार्क II, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 22–02–2020 रू. 77,76,145/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 5. | प्रवीण कुमार मादुरी/ मादुरी अर्चना/ एलबीएनओडी00002392226 | फ्लैट नंबर टी–15–1506, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क II, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 31–12–2019 रू. 71,87,136/– | दिल्ली एवं एनसीआर/मेडक |
| 6. | अंशुमान चन्द्रा/सुरभि थापा/ एलबीएनओडी00002386314 | फ्लैट नंबर 1602, 16वां तल, टावर जी 3, दि ग्रैंड, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 23–06–2021 रू. 73,95,361/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 7. | सुमित गुप्ता/रमेश गुप्ता/ एलबीजीयूआर00003078790 | फ्लैट नंबर टी16 1906, 18वां तल, टावर 16, ग्रीन पार्क II, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 19–03–2021 रू. 75,60,020/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 8. | गणेश दत्त जोशी/ ज्योति जोशी/दीप चंद्र जोशी/ एलबीडीईएल00002996682 | फ्लैट नंबर 506, 5वां तल, टावर 16, ग्रीन पार्क फेज–II, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम–122003 /27–09–2023 | 31–12–2019 रू. 68,89,346/– | दिल्ली एवं एनसीआर/बागेश्वर |
| 9. | धर्म नाथ चौधरी/नीतू कुमारी/ एलबीडीईएल00002869199 | फ्लैट नंबर टी160501, 5वां तल, टावर 16, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क –II, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा /27–09–2023 | 30–11–2019 रू. 70,56,154/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 10. | नटवर राणा/ पारूल राणा/ एलबीजीयूआर00003018710 | फ्लैट नंबर टी161002, 10वां तल, टावर टी 16, ग्रीन पार्क –II, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 /27–09–2023 | 31–08–2019 रू. 67,47,908/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 11. | भव्येश भाटिया/नीता भाटिया/नेहा विश्वा/ एलबीजीयूआर00002254147 | फ्लैट नंबर टी150202, द्वितीय तल, टावर 15, ग्रीन पार्क –II, सरे क्रीसेंट पार्क, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा /27–09–2023 | 23–06–2021 रू. 6,84,728/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 12. | भव्येश भाटिया/नीता भाटिया/नेहा विश्वा/ एलबीडीईएल00001948621 | फ्लैट नंबर टी150202, द्वितीय तल, टावर 15, ग्रीन पार्क –II, सरे क्रीसेंट पार्क, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा /27–09–2023 | 23–06–2021 रू. 31,76,040/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 13. | हिमांशु अग्रवाल/ आशा/ एलबीडीईएल00002855194/ एलबीडीईएल00002882867 | फ्लैट नंबर पी040403, चतुर्थ तल, दि पेटिओल्स, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क –II, स्थित सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा /27–09–2023 | 28–09–2020 रू. 1,09,35,026/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 14. | रूही गुलाटी/नमिता गुलाटी/ एलबीडीईएल00001990287 | फ्लैट नंबर पी061202, 12वां तल, टावर –पी06, सरे क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क –II, "दि पेटिओल्स", सेक्टर–92, गुरूग्राम/27–09–2023 | 31–08–2019 रू. 36,27,450/– | दिल्ली एवं एनसीआर/पानीपत |
| 15. | चिदम्बरम नारायणन/ एलबीजीयूआर00002393124 | फ्लैट नंबर पी030703, 7वां तल, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क –II, "दि पेटिओल्स", सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम/27–09–2023 | 31–08–2019 रू. 1,14,73,230/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 16. | लेअरॉयड मार्टिन विलियम्स/ वैनेसा शैरोन विलियम्स/ एलबीडीईएल00002437665 | पी042001, 19वां तल, टावर –पी4, सरे क्रीसेंट पार्क फेज–4, सेक्टर–92, गुरूग्राम–122001/27–09–2023 | 23–07–2020 रू. 1,08,26,103/– | दिल्ली एवं एनसीआर/मुंबई |
| 17. | मृदुल गुप्ता/सुभाश चंदर गुप्ता/ एलबीजीयूआर00002382187 | फ्लैट नंबर 601, छठा तल, सरे क्रीसेंट पार्क, टावर पी04, फेज–4, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा–122001/ 27–09–2023 | 31–12–2019 रू. 1,05,95,209/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 18. | गौरव अग्रवाल/श्री कृष्ण एंटरप्राइजेज/ एलबीडीईएल00002432771 | फ्लैट नंबर 602, छठा तल, सरे क्रीसेंट पार्क, फेज–4, टावर पी04, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा–122001/ 27–09–2023 | 31–12–2019 रू. 1,03,81,754/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 19. | निशा सिंह/प्रियंका हरीश चावला/ एलबीडीईएल00002895023 | फ्लैट नंबर एफ020403, 17वां तल, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क –II, टावर–एफ02, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर–92, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 19–03–2021 रू. 70,33,282/– | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 20. | हेमलता यादव/अविनाश कुमार/ एलबीडीईएल00005031996 | फ्लैट नंबर 604, छठा तल, टावर डी2, आंगन, ग्राम हरसारू, सेक्टर–88ए/89ए, गुरूग्राम, हरियाणा/27–09–2023 | 26–04–2023 रू. 13,53,642/– | दिल्ली एवं एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 30–09–2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# पाकिस्तान: दोहरे आत्मघाती हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 60 हुई



**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** के अशांत बलूचिस्तान प्रांत और खैबर पख्तूनख्वा में हुए दो अलग-अलग आत्मघाती विस्फोटों में मृतकों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। आतंकवाद रोधी विभाग ने बताया कि बलूचिस्तान में हुए विस्फोटों के सिलसिले में उन्होंने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की। पाकिस्तान से प्रकाशित डॉन अखबार की खबर के मुताबिक शुक्रवार को बलूचिस्तान के मस्तांग जिले में स्थित मदीना मस्जिद के नजदीक पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन पर आयोजित जुलूस पर किए गए हमले में 55 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। अखबार के मुताबिक दूसरा आत्मघाती हमला खैबर पख्तूनख्वा के हांगू शहर में पुलिस थाना स्थित मस्जिद को निशाना बनाकर किया गया जिससे मस्जिद की छत गिर गई और उसकी चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। डॉन ने आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के हवाले से शनिवार को खबर दी कि अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या और आतंकवाद की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खबर के मुताबिक, अबतक किसी संगठन ने इन हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, वहीं पूर्व में पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार रहे प्रतिबंधित संगठन तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने भी अपनी संलिप्तता से इनकार किया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कलियानपुर विकास खण्ड जवां अलीगढ़**

**पत्रांक-मीमो/टेण्डर पत्रा0/ग्रा0 पं0/2023-24** — **दिनांक 30/09/2023**

**अति अल्पकालिक निविदा आमंत्रित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग/पंचम वित्त/एस.एल.डब्लू.एम. फेज –2 से ग्राम पंचायत के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु पंजीकृत सप्लायर/ठेकेदारों/दुकानदारों से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाये दिनांक 09.10.2023 के 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन सांय 3.00 बजे आवेदकों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी। फर्म सामग्री की दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.10.23 से ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | नग | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पथवारी से अनतराम बाबूजी के खेत तक यू टाइप नाली निर्माण कार्य | 75 मी. | 1.85 लाख | ------ | 90 दिन |

निविदा की शर्तें:–
1–निविदा के साथ श्रम विभाग/जी0एस0टी0 पंजीकरण/आयकर पंजीकरण आदि प्रमाणपत्रों की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी होगी।
2–जी0एस0टी0/आयकर/सेस तथा रायल्टी की कटोती भुगतान के समय बिलों से की जायेगी।
3–किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार ग्रा0पं0 अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4–निविदादाताओं को स्वीकृत दरों के अतिरिक्त निर्धारित जी0एस0टी0 के अलावा कोई कर व भाडा अथवा अन्य खर्चा प्रथक से देय नहीं होगा तथा सामग्री उच्च गुणवत्ता की होगी।
5–निविदा खोले जाने वाले दिनांक में सार्वजनिक अवकाश अथवा विषम परिस्थिति उत्पन्न होने पर निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी।
6–किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा।

अध्यक्ष/प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कलियानपुर — ग्राम पंचायत कलियानपुर
वि0ख0 जवां अलीगढ़ — वि0ख0 जवां अलीगढ़

# आरक्षण देते समय ओबीसी और मराठा टकराव पैदा नहीं होने देंगे: फडणवीस

भाषा। चंद्रपुर(महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार आरक्षण प्रदान करते समय ऐसा कोई रुख नहीं अपनाएगी जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठा समुदाय के बीच टकराव पैदा हो। फडणवीस ने चंद्रपुर पहुंचकर ओबीसी समुदाय के उन सदस्यों से बातचीत की, जो आरक्षण उद्देश्यों के लिए मराठों को ओबीसी खंड में शामिल नहीं करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की छात्र शाखा के प्रमुख रवींद्र टोंगे से मुलाकात की। वह पिछले 19 दिन से भूख हड़ताल कर रहे हैं। फडणवीस द्वारा कलेक्टरेट के सामने जूस की पेशकश करने के बाद टोंगे ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

फडणवीस के साथ कैबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, विधायक किशोर जोरगेवार, विधायक कीर्तिकुमार भांगडिया, राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के अध्यक्ष बबनराव तायवाडे और अन्य लोग थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए, उपमुख्यमंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का मराठों और ओबीसी के लिए आरक्षण प्रदान करने के बारे में बहुत सकारात्मक नजरिया हैं। सरकार किसी भी समुदाय के साथ अन्याय नहीं करेगी और उनके बीच टकराव पैदा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी से किए गए वादों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और समुदाय के विकास के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ओबीसी के पक्ष में फैसले लिए हैं, जिनमें विदेश में शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति और समुदाय के युवाओं के लिए छात्रावास शामिल हैं। फडणवीस ने कहा, एक अलग ओबीसी मंत्रालय स्थापित किया गया है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि ओबीसी के लिए योजनाएं केंद्रित तरीके से चलाई जाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी समुदाय के हित में फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी चिकित्सा कॉलेजों में ओबीसी के लिए कोई आरक्षण नहीं था, लेकिन 70 साल बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी ने समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी के लिए 10 लाख मकानों की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की राज्य में बेघर और गरीब ओबीसी को मकान उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ से सरकार के साथ समन्वय करने का आग्रह किया।

## मराठा होने के बावजूद अंबादास दानवे के पास ओबीसी प्रमाणपत्र है, वडेट्टीवार का आरोप

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में आरक्षण को लेकर विवाद के बीच विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि विधान परिषद में विपक्ष के नेता और शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे के मराठा होने के बावजूद उनके पास अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रमाणपत्र है। वडेट्टीवार की कांग्रेस और दानवे की शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) में सहयोगी है। पिछले कुछ हफ्तों से कई संगठन यह मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे है कि आरक्षण उद्देश्यों के लिए मराठा को ओबीसी श्रेणी में शामिल नहीं किया जाए। कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि मराठवाड़ा में लगभग 28 लाख लोगों को पैसे के बदले गुप्त रूप से ओबीसी जाति प्रमाणपत्र दिए गए।

## कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब की** फाजिल्का जिले की एक अदालत ने शनिवार को 2015 के मादक पदार्थ मामले में गिरफ्तार कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दो दिन की पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद खैरा को कड़ी सुरक्षा के बीच जलालाबाद स्थित अदालत में पेश किया गया। भुलथ से विधायक खैरा को बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उप महानिरीक्षक स्वपन शर्मा के नेतृत्व वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच के बाद 2015 के मादक पदार्थ मामले में खैरा को गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थ से जुड़ा यह मामला मार्च 2015 में फाजिल्का के जलालाबाद में दर्ज किया गया था। इसमें गुरदेव सिंह सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और बाद में उन्हें स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था। पुलिस ने आरोपियों पास से दो किलोग्राम हेरोइन, सोने के 24 बिस्कुट, एक देसी पिस्तौल, एक .315 बोर की पिस्तौल और दो पाकिस्तानी सिम कार्ड बरामद किए थे पुलिस जांच के दौरान बाद में खैरा का नाम सामने आया था।उच्चतम न्यायालय ने 2017 में खैरा के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी, जिन्हें मामले में अतिरिक्त आरोपी के तौर पर तलब किया गया था। खैरा को 2015 के मादक पदार्थ मामले से जुड़े धन शोधन के आरोप में 2021 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## वडोदरा में जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में 20 लोग गिरफ्तार

भाषा। वडोदरा

**गुजरात** के वडोदरा के पादरा में मिलाद-उन-नबी के अवसर पर निकाले गए जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शुक्रवार की रात जब जुलूस एक मंदिर के पास से गुजर रहा था, तो इसमें शामिल कुछ सदस्यों ने अश्लील इशारे किए और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्द कहे। इसके बाद हिंदू समुदाय के लोगों का एक समूह पादरा पुलिस थाने के बाहर इकट्ठा हो गया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भीड़ को तितर-बितर कर दिया गया और अजय परमार की शिकायत के आधार पर जुलूस में शामिल 13 नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

## क्विक न्यूज

### तारा शाहदेव धर्मांतरण मामले में तीन लोग दोषी करार

**रांची।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने तारा शाहदेव धर्मांतरण मामले में शनिवार को उनके पूर्व पति और सास समेत सभी तीन मुख्य आरोपियों को दोषी करार दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने मामले में तीनों को दोषी ठहराया और सजा की घोषणा के लिए पांच अक्टूबर की तारीख तय की। तीनों दोषियों- शाहदेव के पति रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौसर रानी और मुश्ताक अहमद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शाहदेव ने अपनी शिकायत में कहा था कि उन्होंने सात जुलाई 2014 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन से शादी की थी, लेकिन शादी के दूसरे दिन ही उनके पति और उस समय सतर्कता रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत अहमद ने उन्हें उनका धर्म बदलने और निकाह करने के लिए मजबूर किया था। सीबीआई ने 2015 में जांच अपने हाथ में ली थी और दिल्ली में मामला दर्ज किया था।

### मप्र में बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने गठबंधन किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने गठबंधन कर लिया है। दोनों दलों के पदाधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।बसपा के राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम और जीजीपी के राष्ट्रीय महासचिव बलबीर सिंह तोमर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में उनकी सीट-बंटवारे की व्यवस्था के अनुसार, बसपा 178 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि जीजीपी 52 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। दोनों दलों ने बाद में जारी एक संवाददाताआ सम्मेलन में कहा, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अत्याचार को खत्म करने के लिए मध्य प्रदेश में इस गठबंधन की सरकार बनेगी। इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस का तानाशाही और पूंजीवादी शासन भी खत्म होगा और गरीबों को न्याय मिलेगा। 230 सदस्ईय मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए इस साल नवंबर मे चुनाव होने है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने दो सीटें जीती थी, हालांकि बाद में उनका एक विधायक भाजपा में शामिल हो गया था।

### आईसीआईसीआई क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर है

**मुंबइ।** हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं। कंपनी क्लेम सेटलमेंट अनुपात में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.90 प्रतिशत ,एचडीएफसी 96.70 प्रतिशत ,एसबीआई 95.80 प्रतिशत ,बजाज आलियांज 93.50 प्रतिशत ,मैक्स लाइफ 86. 30 प्रतिशत टाटा एआईए 77.30 प्रतिशत है। क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना पब्लिक डिसक्लोज़र्स से की गई है, जो संबंधित कंपनियों की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रू डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स को बेहतरी से सेटल करती है बल्कि सर्वोत्तम ग्राहक सेवा भी प्रदान करती है।

### जनसंहार का हथियार बन गया है सोशल मीडिया : कोर्ट

**पणजी।** बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ के न्यायाधीश महेश सोनक ने शनिवार को कहा कि सोशल मीडिया या मास मीडिया जनसंहार का हथियार बन गया है और उनसे निपटने के लिए अब तक कोई समन्वित कोशिश नही की गई है। न्यायमूर्ति सोनक ने जी आर कारे कॉलेज ऑफ लॉ मे व्याख्यान श्रृंखला जीआरके-लॉ टाक्स के दौरान यह भी कहा कि वह ऐसी खबरे नही पढ़कर या ना देखकर कई मुद्दो से अनजान बने रहने को प्राथमिकता देते है क्योकि इसे वह गलत सूचना पाने से कही बेहतर मानते है। उन्होंने कहा, हम ऐसे युग मे रहते है, जहां हम कंप्यूटर और स्मार्टफोन जैसी सोचने वाली मशीनो को पसंद करते है और उनका महिमामंडन करते है। लेकिन हम उन व्यक्तियो पर बेहद संदेह करते है या उनसे सावधान भी रहते है, जो सोचने की कोशिश करते है। न्यायमूर्ति सोनक ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अपनी खूबियां है, लेकिन यदि हम अपनी सोचने की क्षमता, बुद्धि और इसके अलावा संवेदनशील विकल्प चुनने की क्षमता को किसी मशीन या एल्गोरिदम के पास गिरवी रख दे, चाहे वह कितना भी बुद्धिमान क्यो न हो, तो यह एक दुखद दिन और दुखद दुनिया होगी।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी मारे गए : पुलिस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले मे शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलो ने दो आतंकवादियो को मार गिराया। यह जानकारी पुलिस ने दी। घुसपैठ की कोशिश उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर के कुमकाडी इलाके मे हुई। कुपवाड़ा पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर एक पोस्ट मे कहा, कुपवाड़ा पुलिस द्वारा दी गई एक खुफिया जानकारी के आधार पर, माछिल सेक्टर के कुमकाडी इलाके मे सेना और पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान मे घुसपैठ के प्रयास मे शामिल दो आतंकवादी अभी तक मारे गए है। पुलिस ने कहा कि अभियान अभी भी जारी है। उसने बताया कि मुठभेड़ स्थल से अब तक दो एके राइफल, चार एके मैगजीन, 90 कारतूस, पाकिस्तान निर्मित एक पिस्तौल, एक थैली और 2,100 रुपए पाकिस्तानी मुद्रा बरामद की गई है।

### इंडिया गठबंधन की सीट बंटवारे की बातचीत में लद्दाख संसदीय सीट पर भी चर्चा की जाएगी: उमर

**करगिल।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि अगले साल होने वाले आम चुनावो के लिए इंडिया गठबंधन की सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर बातचीत के दौरान इस बात पर चर्चा होगी कि लद्दाख लोकसभा सीट पर कौन सा दल उम्मीवार उतारेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलो के गठबंधन इंडिया के साथ है। लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद-करगिल के चुनाव के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच आम चुनाव से पूर्व गठबंधन के बारे मे एक सवाल पर उन्होंने कहा, आपके पास विधानसभा नही है... इसलिए सड़क यही से शुरू होकर खत्म हो जाती है। अब्दुल्ला ने कहा, हम इंडिया गठबंधन मे है। जब सीट बंटवारे पर बात होगी, तो निश्चित रूप से इस पर (लद्दाख संसदीय सीट) चर्चा की जाएगी।

### भरतपुर के कुम्हेर कांड में नौ को आजीवन कारावास, 41 बरी

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले की एक अदालत ने 1992 मे कुम्हेर मे हुए हत्याकांड मे नौ दोषियो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस हत्याकांड मे 16 दलित मारे गए थे और 40 घायल हो गए थे। इसके साथ ही अदालत ने 41 लोगो को बरी कर दिया। नवगठित जिले डीग (जो पहले भरतपुर का हिस्सा था) के पुलिस थाना कुम्हेर के इलाके मे छह जून 1992 को हुए इस हत्याकांड मे अनुसूचित जाति के 16 लोग मारे गए थे, जबकि 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# तेजस्वी ने राज्यसभा सदस्य मनोज झा का बचाव किया

## ठाकुर विवाद

भाषा। पटना



**बिहार के उप** मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को इन आरोपों को खारिज कर दिया कि हाल में ठाकुरों का राज्यसभा में उनके करीबी मनोज झा ने अपमान किया था।

उन्होंने दिल्ली से झा के लौटने पर उनका बचाव करते हुए संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का भाजपा की तुलना में ठाकुरों से अधिक जुड़ाव है। तेजस्वी ने झा के खिलाफ कुछ भाजपा विधायकों के बयानों को लेकर उनकी कड़ी आलोचना की। राज्यसभा सदस्य झा पिछले सप्ताह उच्च सदन में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान अपने भाषण को लेकर विवाद में घिर गए हैं। राजद सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने समाज के कमजोर तबके की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की मांग की थी। तेजस्वी ने कहा, राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में हमारे सदस्यों में, भाजपा की तुलना में अधिक राजपूत (बिहार में ठाकुर कहे जाने वाले) हैं। हमने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को उनमें शामिल किया है, जिन्हें हम अपना आदर्श मानते हैं। राजद के संस्थापकों में दिवंगत रघुवंश प्रसाद सिंह शामिल थे, जिन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मनरेगा की शुरुआत की थी। ऐसी विरासत किसी अन्य पार्टी के पास नहीं है। झा ने दलित लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि की एक कविता ठाकुर का कुआं की पंक्तियों को राज्यसभा में पढ़ा था और कहा, हम सबके अंदर एक ठाकुर हैं, जिनसे हमें छुटकारा पाना होगा। इसके बाद, बिहार में कई राजनीतिक नेताओं ने आरोप लगाया कि झा, जो ब्राह्मण हैं, ने जानबूझ कर समुदाय (ठाकुरों) को निशाना बनाया है। भाजपा ने इस सप्ताह की शुरूआत में विरोध-प्रदर्शन किया और तेजस्वी तथा उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद का पुतला फूंका। वहीं, राजद के युवा विधायक चेतन आनंद, झा के भाषण पर अपनी आपत्ति जताने के लिए लोगों के बीच गए। राज्य विधानसभा में राजद के नेता तेजस्वी ने कहा कि आनंद को पार्टी मंच पर अपनी चिंता जाहिर करनी चाहिए, ना कि सोशल मीडिया में। उन्होंने कहा, मैं उनसे बात करूंगा। उन्होंने झा को एक विद्वान व्यक्ति बताया जो दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यापन करते हैं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार भी मिला है। तेजस्वी ने शब्दों को संदर्भ से हटा कर पेश करने के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, यह (भाजपा का प्रदर्शन) ठीक वैसा ही है जैसा कि उसने 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान मेरे मामले में करते हुए आरोप लगाया था कि मैंने बिहार में भ्रष्टाचार के लिए बाबुओं (नौकरशाही) को जिम्मेदार ठहराया है। बिहार में बाबू साहेब शब्द का अर्थ अक्सर राजपूतों के संदर्भ में किया जाता है। झा को शारीरिक नुकसान पहुंचाने की कथित धमकी से जुड़े कुछ भाजपा विधायकों के बयानों की आलोचना करते हुए तेजस्वी ने कहा, यदि मेरी पार्टी के नेताओं ने ऐसा व्यवहार किया होता तो हमने उनकी खिंचाई की होती।

# बेंगलुरु पुलिस ने 854 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया

## छह लोग गिरफ्तार

भाषा। बेंगलुरु

**बेंगलुरु पुलिस ने** 854 करोड़ रुपए के साइबर धोखाधड़ी घोटाले का पर्दाफाश कर एक निवेश योजना की आड़ में देशभर से हजारों लोगों को ठगने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज, पानिन्द्र, चक्रधर, श्रीनिवास, सोमाशेखर और वशनाथ के रूप में हुई है और ए सभी बेंगलुरु के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य आरोपियों की पहचान की गई है, जिनपर इस पूरे घोटाले का सूत्रधार होने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ठगी की कुल रकम में से पांच करोड़ रुपए जब्त कर लिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, बेंगलुरु के एक अकेले शख्स से 49 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, गिरोह ने पीड़ितों को व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए अपने जाल में फंसाया। शुरुआत में उन्हें यह कहकर 1,000 रुपए से 10,000 रुपए का निवेश करने के लिए कहा गया कि इससे उन्हें हर दिन 1,000 रुपए से 5,000 रुपए का मुनाफा होगा। अधिकारी के अनुसार, हजारों पीड़ितों ने एक लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए या उससे अधिक राशि निवेश की।

# शिवराज ने मप्र के हर परिवार को नौकरी देने का वादा किया

भाषा। भोपाल



**मध्य प्रदेश** में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया है कि अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता बरकरार रहती है, तो पार्टी प्रत्एक परिवार के एक सदस्य को नौकरी देगी। मुख्यमंत्री की यह घोषणा विपक्षी दल कांग्रेस की लगातार इस आलोचना के बीच आई है कि चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बेरोजगारी के मुद्दे से निपटने में विफल रही है। चौहान ने कहा, मैं (राज्य के लोगों के) जीवन की कठिनाइयों को दूर कर दूंगा। अगर मैं दोबारा सत्ता में आया, तो हर परिवार से एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा, ताकि उन्हें पलायन न करना पड़े। चाहे वह स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हो या उद्यम क्रांति योजना या सरकारी नौकरियों के माध्यम से, हर परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। चौहान शुक्रवार को आदिवासी बहुल अलीराजपुर जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह मध्य प्रदेश की धरती की पूजा करने और जनता की सेवा करने के लिए मुख्यमंत्री बने हैं तथा लोगों के जीवन को बदलने के लिए दिन-रात काम किया है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बारे में पूछे जाने पर, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि ऐसे बयान केवल युवाओं को गुमराह करने के लिए दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पिछले 18 वर्षों में बेरोजगारों को नौकरी देने में विफल रही है। वह भविष्य में नौकरियां कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं?।

## केरल में भारी बारिश जारी, 13 जिलों में जारी किया एलो अलर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हो रही है, जिससे शनिवार को सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोट्टयम को छोड़कर राज्य के 13 से 14 जिलों में एलो अलर्ट जारी किया है। एलो अलर्ट में छह से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना जताई गई है। कई स्थानों से पेड़ गिरने, जलभराव और दीवारें ढहने की खबरें आई हैं, लेकिन राज्य में कहीं भी किसी प्रकार के बड़े हादसे की सूचना नहीं है। राज्य में बीते दो दिनों से बारिश जारी है।भारी बारिश की वजह से अलप्पुझा जिले के कुट्टनाद क्षेत्र के एदथुआ में सैकड़ों एकड़ धान की फसल खराब हो गई।जिला अधिकारियों ने यहां बताया कि बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर राज्य की राजधानी के समीप अरुविक्कारा बांध का शटर 160 सेंटीमीटर तक उठा दिए गए हैं।

# संघ के संगठन ने राज्यपाल से केरल के भूमि संबंधित विधेयक को मंजूरी नहीं देने का अनुरोध किया

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**संघ के एक प्र**मुख संगठन ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से केरल सरकार भूमि आकलन (संशोधन) विधेयक-2023 को मंजूरी नहीं देने का अनुरोध किया है। संघ के एक संगठन भारतीय विचार केंद्रम (बीवीके) ने शनिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया कि इस विधेयक का उद्देश्य पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील मुन्नार क्षेत्र में हो रहे अनधिकृत निर्माण और भूमि विरूपण गतिविधियों को विनियमित करना है। बीवीके की राज्य समिति द्वारा 27 सितंबर को पारित किए गए एक प्रस्ताव में कहा गया है, केरल सरकार ने 14 सितंबर, 2023 को केरल विधानसभा में विधेयक पारित किया है, जो दी गई भूमि के पट्टे में निर्दिष्ट शर्तों का उल्लंघन करके सरकार को किए गए अनधिकृत निर्माण और भूमि विरूपण गतिविधियों को नियमित करने का अधिकार देता है। सरकार को यह अधिकार देने में मुन्नार क्षेत्र के पारिस्थितिकी महत्व, इसकी समुद्र तल से ऊंचाई, भूकंप, भूस्खलन की संभावना, वन और वन्य जीवन संरक्षण कानून आदि पर विचार नहीं किया गया। संगठन ने कहा कि प्रस्तावित कानून मुन्नार क्षेत्र में भूमि संबंधी मुद्दों को निपटाने के लिए केरल उच्च न्यायालय के निर्देश को दरकिनार करके 50 वर्ष से अधिक समय में किए गए अनधिकृत निर्माणों को नियमित करने की मांग करता है। बीवीके ने कहा कि विधानसभा में इस विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने से सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों की राजनीति से प्रेरित मंशा स्पष्ट हो गई है।

## मध्य प्रदेश के बैतूल में वायुसेना के दो कर्मचारियों की झरने में डूबने से मौत

**बैतूल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में पिकनिक के दौरान भारतीय वायुसेना के दो कर्मचारियो की झरने मे डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब वायुसेना के नौ कर्मचारियों का एक समूह शुक्रवार को बैतूल जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर धनोरा पारसदोह में पिकनिक मनाने गया था। पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) भूपेंद्र सिंह मौर्य ने बताया कि वायुसेना के आमला स्टेशन के कर्मचारी धनोरा पारसडोह में पिकनिक पर थे, तभी उनमे से दो झरने मे नहाते समय डूब गए। मौर्य के मुताबिक, वायुसैनिक विष्णु दत्त (20) और योगेंद्र धाकड़ (20) झरने मे लापता हो गए।

## भारत के आदित्य–एल1 यान ने 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की

**बेंगलुरु,।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि आदित्य-एल। अंतरिक्ष यान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर निकलकर धरती से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर कहा कि अब यह सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु। (एल1) की ओर अपना मार्ग तय कर रहा है। इसरो ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य एल। यान को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी)-सी57 के जरिए दो सितंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था।

## केरल के प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट सुकुमारन का निधन

**कोच्चि।** जानेमाने कार्टूनिस्ट और लेखक एस सुकुमारन पोट्टी का शनिवार को कोच्चि मे आयु संबंधी बीमारियो के कारण निधन हो गया। उनके परिवार के सदस्यो ने यह जानकारी दी। वह सुकुमार के नाम से मशहूर थे और 91 साल के थे। राज्य मे व्यंग्य चित्रकारो के संगठन नरमा कैराली के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे सुकुमार ने मातृभूमि, मलयाला मनोरमा और जनयुगम समेत मलयालम के अनेक अखबारो मे काम किया था। वह केरल कार्टून एकेडमी के भी प्रमुख थे। सुकुमार को 1996 मे व्यंग्य साहित्य के लिए केरल साहित्य अकादमी सम्मान से नवाजा गया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन समेत राज्य के अनेक नेताओ ने सुकुमार के निधन पर शोक-संवेदना प्रकट की।

## धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विवि ने छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश की शुरुआत की

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में स्थित धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश की शुरुआत की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।प्रभारी कुलपति डॉ. शैलेश एन हाडली ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विद्यार्थी बार एसोसिएशन समेत कई छात्राएं पिछले साल से मासिक धर्म अवकाश की मांग कर रही थीं। उन्होंने कहा, इसके मद्देनजर, छात्र कल्याण डीन सहित हमने इस सेमेस्टर से (मासिक धर्म) छुट्टी देने का फैसला किया है। ए छुट्टियां विद्यार्थियों को प्रत्एक सेमेस्टर में सांस्कृतिक और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए दी जाने वाली छह छुट्टियों का हिस्सा होंगी। छात्राएं ए छुट्टियां ले सकती हैं।उन्होंने कहा कि यह कदम छात्राओं के जीवन में बेहतरी लाने के प्रयासों का हिस्सा है।

# राजभवन के बाहर हिंसा और अंदर निगरानी की जाती है

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस सीवी आनंद बोस ने ममता सरकार पर परोक्ष रूप से साधा निशाना

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नीत सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि राजभवन के बाहर हिंसा और अंदर निगरानी की जाती है। बोस धूपगुड़ी से तृणमूल के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल चंद्र रॉय को राजभवन में शपथ दिलाने के लिए आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने वहां मौजूद पत्रकारों से कहा कि राजभवन के बाहर बहुत हिंसा होती है और अंदर निगरानी की जाती है। राज्यपाल ने पूर्व में भी शिकायत की थी कि उनकी निगरानी की जाती है। सूत्रों के मुताबिक बोस ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि उनकी बातचीत की टैपिंग और निगरानी की जा रही



है। उन्होंने राजभवन में जैमर और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली लगाने का अनुरोध किया था। राज्यपाल पूर्व में उन इलाकों का दौरा कर चुके हैं जहां इस साल जुलाई में राज्य में हुए पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा भड़की थी। विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों पर राज्य सरकार की सिफारिशों को दरकिनार करने और कुलपतियों की बैठक बुलाने के कारण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार और राज्यपाल बोस के बीच और तल्खी पैदा हो गई। तृणमूल के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल चंद्र रॉय ने पांच सितंबर को धूपगुड़ी के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार तापसी रॉय को 4,309 मतों के अंतर से हराया था। यह सीट पहले भाजपा विधायक बिष्णुपद रॉय के पास थी, जिनका जुलाई में निधन हो गया था। इस समारोह में तृणमूल के मुख्य सचेतक तापस रॉय और नवनिर्वाचित विधायक के परिवार के कुछ सदस्य मौजूद थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी इस अवसर पर नहीं आए। रॉय के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर राजभवन और राज्य सरकार के बीच एक सप्ताह से अधिक समय से गतिरोध था और दोनों पक्ष इस कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते थे। राज्य सरकार विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने की इच्छुक थी और राज्यपाल चाहते थे कि यह राजभवन में आयोजित किया जाए। आखिर यह निर्णय लिया गया कि बोस शनिवार को राजभवन में शपथ ग्रहण कराएंगे।

# बोपन्ना-भोसले ने लगाया स्वर्णिम शाट

## ●टेनिस में मिश्रित युगल स्वर्ण जीता



**भाषा।** हांगझोउ

**अनुभवी रोहन** बोपन्ना और रूतुजा भोसले ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपै के सुंग हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग को 2-6, 6 -3, 10-4 से हराकर एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। अब भारतीय टेनिस दल कम से कम एक स्वर्ण पदक लेकर लौटेगा। इस बार एशियाई खेलों में टेनिस में भारत की झोली में दो ही पदक गिरे जिनमें पुरूष युगल का रजत शामिल है। पहले सेट में भोसले को अपनी सर्विस और रिटर्न में काफी दिक्कत हुई और चीनी ताइपै के खिलाड़ियों ने उसे ही निशाना बनाया। उसने हालांकि दूसरे सेट में अपने खेल में जबर्दस्त सुधार करके कुछ शानदार रिटर्न लगाए। बोपन्ना ने कहा , हमें एक दूसरे की कमजोरियों और ताकत को समझना था। हम आज पहला सेट हार गए तो मैने कहा कि साइड बदल लेते हैं। हमें कुछ तो बदलाव करना ही था। उन्होंने कहा , वे बहुत अच्छा खेल रहे थे। मुझे ऐसा लग रहा था मानो मेरा पहला या दूसरा एशियाई खेल है। इतने साल खेलने के बाद मैं खुद को जल्दी ढाल लेता हूं। इस तरह के मैचों में यह बहुत जरूरी भी है। उन्होंने कहा कि अब वह भारत और पाकिस्तान का हॉकी मैच देखेंगे। उन्होंने कहा , मैं कुछ मैच देखना चाहता हूं। अभी तक मौका नहीं मिला लेकिन अब देखूंगा। भारत ने टेनिस में 2002 में बुसान में चार, 2006 में दोहा में चार, 2010 में ग्वांग्झू में पांच, 2014 में इंचियोन में पांच और 2018 में जकार्ता में तीन पदक जीते थे। साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन ने पुरूष युगल में रजत जीता है। एकल वर्ग में अंकिता रैना और सुमित नागल पहले ही हारकर बाहर हो गए। वहीं पुरूष युगल में बोपन्ना और युकी भांबरी भी शुरूआती दौर में उलटफेर का शिकार हो गए।

## पाक पस्त स्क्वाश में भारत ने जीता सोना

### ●आठ साल बाद पुरुष टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक




**हांगझोउ।** अभय सिंह ने उतार चढ़ाव भरे मैच मे गजब का संयम दिखाते हुए नूर जमां को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी फतह हासिल की जिससे शीर्ष वरीय भारत ने शनिवार को यहां एशियाई खेलो की पुरुष टीम स्क्वाश स्पर्धा मे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले मे हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। टूर्नामेंट शुरु होने से पहले भारतीय पुरुष टीम के आठ साल बाद शीर्ष स्थान पर रहने की उम्मीद थी जिसमे उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती मलेशिया और पाकिस्तान की थी। सौरव घोषाल की अगुआई वाली टीम इन दोनो प्रतिद्वंद्वियो की चुनौती से निपटकर सोना हासिल करने मे सफल रही। पाकिस्तान के खिलाफ भारत को लीग चरण में इस चिर प्रतिद्वंद्वी से हार मिली थी। जमां (113 रैंकिंग) ने लीग चरण के मैच में दुनिया के 69वे नंबर के खिलाड़ी अभय को हराया था और शनिवार को भी मैच मे ज्यादातर हिस्से मे यह पाकिस्तानी खिलाड़ी मुकाबले में भारी दिख रहा था। एकल मे नासिर इकबाल की जीत के बाद घोषाल स्कोर को।-। से बराबर करने मे सफल रहे जिससे स्वर्ण पदक का फैसला अभय और जमां के बीच मुकाबले से होना था। दिन के नायक चेन्नई के अभय रहे जिन्होने उतार चढ़ाव भरे निर्णायक मैच में गजब का संयम दिखाते हुए जमां को 3-2 से पराजित किया। जमां चौथे गेम में 9-7 से और निर्णायक गेम में 10-8 से आगे चल रहे थे। लेकिन भारतीय खिलाड़ी अभय किसी तरह वापसी कर 64 मिनट तक मैराथन मुकाबले मे 11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-10 के स्कोर से यादगार जीत दर्ज की। इस जीत के बाद उन्होंने अपना रैकेट हवा में उछाल दिया।अभय ने कहा, हमे तीन रात पहले भी जीत दर्ज करनी चाहिए थी क्योकि हमारी टीम उनसे बेहतर थी। मै आज की जीत से खुश हूं। जश्न मनाने का समय नही है क्योकि कल हमारे मैच है। भारत के सबसे ऊंची 19 रैंकिंग वाले खिलाड़ी घोषाल ने कहा, परिस्थितियो को देखते हुए यह निश्चित रूप से अभय के करियर की सबसे बड़ी जीत है। अभय 2017 मे पेशेवर बने थे और उनके बारे में लोग ज्यादा नही जानते लेकिन शनिवार की इस जीत से इसमे काफी बदलाव आना चाहिए। मैच 2-2 की बराबरी के बाद यह साफ दिख रहा था कि उन्हें अपने साथी खिलाड़ियों से कोई सलाह नही चाहिए। पहले एशियाई खेलो में वह काफी आत्मविश्वास से भरे दिख रहे थे। इससे पहले अनुभवी घोषाल ने मोहम्मद असीम खान पर 3-0 (11-5, 11-।, 11-3) की जीत से भारत को मुकाबले मे वापसी कराई क्योंकि महेश मंगावंकर शुरुआती मैच में इकबाल नासिर से इसी अंतर (8-11, 2-11. 3-11) से हार गए थे। भारत ने इस तरह लीग चरण मे पाकिस्तान से मिली शिकस्त का बदला चुकता किया। भारत ने इंचियोन 2014 चरण मे पुरुष टीम स्क्वाश स्वर्ण पदक जीता था जबकि पाकिस्तान ने पिछला स्वर्ण पदक ग्वांग्झू 2010 मे जीता था। घोषाल अपना छठा एशियाड खेल रहे है और अब उनका ध्यान व्यक्तिगत स्पर्धा मे पहला स्वर्ण पदक जीतने का होगा




## टेटे में सुर्तीथा-अयहिका का पदक पक्का



**हांगझोउ।** सुर्तीथा मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने शनिवार को यहां एशियाई खेलो मे चेन मेंग और यिदी वांग की चीन की विश्व चैम्पियन जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए भारत के लिए ऐतिहासिक टेबल टेनिस पदक पक्का किया। क्वार्टरफाइनल मे सुर्तीथा और अयहिका ने 11-5, 11-5, 5-11, 11-9 से जीत हासिल की और दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ यह जीत इसलिए भी अहम है क्योकि भारत ने एशियाड मे महिला युगल स्पर्धा मे कभी भी पदक नही जीता है। भारतीय खिलाड़ियों ने अपने से बेहतर प्रतिद्वंद्वियो को शुरू से ही सहज नही होने दिया और पहला गेम महज आठ मिनट मे जीत लिया। दूसरे गेम मे भी भारतीयो ने महज नौ मिनट मे जीत दर्ज की जिसे चीन की खिलाड़ियों ने काफी अनफोर्स्ड गलतियां की। घरेलू टीम ने वापसी करते हुए तीसर गेम जीता लेकिन सुतीर्था और अयहिका ने एकजुट होकर चौथा गेम जीतकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही एकल वर्ग मे भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पुरुष युगल में भारत के मानुष शाह और मानव ठक्कर को दक्षिण कोरिया के वूजिन जांग और जोगहुन लिम के हाथो 8-11, 11-7, 10-12, 11- , 9-11 से पराजय झेलनी पड़ी।

## भारतीय खिलाड़ी लंबी कूद, 1500 मीटर, महिला 100 मीटर बाधादौड़ के फाइनल में

**हांगझोउ।** भारतीय बाधा धाविका ज्योति याराजी और नित्या रामराज ने एशियाई खेलो मे महिलाओ की सौ मीटर बाधा दौड़ के फाइनल मे प्रवेश कर लिया जबकि लंबी कूद मे मुरली श्रीशंकर और जेस्विन एल्ड्रिन ने फाइनल मे जगह बनाई। एशियाई चैम्पियन याराजी 13 . 03 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट मे दूसरे स्थान पर रही। चीन की युवेइ लिन शीर्ष रही। नित्या रामराज अपनी हीट में पांचवे स्थान पर रही लेकिन 13 . 30 सेकंड के समय के साथ दूसरी सबसे तेज लूजर के रूप मे क्वालीफाई कर लिया। लंबी कूद मे राष्ट्रमंडल खेलो के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने स्वत: क्वालीफिकेशन मार्क 7 . 90 मीटर से ऊंची कूद लगाकर फाइनल मे जगह बनाई। श्रीशंकर का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 8 . 41 मीटर है। उन्होंने 7 . 97 मीटर की कूद लगाई। वही जेस्विन ने 7 . 67 मीटर की कूद लगाई थी जो स्वत: क्वालीफिकेशन के लिए पर्याप्त नही थी।

## भारत के आनंद और सिद्धांत पुरूषों की स्पीड स्केटिंग 10000मीटर में छठे और सातवें स्थान पर

**हांगझोउ।** भारत के आनंद कुमार वेलकुमार और सिद्धांत कांबले ने एशियाई खेलो मे पुरुषो की स्पीडस्केटिंग 10000 मीटर फाइनल में क्रमश: छठा और सातवां स्थान हासिल किया। आनंद ने 15 : 40.978 और सिद्धांत ने 15 : 57.944 का समय निकाला। दक्षिण कोरिया के बायोनी जियोंग ने 15 : 39. 867 के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन के झांग झेनहाइ को रजत और कोरिया के चोइ इन्हो को कांस्य पदक मिला। महिलाओ के वर्ग मे अराती कस्तूरी राज पांचवे और हीरल साधू सातवे स्थान पर रही। चीनी ताइपै की पेइ यू शिह को स्वर्ण और हो चेन यांग को रजत पदक मिला। दक्षिण कोरिया की यू गाराम को कांस्य पदक मिला।

## एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश- | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 114 | 68 | 34 | 216 |
| जापान | 28 | 38 | 39 | 105 |
| कोरिया | 27 | 29 | 54 | 110 |
| भारत | 10 | 14 | 14 | 38 |
| उज्बेकिस्तान | 10 | 11 | 16 | 37 |
| थाईलैंड | 8 | 4 | 14 | 26 |

## हैंडबॉल में महिला टीम का अभियान जीत के साथ खत्म

**हांगझोउ।** भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने निचली रैंकिंग वाली नेपाल टीम को अपने आखिरी मैच में हराकर एशियाई खेलों में एकमात्र जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। भारत पांचवे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने ग्रुप बी के मैच में नेपाल को 44 . 19 से हराया। भारत के लिए निधि शर्मा ने सर्वाधिक 11 अंक बनाए। पहले दो मैचों में भारत को 2018 के रजत पदक विजेता जापान और कांस्य पदक विजेता चीन ने हराया था। वही हांगकांग के खिलाफ एक मैच ड्रॉ रहा था।

## कुराश : पिंकी क्वार्टर फाइनल में हारी, केशव और सुचिका भी बाहर

**हांगझोउ।** जकार्ता एशियाई खेल 2018 की रजत पदक विजेता भारत की पिंकी बलहारा एशियाई खेलो की कुराश स्पर्धा मे महिलाओ के 52 किलो क्वार्टर फाइनल मे हारकर बाहर हो गई। पिंकी को उजबेकिस्तान की सितोरा एल्मुरोडोवा ने हराया। इससे पहले पिंकी ने दक्षिण कोरिया की जो यि ली को 5-3 से हराया। उसने अंतिम 32 मे एशिरिन हेडारोवा को 5-0 से मात दी थी। भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। सुचिका तरियाल महिलाओ के 52 किलो वर्ग मे अंतिम 32 से ही बाहर हो गई। उन्हे फिलीपीस की चार्मिया किलिनो ने 8 . 3 से हराया। वही पुरुषो के 66 किलोवर्ग मे केशव को दक्षिण कोरिया के जेडियोग क्वोन ने 10 .0 से मात दी।

## महिला बास्केटबॉल टीमक्वार्टर फाइनल में, पुरुष टीम बाहर

**हांगझोउ।** भारतीय महिला 3x3 बास्केटबॉल टीम ने शनिवार को यहां एशियाई खेलो के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया, लेकिन पुरुषो का अभियान प्री-क्वार्टर फाइनल चरण मे समाप्त हो गया। महिला टीम ने अंतिम-16 चरण के अपने मैच मे मलेशिया को 16-6 से हराया। इस मैच में वैष्णवी यादव ने अपने खेल से प्रभावित करते हुए नौ अंक हासिल किए। महिला टीम उज्बेकिस्तान को हराकर अपने ग्रुप मे दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले सत्र की स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। क्वार्टर फाइनल मे महिला टीम के सामने चीनी ताइपै की चुनौती होगी। पुरुषो के वर्ग मे भारतीय टीम को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। ईरान ने करीबी मुकाबले मे भारत को 19-17 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। प्रिसपाल सिंह ने भारत के लिए नौ अंक बनाए लेकिन यह टीम को आगे ले जाने के लिए काफी नही था।

## मैं दिमाग से चोट का ख्याल भी निकाल देना चाहता हूं : नीरज चोपड़ा

**हांगझोउ।** लंबे समय से ग्रोइन की चोट से परेशान ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों में इस चोट के बारे में सोचना भी नही चाहते। चोपड़ा ने जकार्ता में 2018 में भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इस चोट के बावजूद उन्होंने इस सत्र में अगस्त मे बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप जीती और सितंबर मे डायमंड लीग मे दूसरे स्थान पर रहे। मै स्विटजरलैंड में अभ्यास और इत्मीनान से रिहैब के बाद यहां आया हूं।

# सरबजोत और दिव्या ने चलाई चांदी की गोली



### ●10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत

**भाषा।** हांगझोउ

**अपना जन्मदिन** मना रहे भारत के सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन की जोड़ी से हार गए और रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने इन खेलों में निशानेबाजी में छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य समेत 19 पदक जीत लिए हैं। भारतीय जोड़ी को चीन के विश्व चैम्पियन झांग बोवेन और जियांग रेंशिन की जोड़ी ने फाइनल 16 . 14 से हराया। पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में अर्जुन सिंह चीमा और शिवा नरवाल के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले सरबजोत भारत को स्वर्ण दिलाने के करीब थे लेकिन दिव्या ने आखिर में कुछ खराब निशाने लगाए जिससे चीन ने बढत बना ली। आखिरी शॉट पर 9.9 लगाने वाले 22 वर्ष के सरबजोत ने कहा , मैं थोड़ा नर्वस था। बहुत ज्यादा दबाव था। मैने मैच के पहले और बाद में पेट से सांस लेने का अभ्यास किया। दिव्या ने कहा , हमने अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल्स में अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। पहले से आखिरी शॉट तक मुझे मजा आया। महिला दस मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली दिव्या ने कहा , अगले साल पेरिस ओलंपिक है और मैं क्वालीफाई करने की पूरी कोशिश कर रही हूं। हमारे पास अच्छे कोच हैं जिन्हें मैं धन्यवाद देना चाहती हूं। क्वालीफिकेशन में सरबजोत ने 291 स्कोर किया जबकि दिव्या का स्कोर 286 रहा। दोनों का कुल स्कोर 577 रहा और वे क्वालीफिकेशन में चीन से एक अंक आगे रहे थे लेकिन फाइनल में चीनी जोड़ी ने बाजी मार ली। वहीं ट्रैप स्पर्धा के पहले दिन कीनान चेनाई 75 में से 73 स्कोर करके दूसरे स्थान पर है। पुरूषों की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में 25 . 25 शॉट के तीन दौर में जोरावर सिंह संधू 72 स्कोर करके छठे स्थान पर रहे। भारत के पृथ्वीराज टोंडाइमान 70 अंक लेकर 19वें स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी कुल 215 अंक के साथ कुवैत से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। रविवार को 25 . 25 शॉट के दो दौर और खेले जाएंगे जिससे टीम पदक विजेताओं का निर्धारण होगा। क्वालीफिकेशन में शीर्ष छह स्थान पर रहे निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। महिलाओं के व्यक्तिगत ट्रैप में प्रीति रजक छठे, मनीषा कीर 12वें और राजेश्वरी कुमारी 16वें स्थान पर रही।

## कार्तिक ने 10,000 मीटर में रजत, गुलवीर ने कांसा जीता



**हांगझोउ।** भारत के लंबी रेस के एथलीट कार्तिक कुमार और गुलवीर सिंह ने शनिवार को यहां एशियाई खेलो की पुरुष 10,000 मीटर रेस स्पर्धा मे क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। कार्तिक ने 28:15.38 सेकेंड के समय से रजत और गुलवीर ने 28:17.21 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। दोनो भारतीय अंतिम 100 मीटर मे पदक की दौड़ मे शामिल हुए जब तीन साथी प्रतिस्पर्धी टकराकर एक दूसरे के ऊपर गिर गए। बहरीन के बिहानू एमाताव ने 28:13.62 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। कार्तिक का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 28:55.00 सेकेंड था जो उन्होने पिछले साल राष्ट्रीय खेलो मे कांस्य पदक जीतकर हासिल किया था। उन्होंने जून मे राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप मे 29:01.84 सेकेंड से स्वर्ण पदक जीता था। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के कार्तिक ने कहा, मै जानता था कि मै पदक जीतूंगा लेकिन मै 27:50 सेकेंड समय से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ आया था।

## भारतीय महिला टीम वॉलीबॉल में पहला मैच हारी

**हांगझोउ।** भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की एशियाई खेलो में शुरूआत निराशाजनक रही जिसे पहले मैच मे उत्तर कोरिया ने 3 -1 से हरा दिया। भारत ने पहला सेट जीता लेकिन लय बरकरार नही रख सके। पूल ए के इस मैच में उत्तर कोरिया ने उसे 23 . 25, 25 . 22, 25 . 17 से हराया। उत्तर कोरिया की योजू किम ने 30 अंक बनाए जबकि भारत की सूर्या ने 18 अंक जोड़े।

## लिमए इवेंटिंग ड्रेसेज में शीर्ष, भारत तीसरे स्थान पर

**हांगझोउ।** भारत के आशीष लिमए एशियाई खेलो मे शनिवार को घुड़सवारी मे इवेंटिंग ड्रेसेज स्पर्धा मे शीर्ष रहे। लिमए ने सिर्फ 26 . 90 पेनल्टी अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत के अपूर्व दाभाडे आठवें और विकास कुमार 16वे स्थान पर रहे जिनका स्कोर क्रमश: 29 . 60 और 32 . 40 था। टीम वर्ग मे भारत 88 . 90 पेनल्टी अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इवेंटिग स्पर्धा तीन दिन तक चलती है जिसमें घोड़ा और राइड साथ मे ड्रेसेज, क्रॉस कंट्री और शो जंपिंग मे भाग लेते है।


## अदिति स्वर्ण के करीब

**हांगझोउ।** ओलंपियन अदिति अशोक ने तीसरे दौर में 11 अंडर 61 का स्कोर किया और एशियाई खेलो की गोल्फ स्पर्धा मे ऐतिहासिक व्यक्तिगत स्वर्ण के करीब पहुंच गई। अदिति को अब अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी से सात शॉट की बढत हासिल है। वही भारतीय महिला टीम को थाईलैंड पर एक शॉट की बढत मिली हुई है।

## भारतीय महिला शतरंज टीम ने वियतनाम को हराया, पुरुष टीम को उज्बेकिस्तान ने ड्रॉ पर रोका

हांगझोउ। आर वैशाली के शानदार खेल के दम पर दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला शतरंज टीम ने शनिवार को यहां एशियाई खेलो की टीम स्पर्धा के दूसरे दौर मे वियतनाम पर 2.5-1.5 से जीत दर्ज की। शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम को उज्बेकिस्तान की मजबूत टीम ने 2-2 से बराबरी पर रोका। इस स्पर्धा सभी चार मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। वैशाली ने काले मोहरों से खेलते हुए महिला ग्रैंडमास्टर वो थी किम फुंग के खिलाफ शुरुआती मुकाबले मे जीत दर्ज की।
देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी कोनेरू हंपी और वंतिका अग्रवाल ने इसके बाद अपने-अपने मुकाबले ड्रॉ खेले। इसके बाद वी सविता श्री भी वियतनाम की थी बाओ ट्राम होआंग को बराबरी पर रोकने मे सफल रही। पुरुषो मे डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी ने क्रमश: नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव, जवाखिर सिंदारोव, नोदिरबेक याकुबोएव, शम्सिद्दीन वोखिदोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेला।

## मीराबाई चानू चौथे स्थान पर रहीं



**हांगझोउ।** भारत की शीर्ष भारोत्तोलक मीराबाई चानू का एशियाई खेलो मे अभियान निराशानजक तरीके से समाप्त हुआ जिसमे यह ओलंपिक पदक विजेता शनिवार को महिलाओं की 49 किग्रा स्पर्धा में खुद को चोटिल कर बैठी और चौथे स्थान पर रही। स्नैच मे निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चानू दबाव में थी और क्लीन एवं जर्क में 117 किग्रा वजन उठाने की कोशिश कर रही थी जिससे तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक कांस्य पदक जीत सकती थी लेकिन दो बार ऐसा करने में विफल रही। अंतिम प्रयास मे वह अपनी पीठ के बल गिर गई और कोचिंग स्टाफ को उन्हे स्टेज से ले जाना पड़ा। चानू ने कुल 191 किग्रा (83 किग्रा 108 किग्रा) का वजन उठाया जिससे वह चौथे स्थान पर रही। बिंदयारानी देवी भी पोडियम तक नही पहुंच सकी और वह महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में पांचवे स्थान पर रही। उन्होंने कुल 196 किग्रा (83 किग्रा 113 किग्रा) का वजन उठाया। चानू की कैबिनेट मे सिर्फ एशियाड पदक की कमी है और वह इस बार इसे पूरा करने की कोशिश कर रही थी। स्नैच वर्ग में उन्होंने 83 किग्रा का वजन उठाकर शुरुआत की लेकिन यह इस वर्ग मे उनका एकमात्र वैध प्रयास रहा। वह 86 किग्रा उठाने के दो प्रयासो मे विफल रही। अंतिम स्नैच मे वह स्क्वैट पाजीशन से उठ ही नही सकी और आगे की ओर गिर गइ(

# भारत ने पाक को रौंद डाला

## हरमनप्रीत के चार गोल

**भाषा।** हांगझोउ



**कप्तान हरमनप्रीत** सिंह ने चार गोल किए जिससे भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के पूल ए के एकतरफा मैच में शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 10-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। पाकिस्तान के खिलाफ गोल अंतर के हिसाब से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। हरमनप्रीत ने 11वें, 17वें, 33वें और 34वें मिनट में गोल किए जबकि वरुण कुमार (41वें और 54वें) ने दो गोल किए। मनदीप सिंह (आठवें), सुमित (30वें), शमशेर सिंह (46वें) और अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे ललित कुमार उपाध्याय (49वें)गोल करने वाले अन्य खिलाड़ी रहे। पूरी तरह से भारतीय दबदबे वाले मुकाबले में मोहम्मद खान (38वें) और अब्दुल राणा (45वें) ने गोल कर पाकिस्तान के हार के अंतर को कम किया।
यह दोनों टीमों के बीच 180वां मैच था और आठ गोल के अंतर से मिली जीत भारत-पाकिस्तान हॉकी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत है।पाकिस्तान के खिलाफ भारत की इससे पहले सबसे बड़ी जीत का अंतर 2017 में 7-। था।

# न्यूजीलैंड को विलियमसन से खिताब की उम्मीद

**भाषा।** मुंबई

**न्यूजीलैंड की** टीम एकदिवसीय विश्व कप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी खिताब जीतने में अब तक विफल रही है। टीम पिछले चार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। केन विलियमसन की अगुवाई में टीम 2019 में फाइनल में पहुंच कर खिताब के बेहद करीब पहुंच कर चैम्पियन बनने से चूक गई। नियमित ओवरों के खेल के बराबरी पर छूटने के बाद सुपर ओवर में भी दोनों टीम का स्कोर बराबर रहा। इसके बाद अधिक बाउंड्री लगाने के अजीब नियम के कारण इंग्लैंड की टीम विजेता बनी। आंकड़े हालांकि इस बात की तस्दीक करते है कि भारत में न्यूजीलैंड को संघर्ष करना पड़ता है लेकिन विश्व कप में यह टीम हमेशा अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाती रही है। न्यूजीलैंड की टीम का विश्लेषण इस प्रकार है। मौका: विलियमसन, बोल्ट और साउथी की तिकड़ी के लिए यह विश्व कप न्यूजीलैंड के लिए एक और आईसीसी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका हो सकता है। कॉनवे ने इस साल चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत में सफेद गेंद प्रारूप में अपनी सफलता को और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक होगा। मिशेल बल्ले और गेंद दोनों से न्यूजीलैंड के लिए अहम खिलाड़ी रहे हैं। फिलिप्स, विल यंग और यहां तक कि रचिन रवींद्र भी अपना योगदान देना चाहेंगे। खतरा: भारत में खराब रिकॉर्ड के अलावा न्यूजीलैंड को इस साल मई में पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं पर पांच मैचों की श्रृंखला में 4-। से हराया था। न्यूजीलैंड ने हालांकि जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ 2-। और हाल ही में बांग्लादेश को उसके घरेलू मैदान पर तीन मैचों की श्रृंखला को 2-0 से जीतकर विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता किया है।

**मजबूती:** विश्व कप मे टीम हमेशा अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए जानी जाती है। टीम 2015 और 2019 मे पिछले दो आयोजनो मे फाइनल मे पहुंचने मे सफल रही थी। उसने 2021 मे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के साथ आईसीसी के खिताबी सूखे को खत्म किया। टीम मे युवा और अनुभव का शानदार मिश्रण है। डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ियो को विलियमसन, टिम साउथी और ट्रेंट बोल्ट का मार्गदर्शन मिलेगा।
**कमजोरी:** भारत मे न्यूजीलैंड का एकदिवसीय रिकॉर्ड काफी निराशाजनक है। टीम ने 61 मैचो मे केवल 18 जीत दर्ज की है। उसे 47 मैचो मे हार का सामना करना पड़ा है जबकि दो मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुए है। विलियमसन इंग्लैड के खिलाफ अहमदाबाद मे न्यूजीलैंड के शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध नही होगे क्योकि वह घुटने की चोट से जूझ रहे है। उन्हें यह चोट आईपीएल 2023 के दौरान लगी थी।



# प्रीति को ओलंपिक कोटा

## ● तीन मुक्केबाजों ने पदक पक्के किए



**हांगझोउ।** भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने एशियाई खेलों में शनिवार को महिलाओं के 54 किलो सेमीफाइनल में प्रवेश करके पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया और पदक भी पक्का कर लिया। वहीं लवलीना बोरगोहेन और नरेंदर ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। उन्नीस वर्ष की प्रीति ने तीन बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता और मौजूदा एशियाई चैम्पियन कजाखस्तान की जाइना शेकेरबेकोवा को 4 . । से हराया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को पहले दौर में बाय मिला था। उसने दक्षिण कोरिया की सियोंग सुयोन महिलाओं के 75 किलो वर्ग में 5-0 से हराया। नरेंदर (92 किग्रा) ने भी इसी अंतर से ईरान के रामेजानपोर देलावर को हराकर अंतिम चार चरण में जगह बनाई। लवलीना और नरेंदर ओलंपिक कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है। सचिन सिवाच ने कुवैत के तुर्की अबुकुथाईलाह से वॉकओवर मिलने से 57 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव का सफर 2021 विश्व चैम्पियन सेवोन ओकाजावा से 0-5 की हार से खत्म हो गया।

## भारतीय पुरुष टीम दूसरे स्थान पर कायम, मिश्रित टीम चौथे स्थान पर

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष टीम शनिवार को यहां एशियाई खेलो की ब्रिज स्पर्धा मे दूसरे स्थान पर बरकरार है और मिश्रि टीम एक स्थान के सुधार से चौथे स्थान पर पहुंच गई है लेकिन महिला टीम सातवें स्थान पर खिसक गई है। भारतीय पुरुष टीम 196 बोर्ड पर 205.98 अंक से दूसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि हांगकांग ने जापान के पछाड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया है। पुरुषो के मैच मे भारत ने फिलीपीस और पाकिस्तान पर जीत हासिल की।

## भारतीय खिलाड़ी कैनो और कयाक स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे

**हांगझोउ।** भारत के नीरज वर्मा के अलावा पुरुष और महिला युगल जोड़ियो ने शनिवार को यहां एशियाई खेलो मे कैनो स्प्रिंट स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हीट एक मे अंतिम क्वालिफिकेशन से चूकने के बाद नीरज ने कैनो एकल 1000 मीटर सेमीफाइनल मे 4:31.626 सेकेंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

## 2023 विश्व कप भारत के लिए मेरा अंतिम विश्व कप हो सकता है: अश्विन



### बारिश से धुला भारत-इंग्लैंड अभ्यास मैच

**गुवाहाटी।** भारत और इंग्लैड के बीच यहां विश्व कप अभ्यास मैच लगातार बारिश के कारण धुल गया। शनिवार दोपहर मैच शुरु होने से थोड़ी देर पहले ही बारिश शुरु हो गई जिसके कारण टॉस होने मे देरी हुई लेकिन शाम मे अंपायरो ने खराब मौसम के कारण पहले मैच रद्द करने का फैसला किया।

**गुवाहाटी।** रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को स्वीकार किया कि पांच अक्टूबर से शुरु होने वाला आगामी विश्व कप भारत की ओर से उनका अंतिम विश्व कप हो सकता है जिसमे इस अनुभवी स्पिनर को चोटिल अक्षर पटेल की जगह मेजबान टीम की 15 सदस्ईय टीम मे शामिल किया गया है। अश्विन ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त श्रृंखला के पहले दो वनडे में शानदार प्रदर्शन किया और इसके बाद उन्हें पटेल की जगह टीम में चुना गया। भारत के शनिवार को यहां गत चैम्पियन इंग्लैड के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले 37 वर्षीय अश्विन ने मैच से पूर्व बातचीत में यह बात स्वीकार की। अश्विन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, अच्छी लय मे हूं और इस टूर्नामेंट का लुत्फ ले रहा हूं जो मुझे अच्छी लय मे रखेगा। यह भारत के लिए मेरा अंतिम विश्व कप हो सकता है इसलिए टूर्नामेंट का आनंद लेना सबसे अहम है।

## स्टोक्स की वापसी से मजबूत हुई बटलर की टीम, पर स्पिनरों के खिलाफ करना होगा चुनौती का सामना

**मुंबई ।** दिग्गज हरफनमौला बेन स्टोक्स के संन्यास से वापस आने और 2019 का खिताब जीतने वाली टीम के ज्यादातर सदस्यों की मौजूदगी के कारण इंग्लैड पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के दौरान भारत में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियो मे पिछली सफलता को दोहराना चाहेगा। इंग्लैड की टीम मे गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागो मे विकल्प की कोई कमी नही है लेकिन टीम के लिए भारत की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाना चुनौतीपूर्ण होगा। टीम के खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग मे खेलने के अपने अनुभव का विश्व कप मे फायदा उठाना चाहेंगे।जोस बटलर की अगुवाई मे टीम पांच अक्टूबर को गत उपविजेता न्यूजीलैड के खिलाफ अहमदाबाद में अपने विश्व कप अभियान का आगाज करेगी।इंग्लैड की टीम का विश्लेषण इस प्रकार है। मजबूती:स्टोक्स की मौजूदगी से टीम काफी मजबूत दिख रही है। उनके पास ऐसे कई खिलाड़ी भी है जो जानते है कि वैश्विक टूर्नामेंट कैसे जीता जाता है।टीम का बल्लेबाजी क्रम लंबा है और इस प्रारूप मे बेखौफ बल्लेबाजी किसी भी टीम को दबाव में ला सकती है।खराब फॉर्म मे चल रहे जेसन रॉय के स्थान पर हैरी ब्रूक को शामिल करने से बल्लेबाजी और मजबूत हुई है। उनके पास जो रूट जैसे अनुभवी बल्लेबाज है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर रिजर्व खिलाड़ी होंगे, लेकिन मार्क वुड की तेज गति और लेग स्पिनर आदिल राशिद भारतीय पिचो पर उनके लिए महत्वपूर्ण होंगे। कमजोरी:विश्व कप से पहले इंग्लैड को उपमहाद्वीप की परिस्थितियों मे ज्यादा खेलने का मौका नही मिला है। टीम ने घरेलू परिस्थितियो मे न्यूजीलैड को 3-। से हराया था लेकिन टूर्नामेंट में खेल रही कुछ अन्य टीमों की तरह उसने हाल-फिलहाल मे उपमहाद्वीप में नही खेला है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।